

आज



शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, रविवार ११ अक्तूबर, २०२६ सौर २५, आश्विन शुक्ल १, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

KP GROUP Quality Since 1965

नया दशन पैक

30% EXTRA

KP GROUP Quality Since 1965

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ₹

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors
Chewing of pan masala is injurious to health

पितृ विसर्जन पर गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

तिल, जल और कुश के माध्यम से किया तर्पण

गाजीपुर। पितृ विसर्जन के अवसर पर शनिवार को गाजीपुर नगर सहित जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए विधि-विधान से श्राद्ध एवं तर्पण किया। सुबह से ही घाटों पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिन चढ़ने के साथ बढ़ता गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पितरों को जल अर्पित किया और परंपरानुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।नगर के ददरी घाट, कलक्टर घाट, चीतनाथ घाट और अन्य गंगा तटों पर पितरों के निमित्त तर्पण करने वालों की आवाजाही बनी रही। कई परिवारों ने पुरोहितों की देखरेख में श्राद्ध कर्म कराया। इसके साथ ही पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का महापर्व पितृ पक्ष संपन्न हो गया। गंगा तटों पर पुरोहितों के सानिध्य में लोगों ने तिल, जल और कुश के माध्यम से तर्पण कर अपने पितरों को भावभीनी विदाई दी। जमानिया प्रतिनिधि के अनुसार-पितृ पक्ष की अमावस्या पर शनिवार को नगर के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। 16 दिनों तक चले पितृ आराधना के अंतिम दिन तड़के सुबह से ही गंगा तटों पर भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विधि-विधान से किए गए इस अनुष्ठान से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।पंडित उद्धव पाण्डेय ने बताया कि आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ या पितृ विसर्जनी अमावस्या कहा जाता है, जो पितृ पक्ष का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। पितृ पक्ष के समापन पर श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य अनुसार ब्राह्मणों को भोजन कराया और जरूरतमंदों को अन्न व वस्त्र का दान किया। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- पितृ पक्ष के अंतिम दिन पितृ विसर्जन पर हिंदू परिवार अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर गंगा सहित विभिन्न नदियों, सरोवरों और तालाबों के किनारे पिंडदान, तर्पण तथा जल अर्पित कर पितरों को श्रद्धापूर्वक विदाई दी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विधि-विधान से किए गए इस अनुष्ठान से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।



पितरों की विदाई के लिए गंगा घाट पर उमड़ी भीड़। छाया:आज

पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

दिलदारनगर, गाजीपुर। शारदीय नवरात्र को लेकर पूजन समाग्री कि खरीदारी करने के लिए श्रद्धांलुओं कि उमड़ी भीड़। 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा हैं।नगर में पूजन समाग्री कि दुकाने सजी। शनिवार से पितृ विसर्जन के बाद बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारों की उमडी भीड़ ने पूजन का सामान नारियल आदि की खरीदारी की । सुबह से देर शाम तक पूजन सामग्री चुनरी की दुकान पर काफी भीड़ देखने को मिली नवरात्र को देखते हुए शनिवार को बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचकर पूजन समाग्री सहित फलों कि खरीदारी किए इस पर्व को लेकर नगर के बाजारों में जगह जगह पूजन समाग्री कि दुकाने सजी रही जहाँ पर महिलाओं नें पुजा से संबंधित समानों कि खरीदारी किया।



धनराशि से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान करते एमएलसी व डीएम। छाया:आज

मृतक बाबूराम के परिजनों से मिले एमएलसी विशाल सिंह और डीएम

हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

गाजीपुर। एमएलसी विशाल सिंह चंचल, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को मृतक बाबूराम के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि ने परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का भरोसा दिलाया। इससे पहले गुरुवार को एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की ओर से मृतक के परिजनों को सहायता धनराशि से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। परिजनों को आश्वस्त किया गया कि परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी उपलब्ध कराने सहित हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। एमएलसी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान और नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

काली पट्टी बांधकर गरजे लेखपाल

करीमुद्दीनपुर (गाजीपुर)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार को करीमुद्दीनपुर थाने पर आयोजित थाना दिवस के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लेखपालों ने अपनी मांगों के समर्थन में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों को लेकर आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। आठ तारीख को ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार किया गया था, जबकि पिछले शनिवार को तहसील दिवस का बहिष्कार किया गया। आंदोलन के अगले चरण में 12 तारीख को मोटरसाइकिल जुलूस निकालने और 14 तारीख को रक्तदान करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 17 तारीख से समस्त कार्यों का बहिष्कार कर तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

बिना अभिलेख नक्शे के थाना दिवस पर पहुंचे लेखपाल

एसडीएम ने लगायी फटकार

मरदह, गाजीपुर। थाना परिसर में आयोजित थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में एसडीएम कासिमाबाद संजय कुमार कुशवाहा ने प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु उपस्थित लेखपालों को जब ग्राम पंचायतवार पूर्व में पड़े प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के विवरण लिखने के लिए कहा तो अधिकांशत: लेखपाल जो बिना अभिलेखों के बस्ते एवं डायरी के पहुँचे थे मोबाइल में सूचना दर्ज करने लगे। ऐसा करता देख एसडीएम ने जब उनके बस्ते एवं अभिलेख दिखाने के लिए कहा तो काफी संख्या में लेखपालों के पास अभिलेख नक्शा तो दूर डायरी भी नही थी। सभी अगल -बगल झाँकने लगे ऐसा देखकर एसडीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुए घोर लापरवाही बताते हुए नोटिस जारी करने की चेतावनी देते हुए सुधरने की सख्त हिदायत दी। मरदह थाना दिवस पर कुल 9 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमे 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चार के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम को भेजा गया।इस अवसर पर मरदह थानाध्यक्ष अनिल सिह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

थाना दिवस पर जनता की समस्याओं का हुआ निस्तारण

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। थाना दिवस के अवसर पर मोहम्मदाबाद कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई जनता की समस्याओं का निवारण थाना अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह और नायब तहसीलदार नीतीश कुमार शाही के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम के दौरान आम जनता ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित वादों का निस्तारण किया गया। वहीं, नायब तहसीलदार नीतीश कुमार शाही ने राजस्व संबंधी मामलों पर जनता की सुनवाई की और उनका समाधान किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण करना है। जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें न्याय और समाधान के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ता। प्रशासन की यह पहल आम जनता और पुलिस-प्रशासन के बीच विश्वास बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

अंतिम संस्कार में शामिल होने गया युवक की गंगा में डूबा



मरदह, गाजीपुर। रिश्तेदारी में मृत महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने हेतु गाज़ीपुर श्मशान घाट गए मरदह थाना के कोड़री गांव निवासी राकेश कुमार की नहाने के दौरान शुक्रवार की शाम को गंगा नदी में डूबने से मृत्यु हो गयी। शाम से ही अनवरत तलाश के बाद अब तक शव नही मिल सका है। इस घटना से कोडरी गांव में मातम छाया हुआ है। राकेश कुमार अपने बड़े भाई राजेश की सास निवासी बबेड़ी गाज़ीपुर की मृत्यु होने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गाजीपुर आए थे।गंगा नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी मे जाकर डूबने से उनकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु की सूचना पर पुलिस सहित एनडीआरएफ टीम एवं ग्रामिणो द्वारा काफी तलाश के बाद भी राकेश का शव नही मिला।दो भाइयों में छोटे राकेश कुमार घर पर रह कर कृषि कार्य करते थे। उनके हादसे के शिकार होने पर उनकी पत्नी संगीता एकलौती पुत्री श्रेया उम्र तीन वर्ष सहित पिता अलगु राम मां कांति देवी के रोने बिलखने से गांव में मातम छाया हुआ है।

१२ को लखनऊ में जुटेंगे एनएचएम संविदा कर्मी

गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों का जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय पर चल रहा तीन दिवसीय शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया। हालांकि, मांगों पर समाधान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए संविदा कर्मी 12 अक्टूबर 2026 को लखनऊ के इको गार्डन में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र शेखर सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के एनएचएम संविदा कर्मचारी लखनऊ में एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करेंगे।

विद्युत तार लटकाने से ग्रामीण परेशान

बरही, गाज़ीपुर। बिरनो थाना अंतर्गत ग्राम सभा नसरतपुर टड़िया का एक मामला प्रकाश में आया है यह मामला जुलाई 2026 का है। नसरतपुर टांडिया गांव के रहने वाले महेश राजभर का पुत्र करंट की चपेट में आ गया था, करंट के झटके से उसकी जिंदगी बाल बाल बच गई। विद्युत तार काफी दिनों से लटका हुआ है, जब भी लोग उस तार के समीप पहुंचते हैं तो लोग लटक कर रोड को क्रॉस करते हैं, करंट के झटके से घायल युवा के परिजनों को विद्युत विभाग ने यह आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया की बरसात बितने के बाद तार को सही कर दिया जाएगा। कर्मचारियों के समझाने बुझाने के बाद नसरतपुर गांव निवासी चौहान बस्ती के लोग शांत हुए। इस समय विद्युत सब स्टेशन बिरनो के जेई विमल कुमार ने कहा कि समय आने पर इसको ठीक कर दिया जाएगा, लेकिन समस्या जस की तस रह गई। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बिजली विभाग समय रहते इस काम पर नहीं चेता तो हम समस्या चौहान समाज के लोग एकत्रित होकर जिलाधिकारी के कार्यालय का घेराव करेंगे।

दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के पहले दिन से खुल जाते हैं मां के पट


उतरांव, गाजीपुर। शारदीय नवरात्रि को लेकर जिलेभर में दुर्गा पूजा पंडालों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी बीच बाराचवर विकास खंड के सदोपुर ग्राम सभा में तैयार हो रहा एक दुर्गा पंडाल अपनी विशेष परंपरा को लेकर चर्चा में है। यहां नवरात्रि के पहले दिन से ही मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन शुरू हो जाते हैं, जबकि अधिकांश पंडालों में सप्तमी के दिन पट खोले जाते हैं। इस पंडाल में पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त मां दुर्गा के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि के पहले दिन से लगातार नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और आयोजन की परंपरा इसे क्षेत्र के अन्य पंडालों से अलग पहचान दिलाती है। पंडाल के आयोजन से जुड़े पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुजान यादव ने बताया कि नौ दिनों तक रोशनी, डीजे और अन्य व्यवस्थाओं पर काफी खर्च आता है। यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लोगों के सहयोग से संपन्न होता है। इसके अलावा क्षेत्र के उद्यमी और अन्य सहयोगी भी आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। सभी के सामूहिक सहयोग से नौ दिनों तक पंडाल की व्यवस्थाएं संचालित की जाती हैं। नवरात्रि के आगमन के साथ ही पंडाल को आकर्षक रूप देने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

दहेज उत्पीड़न में ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के बरूईन गांव में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने आदि के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात पति, सास, ससुर और देवर समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि बरूईन गांव निवासी 22 वर्षीय संजू देवी ने तहरीर के अनुसार उनकी शादी करीब ढाई साल पहले बरूईन गांव में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति विकास, देवर आकाश, ससुर गुरुदयाल और सास सोनिया देवी अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकालने का प्रयास किया जाता था। दहेज को लेकर उपजे विवाद पर बीते जुलाई माह में स्थानीय पुलिस चौकी पर दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह-समझौता कराया गया था। समझौते के बाद कुछ दिन स्थिति सामान्य रही, लेकिन आरोप है कि ससुरालियों ने दोबारा वही रवैया अपनाते हुए मारपीट व उत्पीड़न शुरू कर दिया। प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

नाबालिग पुत्री को भगाने का मां ने लगाया आरोप

दिलदारनगर (गाजीपुर). थाना क्षेत्र के एक गांव से लगभग 3 माह पूर्व गांव के ही एक युवक द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को किशोरी की मां द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. किशोरी की मां ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीते 3 अगस्त को गांव का ही एक युवक बहका फुसला कर भगा ले गया है.अपने स्तर से पुत्री को ढूंढने का काफी प्रयास की, किंतु उनका आता -पता नहीं चलने पर थाने में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर मुकामी पुलिस से मदद की गुहार लगाया गया है. इस विषय पर थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर युवती की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।











आज

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, रविवार ११ अक्तूबर, २०२६ सौर २५, आश्विन शुक्ल १, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

किसानों की खुशहाली से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की ताकत और समृद्धि का आधार हैं। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। किसान के अधिकारों की रक्षा और उसकी खुशहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों और किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और प्रधानमंत्री किसान



अन्नदाताओंके लिए बीजसे लेकर बाजारतक सरकार दे रही सुविधा

सम्मान निधि का लाभ उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया गया है। उनके अनुसार, देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। प्रदेश की कृषि विकास दर 8 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने कहा कि दुग्ध, गन्ना और गेहूं उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, वर्ष 2017 से मार्च 2026 के बीच प्रदेश में 80 लाख से अधिक किसानों से 519 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीद की गई। इसके बदले किसानों को 1,03,833 करोड़ रुपये से अधिक का सीधा भुगतान किया गया। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए इस बार धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 71 रुपये प्रति (शेष पृष्ठ नौ पर)

सीईसी के खिलाफ प्रदर्शनमें हिंसा, पथराव

हजारों हिरासतमें, छावनीमें तब्दील रही दिल्ली

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान आकाशवाणी भवन के पास हिंसा हुई। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स गिराकर पुलिस पर पथराव किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद अलग-अलग स्थानों पर जुटने और जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश कर रहे करीब हजारों लोगों को हिरासत में लिया। इनमें सीजेपी के नेता भी शामिल बताए जा रहे हैं। कनॉट प्लेस, रीगल सिनेमा और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के आसपास प्रदर्शनकारियों के जुटने की खबरें मिलीं। कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए बंगला साहिब गुरुद्वारे में भी चले गए। प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 40 हजार से अधिक जवान तैनात किए गए। नई दिल्ली जिले को 20 जोन में बांटने के साथ प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग और जांच बढ़ाई गई। मेट्रो के कई स्टेशनों पर प्रवेश-निकास बंद करने तथा जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे के चार किलोमीटर के दायरे में 9 अक्टूबर रात 10 बजे से 10 अक्टूबर रात 10 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के आदेश भी दिए गए थे। पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने के पीछे निर्धारित समय में आवेदन नहीं मिलने, पिछले प्रदर्शन की शर्तों का पालन नहीं होने और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत लागू प्रतिबंधों का हवाला दिया। रिपोर्टों के मुताबिक, प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दूसरे राज्यों से भी लोग दिल्ली पहुंचे थे। इनमें कई लोग पहले से होटलों और पीजी में ठहरे हुए थे। इसके साथ ही पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी 15 जिलों में आपराधिक रिकॉर्ड वाले 600 से अधिक लोगों को भी एहतियातन हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों को नयी दिल्ली इलाके में (शेष पृष्ठ नौ पर)



ममता और केजरीवाल हिरासत में, विपक्ष सोमवारको करेगा बड़ा प्रदर्शन

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर शनिवार को दिल्ली में सियासी हलचल तेज हो गयी। प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने केजरीवाल को उनके आवास से निकलने के कुछ देर बाद ही रोक लिया। इस दौरान आप समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी (शेष पृष्ठ नौ पर)

फिर शुरू होगी लोकतंत्र की मरम्मत, सीईसी पर राहुलने बोला हमला

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉम एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ज्ञानेश कुमार जाएंगे। यह सरकार जायेगी। फिर शुरू होगी लोकतंत्र की मरम्मत। राहुल गांधी का यह बयान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच आया है। राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब इंडिया गठबंधन के नेता कथित वोट चोरी के मुद्दे पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के



कहा-जायेंगे ज्ञानेश कुमार

नेतृत्व में विपक्षी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका से जुड़ी अपनी चिंताओं को उठाया। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी हो रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके मुख्य सूत्रधार हैं, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसे अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को आगे भी उठाता रहेगा। राहुल गांधी ने यह भी बताया कि 12 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय (शेष पृष्ठ नौ पर)

मणिपुर में हिंसा भड़की, पांच की मौत

उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन, घर जलाये, निषेधाज्ञा लागू

मणिपुर (एजेंसी)। मणिपुर के कामजोंग और उखरुल में शनिवार को हथियारबंद गुटों के बीच हुई झड़पों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। हालांकि पूर्व सीएम बीरेन सिंह का दावा है कि सात लोग मारे गये हैं। वहीं एक पुलिस स्टेशन जला दिया गया है। नगा-बहुल कामजोंग के कुकी-बहुल चसाड गांव में 22 साल के एक युवक और 42 साल की एक महिला की मौत हो गयी। महिला को गोली मारी गयी थी। उसकी हत्या के बाद शुक्रवार रात से कुकी और नगा हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गयी जो शनिवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान 10 घरों में आग भी लगा दी गयी। प्रशासन ने हिंसा रोकने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। गौरतलब हो कि फरवरी में मणिपुर में दोबारा शुरू हुई हिंसा की घटनाओं से लेकर अब तक करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। एक अलग घटना में कामजोंग में म्यांमार सीमा के पास स्थित तांगखुल नगा बस्ती निंगचो गांव में संदिग्ध उग्रवादी घुस आये और गोलीबारी शुरू कर दी। गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गयी जिनकी पहचान 35 साल के नगाचांसो निंगशेन और 48 साल के लेशिशान लेशडांग के तौर पर हुई है। घटना के बाद सुरक्षा बल गांव पहुंचे और हालात को काबू में किया। ग्रामीणों का दावा है कि गोलीबारी के बाद हमलावर म्यांमार की तरफ भाग गये। जिला प्रशासन ने और हिंसा को रोकने के लिए चसाड पुलिस गेट जंक्शन के 400 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 162 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।

मोदी सरकार ने 'लोकतंत्र की जननी' को बनाया 'खामोश लोकतंत्र'-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में सत्ता से सवाल करने वाले युवाओं, छात्रों, वकीलों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, किसान संगठनों के नेताओं और डिजिटल सामग्री निर्माताओं को हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कायरता आज खुलकर सामने आ गई है। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि हिरासत, गिरफ्तारी, जेल, लाठीचार्ज और पैलेट गन से देश की जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही युवा देश की दिशा और भविष्य तय करने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष (शेष पृष्ठ नौ पर)

मोदी-शाह चला रहे तानाशाही-प्रियंका

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर काररवाई को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि भारत में अब लोकतंत्र नहीं रहा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व



में तानाशाही चलाई जा रही है। प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने और उसे नष्ट करने में सहयोग करने वाले लोग देश के खिलाफ देशद्रोह कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट करके आरोप लगाया कि पहले 254 सांसदों के साथ मारपीट की गयी और उन्हें पूरी तरह अवैध तरीके से हिरासत में लिया गया, जिससे उनके बुनियादी संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी की घेराबंदी कर दी गयी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को चारों ओर से बैरिकेडिंग (शेष पृष्ठ नौ पर)

तालाब में मछली पकड़ने गये तीन युवकोंकी संदिग्ध मौत

चित्रकूट (एजेंसी)। चित्रकूट जिले में मानिकपुर थाना क्षेत्र के हेला गांव में शनिवार सुबह बंधा तालाब के जडेरा में मछली पकड़ने गये तीन लोगों की मौत हो गयी। सुबह की घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतकों की पहचान राजपाल (17) पुत्र स्व. लवकुश निवासी हेला, महेंद्र (30) पुत्र जोधी निवासी हेला (शेष पृष्ठ नौ पर)

मेट्रो स्टेशन बंद करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, अवमानना याचिका पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली में मेट्रो स्टेशन बंद किये जाने और ट्रेन सेवाएं प्रभावित होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट रविवार को विशेष सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ अवमानना याचिका पर सुनवाई करेगी। वकील शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि नौ अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 10 अक्तूबर को मेट्रो स्टेशन बंद रखे गये और ट्रेन सेवाएं प्रभावित की गयीं। अदालत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ विपक्षी दलों के प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर परिवहन (शेष पृष्ठ नौ पर)



१२४ पूर्व आईएएस-आईएफएस अधिकारियों ने किया चुनाव आयोग और एसआईआर का बचाव

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शन के बीच 124 पूर्व आईएएस और आईएफएस अधिकारियों ने चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का बचाव किया है। आम नागरिकों के नाम जारी खुले पत्र में उन्होंने चुनावों में धांधली के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोप लगाने वालों को अपने दावों के प्रमाण देने चाहिए। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि भारत की चुनावी व्यवस्था में मतदान एजेंटों, ईवीएम की सीलिंग, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा और वीवीपैट सत्यापन जैसे कई सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी विधान परिषद चुनाव : सात प्रत्याशियों ने वापस लिया पर्चा

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 खंड स्नातक और खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इनमें तीन खंड स्नातक और चार खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशी शामिल हैं। अब कुल 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी सीटों पर 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। चुनाव में कुल 14.18 लाख मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए मतदाताओं को अपना पहचान पत्र दिखाना होगा। यदि निर्धारित पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, तो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड समेत 10 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से किसी एक का इस्तेमाल किया जा (शेष पृष्ठ नौ पर)

आगरासे वाराणसी ले जायी जा रही ४८ किलो चांदी चोरी, पांच गिरफ्तार

आगरा (आससे)। उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने चांदी की ४८ किलोग्राम की खेप चोरी करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी की गई 16 किलोग्राम चांदी बरामद की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आगरा से वाराणसी बस के जरिए दो क्विंटल चांदी ले जाई जा रही थी, तभी रास्ते में चांदी के 48 किलोग्राम वजन वाले दो बोरे चोरी हो गए। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) मनोज कुमार ने बताया कि आजमगढ़ के व्यापारी चंदन सिंह ने 25 अगस्त को (शेष पृष्ठ नौ पर)

सहारनपुर : सड़क हादसे में चारकी मौत

सहारनपुर (एजेंसी)। यूपी के सहारनपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां हादसा देवबंद थाना क्षेत्र में सुबह श्रद्धालुओं को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 15 से 20 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजकर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ये हादसा उस वक्त हुई, जब सभी श्रद्धालु मां शाकंभरी देवी के दर्शन करने के बाद नवरात्र के लिए ज्योति लेकर मेरठ के सरधना (शेष पृष्ठ नौ पर)



तीन माह बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

दानगंज। चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज पुलिस चौकी अंतर्गत दानगंज बाजार से मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में करीब तीन माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। खरीदारी करने गये युवक की बाइक बाजार से गायब हो गयी थी। काफी तलाश के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। तहरीर के आधार पर चोलापुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा ३०३(२) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।, करमा गांव, पोस्ट सुल्तानीपुर निवासी राजबहादुर पुत्र स्वर्गीय रामकिशुन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह नौ जुलाई को खरीदारी करने के लिए गया था

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

चितईपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सत्येंद्र कुमार सिंह लीलापुर मिसौरी चंदौली के रहने वाले को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। चितईपुर इंस्पेक्टर राकेश गौतम ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर के सूरजपुर ग्रेटर नोएडा स्थित मिग्सन ट्विन्स अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया था। पीड़िता आरोपी एक संस्थान में नौकरी करते थे। वहां आरोपी से पीड़िता की मुलाकात हुई। आरोपी ने झांसा देकर दुष्कर्म किया। गर्भपात कराया था। इसके बाद शादी से मुकर गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस बच कर रहता था।

दीवानी के वरिष्ठ अधिवक्ता की १०३ वर्षीय माता का निधन

नगर के वरिष्ठ दीवानी सीविल के अधिवक्ता लालजी सिंह की माताजी श्रीमती रामप्यारी देवी ने १०३ वर्ष की आयु में शनिवार को पूर्वाह्न लगभग नौ बजे अपने मिर्जामुराद क्षेत्र के ग्राम मधुकर शाहपुर में अंतिम सांस ली। उनका अन्तिम संस्कार सायंकाल में मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके अधिवक्ता पुत्र लालजी सिंह ने दिया। वे पीछे पौत्र राजतालाब तहसील बार असोसियेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के अलावा तीन पुत्र एवं दो पुत्रियों के भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। अन्तिम संस्कार के दौरान नगर के अधिवक्ता, शिक्षक, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, मित्र एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे।

छेड़खानी और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़खानी और मारपीट के मामले में आवास विकास कॉलोनी निवासी युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती के अनुसार, वह रास्ते से अपने कमरे पर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार युवक उसका पीछा करते हुए अश्लील इशारे करने लगा और बार-बार बाइक आगे रोकने लगा। विरोध करने पर उसने युवती का हाथ पकड़ लिया और मारपीट करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक मौके पर छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने बाइक नंबर यूपी ६५ ईए ०५६९ के आधार पर कारवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- फिल्ड आफिसर की आयु 30 से 40 वर्ष तक हष्ट पुष्ट व तन्दुरूस्त व्यक्ति सम्पर्क करे रहने की सुविधा फ्री मो. 9935038888

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATA MOTORS TATA_YODHA REG.NO.UP67BT3850 -YOM-NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFF LINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E.ON OR BEFORE 16.10.2026 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
40 A/2 LOWTHER ROAD GEORGE TOWN NEAR KIRTI SCANNING CENTRE ALLAHABAD 211002 UP
INDIA OR CONTACT: GAURAV SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9554449995
EMAIL: gaurav.singh17@kotak.com

जंसा में चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

सीसीटीवी कैमरा, छः हजार आठ सौ २० रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद

सेवापुरी। जंसा पुलिस ने शनिवार को भतसार और बेलौड़ी गांव में हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सीसीटीवी कैमरा, छः हजार, आठ सौ २० रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किया हैं। पुलिस के अनुसार, ११ सितंबर की रात भतसार गांव में मनीष कुमार के घर की अलमारी तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी की गयी थी। वहीं, २०-२१ सितंबर की रात बेलौड़ी स्थित वेदांत वाटिका में ताले तोड़कर चार सीसीटीवी कैमरे, एलईडी टीवी, एसी और नकदी चोरी की गयी थी। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार, १० अक्तूबर को थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर संजोई रेलवे क्रॉसिंग के पास हाईवे फ्लाईओवर के नीचे से भोनू राजभर निवासी बरियासनपुर, थाना चौबेपुर, को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपने दो साथियों के साथ चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात बतायी। पुलिस के मुताबिक, चोरी के सामान बेचकर मिले रुपये से आरोपितों ने घूमने-फिरने और अन्य खर्चों में पैसे खर्च किये थे। पुलिस ने दोनों मुकदमों में संबंधित धाराएं बढ़ाते हुए विधिक कारवाई शुरू कर दी है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी और शेष सामान की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर टैक्स चोरी करने के मामले में पंजाब से दो आरोपी गिरफ्तार

सारनाथ पुलिस ने फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर टैक्स चोरी करने, फर्जी दस्तावेजों और पहचान का इस्तेमाल कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के मामले में पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी बरामद किये हैं। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान और ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत सारनाथ पुलिस टीम ने शुक्रवार की देर रात आरटीओ तिराहे से पहड़िया के बीच से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की आजाद नगर, थाना डाबा, लुधियाना, पंजाब निवासी रविप्रकाश पाल और विकास गुप्त है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में आठ अप्रैल २०२६ को सारनाथ थाने में शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अजय कुमार, सौरवपति त्रिपाठी, अशोक कुमार शामिल रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिक्षा समिति राजपुर द्वारा संचालित **श्री तपस्वी महराज इ.का.राजपुर, क.जू.हाई. राजपुर** व **श्रीमती मनराजी देवी बा.इ.का . राजपुर** के प्रबंध समिति का चुनाव आगामी माह जनवरी 2027 में प्रस्तावित है। सदस्यता हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा करके रसीद प्राप्त कर सकते है।

(कमला प्रसाद मिश्र)
प्रबन्धक

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-मैं **दिनेश प्रसाद** पुत्र स्व. भगवती प्रसाद, निवासी चकशाह मुहम्मद उर्फ मलिकपुरा, मु0बाद, गाजीपुर, वृद्ध एवं कमजोर हूँ। मेरा पुत्र **शिवम कुमार वर्मा** व उसकी पत्नी मुझे मारते-पीटते व प्रताड़ित करते हैं। उनके कृत्यों का मैं जिम्मेदार नहीं हूँ। अत: दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से पूर्ण होशो-हवास में बेदखल करता हूँ।

सूचना-मेरा जे.एस.विश्वविद्यालय शिकोहाबाद उ.प्र. से सम्बन्धित बी.काम तृतीय वर्ष 2021 पंजीयन संख्या-J181100710 व एम.काम प्रथम वर्ष 2022 पंजीयन संख्या JS212030006 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **अबु हुजैफा जाहिद अन्सारी** पिता नुरूलऐन अन्सारी पता- ए 35 /40 ई-9 एक्स जलालीपुरा वाराणसी।

सूचना

सूचना-मेरा पुत्र का नाम मोहम्मद सोराब था अब मैंने उसका नाम मोहम्मद अजान कर दिया है । भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। मोहम्मद अजान माता सबीना पता- रमदत्तपुर पाण्डेयपुर वाराणसी।

NOTICE

I Rameswar Singh kushwaha s/o Vijay Bahadur Singh JC/Army No.14656685K Rank CQMH / ATOTECBV Unit-506 Army Base Wksp Adress-Vill & Post -Deokali P/s Gahmar Dist - Ghazipur UP 232339 Present Adress-595 M/KN Khasara No.51 Vidyanagar Dilkusa Lucknow UP 226002 States that in my aadhar card name is printed as Rameshwar Singh Kushwaha. **Rameswar Singh kushawaha** and Rameshwar Singh kushwaha Both the names are of same person.

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत नियुक्ति हेतु दो प्रतियों में आवेदन पत्र शैक्षिक अर्हता की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ रूपये 1,000/- बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0) के पक्ष में देय होगा, विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्तर्गत पंजीकृत डाक द्वारा प्रबन्धक, केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी, (उ0प्र0), पिन कोड-221101 के पते पर प्रेषित होगा। पद एवं अर्हतायें निम्नांकित है- (1) प्राचार्य एक (01) पद अर्हता (क) साहित्य अथवा व्याकरण विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी, परम्परागत (आचार्य) को वरीयता (ख) न्यूनतम आयु 30 वर्ष (ग) अध्यापन अनुभव कम से कम 5 वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर (घ) परम्परागत, पी0एच0डी0 उपाधि को वरीयता। (ङ) वेतन मान 15600/- से 39100/- ग्रेड पे 5400/- नोटः (1) निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

प्रबन्धक
केदारनाथ संस्कृत महाविद्यालय
गोपपुर, चोलापुर, वाराणसी (उ0प्र0)-221101

कार्यालय ग्राम पंचायत पड़री वि.ख.-म्योरपुर, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो / टेण्डर निविदा / 2026-27द   दिनांक-10.10.2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पड़री में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग / SLWM / SBM/VB-G RAM G / SNA / मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना एवं अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, टैंकर क्रय, टैंकर मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री, सोलर वाटर पम्प अधिशठापन, सोलर वाटर पम्प मरम्मत, रिबोर, बोरिंग, स्ट्रीट लाईट क्रय, स्ट्रीट लाईट मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी,सोलिंग गिट्टी,इण्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, पटिया, टीन भोड, एसबेस्टेस सीट, शौचालय निर्माण सामग्री, PVC पाईप,स्टोन बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB पेन्टिंग सामग्री ई-रिक्शा ठेला गाड़ी, सफाई कर्मी किट/स्वच्छता से सम्बन्धित, हयूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल, पाईप), विद्युत वाईरिंग सामग्री/सीसी टीवी कैमरा, कम्प्यूटर / इलेक्ट्रानिक्स पार्ट्स एव अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक 11/10/2026 से 16/10/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय समय पर जमा कर सकते है। जिसे दिनांक 17/10/2026 को 10 बजे दिन तक आपूर्तिकर्ता जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जायेगा। टेण्डर फार्म शुल्क रू0 1000.00 (रू० एक हजार मात्र) जमा कर निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते है ।

प्रतिबंध एवं शर्ते :- 1. निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी। 2. निविदा की सभी दरें सभी कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होना चाहिए । 3. जमानत की धनराशि/अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है । 4. खराब सामग्री आपूर्ति की दशा में जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 6 बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा । एफ.डी. की धनराशि 50000

अध्यक्ष/प्रशासक (करोडपतिया)
ग्रा.पं. -पड़री
वि.ख.-म्योरपुर, सोनभद्र ।

सचिव/ ग्रा.प.वि.अधिकारी
ग्रा.पं. -पड़री
वि.ख.-म्योरपुर, सोनभद्र ।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक- 4723/183काम-वा0वृत्त/2026-27   दिनांक- 30/09/2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु श्रेणी के पात्र एवं पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रम सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधि0अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा-रोहनिया (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
1	वाराणसी	लोहता कन्हई क सराय रोहनिया मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	418.55	22.93	2714.00 (जीएसटी सहित)	8 माह	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी	वा0वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	वा0क्षे0, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 12.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 24.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.10.2026 को 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है। (प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयी समस्त शर्तें/नियमों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है जो सही है)।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.-257912, दिनांक-09.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो०नि०वि०, वाराणसी
(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक- 4720/183काम-वा0वृत्त/2026-27   दिनांक-30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तों से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से दिनांक 24.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/ टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष निविदा समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
प्रदेश के प्र0जि0मार्ग/अ0जि0मार्ग का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण योजना-(विधान सभा-सैयदराजा) स्वीकृति के प्रत्याशा में-									
1	जनपद चन्दौली में जी0टी0 रोड से मानिकपुर सानी से नेवादा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1210.00	24.20	12 माह	5000.00+ 500.00+ 90 (GST) =5590.00	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 , चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 , वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गई है, जो सही है।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.-257928, दिनांक-09.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक- 4718/183काम-वा0वृत्त/2026-27   दिनांक- 30/09/2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up .nic.in एस0बी0डी0 की शर्तों से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेनिशियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नलिखित है।

क्रम सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
विधानसभा शिवपुर										
1	वाराणसी	उमरहा-जाल्हुपुर मुस्तफाबाद रामचन्दीपुर गोबरहा मोकलपुर मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य । (चैनेज-11.800 से 18.500 तक)	840.00	16.80	12 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	तदैव	तदैव	तदैव	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी, जो सही है।)

(के0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.-257929, दिनांक-09.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

साइबर ठगों ने खाते से दो लाख ३७ हजार रुपये उड़ाया, मुकदमा दर्ज

राजातालाब। थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, शाहंशाहपुर के आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारी मदनलाल विश्वकर्मा के बैंक खाते से दो लाख ३७ हजार पांच सौ रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर राजातालाब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मदनलाल विश्वकर्मा के अनुसार, उनके बैंक खाते से निकाली गयी रकम उनकी मेहनत की कमायी थी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
कनहर नहर परियोजना खण्ड-4, दुद्धी-सोनभद्र

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा सूचना
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 05/अधि0 अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा टेबल-1 में निम्नानुसार ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल एवं फाइनेन्सियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से टेबल-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 21.10.2026 को दोपहर 02 बजे ऑनलाइन निर्धारित प्रकिया के अनुसार अधिशासी अभियन्ता, कनहर नहर परियोजना खण्ड-4, दुद्धी सोनभद्र के कार्यालय में गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। समस्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर टेबल-2 में निर्धारित अवधि के अनुसार निर्धारित एक्सल प्रारूप में ही डाउनलोड कर अपलोड करना होगा।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (जी.एस0.टी. को छोड़ते हुए) (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (अतिरिक्त कर सहित)	ठेकेदार की न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी	सम्बन्धित खण्ड
1	2		4	5	6	7	8
1	Construction of Bairkhad Minor from Km 0.000 to Km. 0.250 and Km. 0.300 to km. 4.000 including Earth work and pucca work.	33.43	0.67	3 माह	800+18%=944	निविदा श्रेणी सी या उच्च श्रेणी	कनहर नहर परियोजना खण्ड-4, दुद्धी सोनभद्र।
2	Earth work from km 4.300 to km 4.570 and VRB cum fall at km 4.575 of Bome minor	33.02	0.66	3 माह	800+18%=944	निविदा श्रेणी सी या उच्च श्रेणी	
3	Construction of type-iii(quarter no iii/5 & iii/6) in Dhanaura sichayi colony Duddhi Sonebhadra	32.56	0.65	3 माह	800+18%=944	निविदा श्रेणी सी या उच्च श्रेणी	
4	Construction of V.R.B. at km 8.762 of L.K.C.	27.50	0.55	3 माह	800+18%=944	निविदा श्रेणी सी या उच्च श्रेणी	

टेबल-2

Sl.No.	Particulars	Date	Time
1	Upload on website	12.10.2026	12:00
2	Bid Submission Start	13.10.2026	12:00
3	Bid Submission End	21.10.2026	12:00
4	Technical Bid Opening	21.10.2026 in the office of EE K.C.P.D-4 Duddhi Sonebhadra	14:00
5	Financial Bid Opening	Date and time shall be notified on website of etendering http://etender.up.nic.in after Technical Bid Opening	

इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शैर्ते उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाईट http://information.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

नोटः- उपरोक्त वर्णित किसी भी तिथि में अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

उ.प्र.-257933
दिनांक-09.10.2026

(सैयद मोहीउद्दीन)
अधिशासी अभियन्ता

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
कनहर निर्माण मण्डल-2 मीरजापुर

निविदा सूचना
ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा सूचना
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 04/एस.ई./2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑन लाइन प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड http://etender.up.nic.in के माध्यम से किसी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के किसी विभाग/निगम/ बोर्ड में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत दक्ष ठेकेदारो से निम्न तालिकाओं के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल बिड दिनांक 30.10.2026 को 15:30 बजे अधीक्षण अभियन्ता कनहर निर्माण मण्डल-2, मीरजापुर के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

प्री-क्वालीफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं के आधार पर नोटिस बोर्डे/ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, कनहर निर्माण मण्डल-2, मीरजापुर/टेण्डर समिति का होगा।

तालिका सं0-01

लाट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए) (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (लाख रू0 में) I.N.R	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (अतिरिक्त कर सहित) I.N.R	न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी	सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/खण्ड
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Railway track crossing by pipe pushing method at KM/TP-66/27-29 & KM/TP-66/28-30 between stations MXY & DXN of East Central Railway (BOMB MINOR at Km. 2.925) and KM/TP-64/29-31 & KM/TP-64/30-32 between stations MXY & WDM of East Central Railway (JORUKHAR MINOR at Km. 2.435) for laying three nos. 600mm diameter M.S. Carrier lines with three nos 800mm diameter M.S. Casing pipes for each Railway Crossing of BOME MINOR and JORUKHAR MINOR.	352.14	7.04	04 माह	2000 + जी0एस0टी0 @18%=2360	रू. 500.00 लाख तक का कार्य कराने हेतु सक्षम	अधिशासी अभियन्ता, कनहर नहर परियोजना खण्ड-4, दुद्धी सोनभद्र।

तालिका सं0-02 महत्वपूर्ण तिथियॉ

S. No.	Particulars	Date	Time
1.	Uploading of Tender on Website	14.10.2026	12:00 hr.
2.	Bid clarification Start	14.10.2026	15:00 hr.
3.	Bid clarification End	18.10.2026	12:00 hr.
4.	Bid Submission Start	18.10.2026	15:00 hr.
5.	Bid Submission End	30.10.2026	15:00 hr.
6.	Technical Bid Opening	30.10.2026	15:30 hr.
7.	Financial Bid Opening	Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid.	-

इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उ.प्र.-257918
दिनांक-09.10.2026

(कुंज बिहारी सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो०नि०वि०, वाराणसी
(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक- 4732/183काम-वा0वृत्त/2026-27   दिनांक-30.09.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)										
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली में कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्ग (अ०जि०मा०) (लम्बाई 0.400 किमी) के 04 लेन में चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।	130.00	8.50	Rs. 2714.00 (Including GST)	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 12.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 24.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.10.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।)

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.-257943, दिनांक-09.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

हर तरफ दिखी श्रद्धा, सनातनी परिवारों ने दी पितरों को विदाई

सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ब्राह्मणों को किया गया अन्न, वस्त्र का दान


आजमगढ़। सनातनधर्मी परिवारों में शनिवार को सुबह से ही अजब सा उत्साह और अपार श्रद्धा दिखी। लग

परंपरा

घरों के अलावा नदी-सरोवरों के किनारे भी किया गया तर्पण, पिंडदान

रहा था कि कोई त्योहार हो। वाकई यह साल भर में एक पखवाड़े के लिए आने वाला त्योहार ही था कि पितरों की विदाई करने को हर कोई आतुर दिखा।

सुबह से ही स्नान के बाद तर्पण, पिंडदान व भोजन अर्पित करने के बाद ब्राह्मणों को अन्न व वस्त्र दान का सिलसिला शुरू हो गया। नदी-सरोवरों के किनारे पहुंचकर जहां कुछ लोगों ने समस्त कर्मकांड पूरे किए, वहीं तमाम



लोग ऐसे थे, जिन्होंने अपने घरों में ही पुरोहितों को बुलाकर पिंडदान कराया। उसके बाद पितरों के नाम से भोजन निकाला गया और परंपरा के अनुसार उसे गाय को खिलाया गया, लेकिन शहरी क्षेत्र में गाय को खोजने के लिए लोगों को भटकना पड़ा। अंत में पितृदेव के नाम से अग्नि को भी भोजन समर्पित किया गया। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराया गया और सामर्थ्य के मुताबिक दान दिया गया। उधर पितृ विसर्जन के दिन पितृदेव को तरह-तरह के पकवान समर्पित करने की परंपरा को देखते हुए घर की महिलाएं सुबह से ही भोजन तैयार करने में लगी हुई थीं। इस दौरान खासतौर से शहरी इलाकों में ब्राह्मणों को ढूंढने में लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। गाय को भोजन खिलाने की परंपरा का निर्वहन भी कई लोग नहीं कर पाए। कारण कि शहर में अब गाय पालने का शौक कम हो गया है, तो वहीं कुछ लोग किसी की पालतू गाय को भोजन देने में संकोच करते हैं। कुल मिलाकर सनातनधर्मी परिवारों में रविवार को पितरों को श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। साथ ही कामना की कि हमें आशीर्वाद दें, ताकि अगले बरस हम आपकी और भी बेहतर ढंग से सेवा कर सकें।

रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार-पितृ पक्ष के अंतिम दिन कस्बे के रानी पोखरा पर विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चारण कर सामूहिक तर्पण कराकर पितरों का श्राद्ध कराया गया। आचार्य पवन पांडेय द्वारा कई वर्ष से ऐतिहासिक पोखरे पर सामूहिक पिंडदान और तर्पण कर श्राद्ध कराया जाता है। शनिवार को सुबह ही लोग पोखरे पर एकत्रित हो गए थे। इस बार पच्चास लोगों ने तर्पण किया। पवन पांडेय के साथ विनोद मिश्र, देवलास तिवारी, कमलेश तिवारी ने मंत्रोच्चारण कर कर्मकांड कराया। लोगों ने तर्पण, पिंडदान के साथ श्राद्ध किया। पवन पांडेय ने कहा कि इससे लोगों को अपने पितरों की आत्मा शांति के लिए आसानी से तर्पण कर लेते है। पितृ पक्ष में श्राद्ध से सुख-शांति की अनुभूति होती है। तर्पण क्रम अपने पूर्वजों के प्रति अमूल्य श्रद्धा का भाव है। इसके अलावा लोगों ने घरों पर श्रद्धा से पितरों की विदाई की।

मुलायम के पुण्यतिथि पर भावुक हुए पूर्व मंत्री बलराम

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को अतरौलिया स्थित सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री बलराम यादव समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। नेताजी को याद करते हुए बलराम यादव भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह ऐसे राजनेता थे, उनके विचार, सिद्धांत और जनसेवा का संकल्प समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बलराम यादव ने विश्वास जताया कि जनता 1977 का इतिहास दोहराएगी और उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करेगी। श्रद्धांजलि सभा के बाद बलराम यादव अमर शहीद राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय, अतरौलिया पहुंचे। यहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती करीब सौ मरीजों को फल वितरित किए और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना।

तालाब में डूबने से बालक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़।। मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के जमुखा गांव में तालाब के पास खेलते समय 10 वर्षीय बालक की डूबकर

बच्चों के साथ एक दिन पहले निकला था खेलने, सुबह उतराया मिला शव



फाइल फोटो-अंशू

मौत हो गई। शुक्रवार को लापता हुए बालक का शव शनिवार सुबह तालाब में उतराया मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। जमुखा गांव निवासी अंशू पुत्र अजय कुमार शुक्रवार को गांव के बच्चों के साथ घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित पोखरे के पास खेलने गया था। इसी दौरान वह लापता हो गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बालक के लापता होने से परिजन पूरी रात परेशान रहे। शनिवार सुबह पोखरे में अंशू का शव उतराया दिखाई दिया। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव के लोगों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

सर्पदंश से बालक समेत दो की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सर्पदंश से बालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। तरवां थाना क्षेत्र के टंडवा गांव में चूहे के बिल में हाथ डालने पर सांप ने युवक को डंस लिया। वहीं, गंभीरपुर थाना क्षेत्र के कमरावां गांव में ननिहाल आए तीन वर्षीय बालक को सांप ने डंस लिया। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया।

तरवां थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी 39 वर्षीय संजय गोंड शुक्रवार की रात घर में था। इसी दौरान चूहे को पकड़ने के लिए उसने बिल में हाथ डाल दिया। बिल में छिपे सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर वाराणसी जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। संजय के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गंभीरपुर थाना क्षेत्र के कमरावां गांव में ननिहाल आए सरफराज के तीन वर्षीय इकलौते बेटे अल्तमस की भी सर्पदंश से मौत हो गई। बालक शुक्रवार सुबह ननिहाल पहुंचा था। शाम करीब छह बजे वह घर के आंगन में खेल रहा था, तभी सांप ने उसे डंस लिया। परिजन पहले झाड़-फूंक कराने ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे लालगंज स्थित सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर परिजन उसे जौनपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई।

सीपीएस में किया गया अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण

आजमगढ़। सीपीएस में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण के साथ कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड

बोर्ड परीक्षा वाले बच्चों के लिए नाम और जन्मतिथि में त्रुटि सुधारने का मिला अवसर

परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिए विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम वितरित करने के साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार की गई सूची (एलओसी-लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स) का भी सत्यापन कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के नाम, जन्मतिथि और अन्य व्यक्तिगत विवरणों में संभावित त्रुटियों को समय रहते दूर करना था। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की



शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जानकारी ध्यानपूर्वक जांचने की सलाह दी। खासकर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के अभिभावकों को बताया गया कि बोर्ड के निर्धारित नियमों के तहत विवरणों में सुधार का यह महत्वपूर्ण अवसर है। एलओसी फाइनल होने के बाद संशोधन की प्रक्रिया कठिन हो सकती है, इसलिए सभी जानकारियों का समय रहते सत्यापन जरूरी है। अभिभावकों को समझाया गया कि उनके नाम की स्पेलिंग आधार कार्ड, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र और अन्य सरकारी दस्तावेजों में एक समान होनी चाहिए। इसी तरह विद्यार्थियों के नाम और जन्मतिथि भी संबंधित प्रमाणपत्रों एवं विद्यालय के अभिलेखों में सही दर्ज होने चाहिए। कई बार अलग-अलग दस्तावेजों में नाम की स्पेलिंग अलग होने से बोर्ड परीक्षा के दौरान या भविष्य में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, विद्यार्थियों के प्रवेश के समय जमा किए गए दस्तावेजों के आधार पर ही उनके शैक्षणिक अभिलेख तैयार किए जाते हैं। कक्षा के अनुसार जन्म प्रमाणपत्र और स्थानांतरण प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों का भी महत्व होता है। इसके साथ ही यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों का विवरण दर्ज किया जाता है, इसलिए सही जानकारी उपलब्ध कराना विद्यालय और अभिभावक दोनों की जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के सभी दस्तावेजों और बोर्ड परीक्षा के लिए भरे गए विवरणों को गंभीरता से जांचें।

स्कूल में विवाद को लेकर सड़क पर भिड़ीं छात्राएं, एक दर्जन घायल

मेंहनगर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के मालपार गांव के समीप शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे स्कूल से घर लौट रहीं छात्राओं के दो पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसमें करीब एक दर्जन छात्राएं घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सिंहपुर स्थित छांगुर राम इंटर कॉलेज से छात्राएं छुट्टी के बाद घर लौट रही थीं। इसी दौरान स्कूली विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। मारपीट में शिवांगी, अनुष्का पुत्री मनोज, सुहाना पुत्री बहादुर, सुहानी, अंशिका, संजना समेत कई छात्राएं घायल हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष की नैना, निर्जला और निकिता भी विवाद में शामिल बताई गई हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन घायल छात्राओं को तहसील परिसर लेकर पहुंचे। वहां मौजूद एसडीएम अशोक कुमार ने छात्राओं की हालत देखते हुए एंबुलेंस से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

गोसाईं की बाजार पुलिस चौकी भवन का एसपी ने किया लोकार्पण

लालगंज, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाईं की बाजार स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। लोकार्पण के बाद चौकी परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने परिसर स्थित बजरंग बली मंदिर में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र में शांति व सुरक्षा की कामना की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस चौकी बनने से क्षेत्र में पुलिसिंग मजबूत होती है तथा आम जनता को त्वरित न्याय व सुरक्षा मिलती है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि जनता के साथ मित्रवत व्यवहार रखें व क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाएं। साथ ही क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए निरंतर गश्त व चौकसी बरतें।

दुर्गापूजा और रामलीला में अराजकता बर्दाश्त नहीं- सीओ

माहुल, आजमगढ़। नगर स्थित पुलिस चौकी पर प्रभारी यश सिंह पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौर और विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी माहुल अवधेश मिश्र रहे। सीओ विजय सिंह गौर ने कहा कि दुर्गापूजा और रामलीला भारत की आत्मा है। यदि कोई भी अराजक तत्व इसमें खलल डालेगा तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। उन्होंने पांडाल संचालकों को हिदायत दी कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखें और शराब आदि का सेवन न करें। पूजा पांडाल की स्थापना के समय बिजली के तारों आदि का ख्याल रखें। पांडाल में बालू और पानी का ड्रम जरूर रखे। डीजे संचालकों को विशेष रूप से आगाह करते हुए कहा कि निर्धारित सीमा से ज्यादा यदि कहीं भी बजता हुआ मिला तो उसके ऊपर दंडात्मक कार्यवाही पुलिस करेगी। किसी भी दशा में अश्लील गाना नहीं बजेगा। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

रामलीला और पूजा पंडाल में सीसी कैमरा लगाने के निर्देश

सगड़ी, आजमगढ़। शनिवार की शाम 4.30 बजे जीयनपुर कोतवाली और 5.30 बजे लाटघाट चौकी पर रामलीला व दुर्गा पूजा को लेकर उपजिलाधिकारी संजीव कुमार राय, क्षेत्राधिकारी देशराज सिंह और सगड़ी तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी, कोतवाल संजय सिंह व लाटघाट चौकी इंचार्ज जाफर खान ने रामलीला, पूजा पंडाल आयोजक व डीजे संचालक के साथ बैठक कर त्योहार के दौरान होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। कहा कि रामलीला के साथ-साथ पूजा पंडाल पर भी अश्लील गाना और नृत्य का आयोजन नहीं किया जायेगा। इस प्रकार के वीडियो वायरल होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मानक के अनुरूप डीजे संचालन के लिए कहा गया सभी आयोजकों से उनके वालंटियर की सूची और उनको परिचय पत्र की कॉपी मांगी गई। बैठक में नगर पंचायत जीयनपुर अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, अधिशासी अधिकारी संजय जायसवाल, बीडीओ जीतेंद्र मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा, मनीष चौरसिया, हिमांशु जायसवाल, अनिल मिश्रा, अंशु गुप्ता, राजवंत सिंह, सोमनाथ, रंजीत, प्रिंस राय, लालू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

सगड़ी, आजमगढ़। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर सगड़ी लेखपाल संघ ने काली पट्टी बांध कर थाना समाधान दिवस पर प्रर्दशन किया। 17 अक्टूबर से सगड़ी तहसील पर लेखपाल संगठन धरना देगा। शनिवार को राम सागर सोनी के नेतृत्व में दर्जनों लेखपालों ने विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान लेखपाल संघ के संयोजक दिनेश कुमार, सह संयोजक अंकित राय, जिला मंत्री उपेन्द्र यादव, मनीष कुमार, रूपेश, हीरालाल, अमित गौड़, अबुहरेरा, रितु गौतम आदि मौजूद रहे।

नगर कोतवाली में दिया शांति का संदेश

आजमगढ़। आगामी नवरात्र, दुर्गा पूजा एवं दशहरा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत नगर कोतवाली परिसर में पूजा पंडाल के आयोजकों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर शांति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही, त्योहारों के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।

सीएमओ के निरीक्षण में कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

आजमगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिगनी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिगनी की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन के दौरान डा. अखिलेश, मृत्युंजय पाण्डेय, लैब टेक्नीशियन तथा अमित कुमार डेंटल हाइजीनिस्ट अनुपस्थित पाए गए। संबंधित कर्मचारियों से दो दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहनगर की उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में संविदा पर तैनात राहुल शर्मा एलटीटी, राजू प्रजापति बीपीएचयू, अमित कुमार एसटीसीएस,अनिल कुमार गुप्ता डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा प्रवीण कुमार बर्नवाल बीएएम और रविशंकर राय बीसीपीएम अनुपस्थित पाए गए। इसके अतिरिक्त आरबीएसके से संबंधित डा. पीयूष सिंह मेडिकल ऑफिसर, डा. किरण यादव, वरुण सिंह, सुनीता सिंह, पूजा मिश्रा, डा. संध्या सिंह, डा. सरफराज अहमद, डा. विपुल कुमार चिकित्सक एवं पंकज श्रीवास्तव बीपीएम, डा. श्रेया सिंह आईएमओ, डा. अर्जुन सरोज, डा. प्रतिभा कुमारी, डा. प्रदीप सिंह एवं डा. अमन पांडेय भी अनुपस्थित पाए गए। इनके अतिरिक्त डा. अमित कुमार आयुष चिकित्सक, मोहम्मद मोहसिन वार्ड ब्वाय, रामसागर, सूरज प्रकाश यादव,



श्रीनाथ यादव, विनय कुमार भारद्वाज तथा अजय कुमार सिंह भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने कहा अनुपस्थित संविदा कर्मचारियों को दो दिनों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण नहीं देने अथवा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर वेतन रोकने की संस्तुति होगी।

सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, तीन घायल

बलरामपुर, आजमगढ़। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि मृतका के पति समेत तीन लोग घायल हो गए। शहर कोतवाली क्षेत्र के अईनिया गांव के पास बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गई, जबकि मुबारकपुर थाना क्षेत्र के भटौरा गांव में सड़क किनारे बैठे वृद्ध की जान चली गई। दोनों घटनाओं से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है। मऊ जनपद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बंदीकला गांव निवासी 52 वर्षीय रुखशाना पत्नी शोहराब शनिवार को पति के साथ आजमगढ़ आई थीं। शोहराब के मौसेरे भाई की पत्नी का हर्रा की चुंगी स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। अस्पताल में मरीज को देखने के बाद दंपती बाइक से घर लौट रहे थे। शहर कोतवाली क्षेत्र के अईनिया गांव के पास पीछे से आए बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें मंडलीय अस्पताल

अईनिया में बाइक की टक्कर से पत्नी की गयी जान, पति घायल

पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने रुखशाना को मृत घोषित कर दिया। शोहराब का उपचार चल रहा था। मृतका के चार बच्चे हैं।वहीं, मुबारकपुर थाना क्षेत्र के भटौरा गांव निवासी 60 वर्षीय शंकर वनवासी शनिवार को घर के बाहर सड़क किनारे अपने 35 वर्षीय पुत्र शेषनाथ और 22 वर्षीय भतीजे पंकज के साथ बैठे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बाइक सवार वाहन छोड़कर फरार हो गया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

अतरौलिया, आजमगढ़। ध्यानीपुर लोहरा स्थित कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा संचालित बौद्धिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय में शनिवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ ही बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने नृत्य और गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, देखभाल और उपचार के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान से जुड़े जान्हवीदत्त चतुर्वेदी रहे। विद्यालय के संचालक योगेंद्र ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मानसिक बीमारियों के प्रभाव को समझने के उद्देश्य से वर्ष 1992 में इसकी शुरुआत की गई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में डीजे की आवाज पर रहेगी नजर

मेंहनगर, आजमगढ़। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर

मेंहनगर थाने में शांति समिति की बैठक में दिये जरूरी निर्देश

पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम अशोक कुमार और सीओ आस्था जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान न्यायालय के निर्देशों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। एसडीएम अशोक कुमार और सीओ आस्था जायसवाल ने कहा कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर निर्धारित नियमों और न्यायालय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य है। निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि जुलूस और विसर्जन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, शांति बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचना देने की बात कही गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष अभिराज सरोज, अक्षय प्रताप सिंह, मो. आलम, रामगोपाल त्यागी, शिवम चौधरी, जयपाल सिंह, सुभाष जायसवाल, रामबदन कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

अतरौलिया और दीदारगंज सीट पर सुभासपा ने ठोंका दावा

अतरौलिया, आजमगढ़। सुभासपा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आजमगढ़ में अपनी सियासी सक्रियता बढ़ा दी है। अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर, बूढ़नपुर स्थित वृंदावन मैरिज लॉन में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी मुखिया एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष की हार का दावा करते हुए कहा कि हार सामने देखकर विपक्ष अभी से ईवीएम और वोट चोरी का मुद्दा उठा रहा है। घोषणा की कि 29 नवंबर को आजमगढ़ में सुभासपा की ओर से विशाल महारैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि रैली में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 10-10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य है और कुल एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

समान कार्य का समान वेतन लागू करने की मांग

बलरामपुर, आजमगढ़। एनएचएम के तहत वर्षों से कार्यरत आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों ने शनिवार को अपनी

सीएमओ कार्यालय पर पांचवें दिन भी धरने पर डटे स्वास्थ्यकर्मी

मांगों को लेकर पांचवें दिन भी सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर मांगें पूरी करने की आवाज उठाई। अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारियों ने उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। राजकीय नर्सेस संघ के सदस्यों ने जिलाध्यक्ष अनिता देवी और महामंत्री शशिकला के नेतृत्व में दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसआईसी डा. सतीश चंद्र कन्नौजिया को सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि एनएचएम के तहत



आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मी वर्षों से मरीजों की सेवा कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से समान कार्य-समान वेतन की घोषणा के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर 21 अक्तूबर को दो घंटे कार्य बहिष्कार कर अस्पताल परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो प्रतिदिन दो घंटे कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उधर, प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और सीएमओ डा. नन्हकू राम वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

तैयारियों में बीती पूरी रात, आज से होगी मां भगवती की आराधना

दक्षिणमुखी देवी दरबार में प्रसाद चढ़ाने की अनुमति, गर्भगृह में नहीं फोड़े जायेंगे नारियल

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो रहा है, लेकिन इसे लेकर एक दिन पहले ही

हमारे त्योहार

देवी मंदिरों में साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम पूरा, सजावट भी शुरू

बाजार गुलजार रहे। पूजा के लिए नारियल-चुनरी सहित अन्य सामानों से बाजार पट गए हैं। खरीदारी भी शुरू हो गई। हर कोई देवी मइया को अपने घर बुलाने के लिए बेताब दिख रहा था। उधर नगर सहित पूरे जनपद में देवी मंदिरों की साफ-सफाई की गई और शाम को मंदिरों की सजावट शुरू कर दी गई। नगर के मुख्य



चौक स्थित दक्षिण मुखी देवी मंदिर में विशेष तौर से साफ-सफाई चल रही थी। इस मंदिर में नवरात्र के अलावा अन्य दिनों में भी हजारों श्रद्धालु मां के सामने शीश झुकाकर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर के पुजारी शरद चंद्र तिवारी ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए बैरीकेडिंग की जाएगी। एक तरफ से श्रद्धालु प्रवेश करेंगे और गर्भ गृह की परिक्रमा करते हुए दूसरी ओर से बाहर निकलेंगे। बताया कि प्रसाद आदि चढ़ाने की अनुमति तो होगी, लेकिन गर्भगृह में नारियल फोड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जिसके मन में नारियल फोड़ने की इच्छा होगी वह या तो मंदिर के बाहरी हिस्से में नारियल फोड़ सकता है अथवा घर ले जाकर।

उधर लोगों की आस्था को देखते हुए देवी को प्रिय नारियल-चुनरी की दुकानों पर सामान सज गए हैं। नारियल 50 तो चुनरी 10 से लेकर 800 रुपये तक बिक रहे हैं। फल के दुकानदारों ने भी अपनी ओर से तैयारी कर ली है। फल व्यापारी केदार नाथ सोनकर ने बताया कि इस बार नारियल का दाम 10 रुपये चढ़ा है, तो सेब में हल्का उछाल है। बाकी लगभग सभी फलों के दाम रोज की तरह से हैं। वैसे कच्चा व्यवसाय है इसलिए दाम में उतार-चढ़ाव आवक के ऊपर निर्भर रहेगा।

जानिए इस बार कलश स्थापना का मुहूर्त

आजमगढ़। शारदीय नवरात्रि के बारे में समय, तिथि, घटस्थापना का मुहूर्त, माता रानी के नौ स्वरूपों की पूजा और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखना आवश्यक है। सनातन धर्म में शारदीय नवरात्रि शक्ति की उपासना, साधना, संयम और धर्म की विजय का पावन पर्व है। शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार 11 अक्टूबर से होगा। महाष्टमी व्रत 18 को और समापन 19 अक्टूबर को महानवमी के साथ होगा तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) मनाया जाएगा। प्रसिद्ध कर्मकांडी एवं ज्योतिषाचार्य सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्यम गुरु के अनुसार कलश स्थापना के लिए प्रात: काल से अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.31 बजे तक सर्वश्रेष्ठ रहेगा और इस दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की आराधना की जाएगी। इस क्रम में 12 अक्टूबर को तपस्या, संयम और दृढ़ संकल्प की देवी मां ब्रह्मचारिणी, 13 को साहस, शौर्य और निर्भयता का प्रतीक मां चंद्रघंटा, 14 को सृष्टि की सृजन शक्ति की देवी मां कूष्मांडा, 15 को ममता, वात्सल्य और संतान के कल्याण करने वाली मां स्कंदमाता, 16 धर्म की रक्षा और अधर्म पर विजय की देवी मां कात्यायनी, 17 को भय और नकारात्मकता का नाश करने वाली देवी मां कालरात्रि, 18 को पवित्रता, शांति और करुणा की देवी मां महागौरी, 19 अक्टूबर को सिद्धियों, आध्यात्मिक उन्नति और कृपा की देवी मां सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी।

उपवास के साथ लें परोपकार और क्षमा का संकल्प- सत्यम गुरु



सत्यम गुरु

आजमगढ़। आमतौर पर कोई भी व्रत पर्व होता है तो उसमें अन्न का परित्याग कर हम मान लेते हैं कि हमने व्रत रख लिया लेकिन सही मायने में व्रत का अर्थ यह नहीं है। व्रत का अर्थ होता है संकल्प और हम ज्यादा से ज्यादा पूजन और उपवास का संकल्प लेते हैं। नवरात्र ऐसा व्रत पर्व है जिसमें लिया गया संकल्प अगर पूरा कर लिया जाए तो मां की कृपा प्राप्त होती है और उसका फल भी मिलना तय होता है।

प्रसिद्ध कर्मकांडी एवं ज्योतिषाचार्य सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्यम गुरु कहते हैं कि नवरात्र में पूजन के संकल्प के साथ हमें कोई ऐसा संकल्प लेना चाहिए जिससे दूसरों का नुकसान न हो। परोपकार और दूसरों को क्षमा का संकल्प ज्यादा ठीक होता है। यथा हम संकल्प ले सकते हैं कि हमारे मन, कर्म, वचन से किसी को दुख न पहुंचे। हम किसी भी परिस्थिति में क्रोध नहीं करेंगे और सामने वाले की हर गलती को अनदेखी कर क्षमा दान करेंगे। सबका भला करने का प्रयास करेंगे। बताया कि काम, क्रोध, लोभ, मोह का परित्याग अगर हमने कर लिया तो स्वत: हमें दैवीय कृपा का अहसास होगा और मां भगवती की कृपा साल भर बनी रहेगी। वैसे भी अगर व्रत में बाहर रहकर हम फलाहार की बात करते हैं तो उसका कोई मतलब नहीं, क्योंकि कोई भी दुकानदार कोई भी नमक वाला सामान बेचने के बाद हाथ धुलकर चाय नहीं बनाता। ऐसे में अपरोक्ष रूप से हम नमक और अनाज का भी सेवन कर लेते हैं, जिससे उपवास का संकल्प भी अधूरा रह जाता है।

संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका मिला युवक का शव

पत्नी के मायके जाने के दौरान घर में अकेला था समीर

अनपरा(सोनभद्र)। रेणुसागर पुलिस चौकी क्षेत्र के हिंडालको रेणुसागर कालोनी स्थित आवासीय परिसर के एक आवास में शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता हुआ युवक का शव पाये जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान 27 वर्षीय समीर खान, पुत्र स्वर्गीय सलीम खान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब साढे सात बजे समीर अपने आवास में अकेला था। उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। इसी दौरान युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि समीर खान को वर्ष 2024 में हिंडालको के इलेक्ट्रिकल विभाग में नौकरी मिली थी। उसकी अचानक हुई मौत से परिचितों और आसपास के लोगों में शोक का माहौल है। फ्लिहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

राख ढोने वाले वाहनों की बेकाबू रफ्तार से खराब हो रही सडकें

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद से राख परिवहन में लगे भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार पर प्रशासन और प्रबंधन का कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों के कारण सड़कों पर लगातार उड़ती राख से दिन में ही अंधेरा छा जा रहा है जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासनों के बावजूद धरातल पर कोई सुधार न दिखने से ग्रामीणों में एक बार फिर भारी रोष पनप रहा है। बीते गुरुवार को जरहा क्षेत्र के पोथीपाथर में एक राख लदे हाइवा का टायर फटने से भीषण हादसा हुआ था जिसमें आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

२९०.५०करोड़ से सोनभद्र में बिछेगा सड़कों का जाल, औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

योगी सरकार की औद्योगिक लाजिस्टिक योजना के तहत १३ सड़कों के निर्माण का शासन को भेजा गया प्रस्ताव

सोनभद्र। औद्योगिक विकास को गति देने और आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार सोनभद्र में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर जोर दे रही है। औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत जिले में 13 सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव जिला प्रशासन ने शासन को भेजे हैं। यह प्रस्ताव औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने, भारी वाहनों के सुगम आवागमन और स्थानीय लोगों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती भी मिलेगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि औद्योगिक जरुरतों और स्थानीय आवागमन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। किरहुलिया से महुली विहार बॉर्डर तक 12 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 47.76 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, चेरुई से मारकुंडी जूनियर हाईस्कूल तक 6.4 किलोमीटर सड़क के निर्माण पर 24.32 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। खड़िया से वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग तक आठ किलोमीटर सड़क का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिस पर 23 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है।

चुर्क सीमेंट फैक्ट्री तक भारी वाहनों की आवाजाही होगा आसान

चार स्वीकृत प्रस्तावों पर जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में भेजे गए सड़क निर्माण के चार प्रस्तावों को शासन से वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि एक अन्य प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया में है। जिन सड़कों को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है, उनका निर्माण जल्द शुरू कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। योगी सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप सड़क नेटवर्क का विस्तार सोनभद्र में औद्योगिक गतिविधियों, माल परिवहन और आमजन की आवाजाही को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। बेहतर सड़क संपर्क से औद्योगिक इकाइयों को परिवहन सुविधा मिलने के साथ स्थानीय क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और जिले के आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

चुर्क में दो फोरलेन लिंक रोड बनाने का प्रस्ताव

औद्योगिक परिवहन को सुगम बनाने के लिए चुर्क क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण फेरलेन लिंक रोड के निर्माण की योजना है। 4.9 किलोमीटर लंबी चुर्क सीमेंट फैक्ट्री लिंक रोड के लिए 49.95 करोड़ रुपये और 4.84 किलोमीटर लंबी चुर्क-भिलाई बंधी रोड के लिए 49.85 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इन सड़कों के निर्माण से चुर्क सीमेंट फैक्ट्री तक भारी वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी। इससे औद्योगिक परिवहन में लगने वाले समय और परिचालन संबंधी परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है।

५१ करोड़ से पटवध-बसुहारी मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव

इसके अतिरिक्त 31 किलोमीटर लंबे पटवध-बसुहारी मार्ग के निर्माण के लिए 58.88 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। बर्दिया लिंक रोड के लिए 12 करोड़ रुपये, बिल्ली मारकुंडी स्थित तेज स्टोन क्रेशर प्लांट से विजय आईटीआई तक सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये तथा मीना बाजार घुरमा फीडर से मारकुंडी के कुनियांव टोला तक 7.5 किलोमीटर सड़क के लिए 15.99 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। डाला क्षेत्र में भी सड़क संपर्क बेहतर करने की योजना है। यहां एक किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये तथा बग्गा नाला से डिग्री कॉलेज रोड तक लगभग 3.5 किलोमीटर सड़क के लिए 80 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। नधिरा से बखिरहवा तक 10 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए 1.60 करोड़ रुपये और ओबरा में एक अन्य सड़क के निर्माण के लिए 35 लाख रुपये का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है।

बिड़ला कार्बन ने २० मेधावी छात्र-छात्राओं को दी स्कालरशिप

सोनभद्र। विकास भवन में शनिवार को बिड़ला कार्बन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिले के 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं शैक्षिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। बिड़ला कार्बन द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत यूनिट हेड शिवशंकर सिंह एवं मानव संसाधन प्रमुख जीवन सिंह बोरा के दिशा-निर्देशन में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिड़ला कार्बन की प्रतिनिधि निवेदिता मुखर्जी एवं डॉ. अशोक कुमार चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चयनित विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 20 मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया। बिड़ला कार्बन की ओर से विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कलर किट,ज्योमेट्री बॉक्स, पांच नोटबुक, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल सहित अन्य उपयोगी शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। वहीं, अभिभावकों को प्रोत्साहित करने और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए स्टील के कंटेनर भी वितरित किए गए। इससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी देखने को मिली। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और भविष्य में बेहतर उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

मुकुट पूजन के साथ रासलीला का भव्य शुभारंभ

बीजपुर(सोनभद्र)। बीजपुर बाजार में शुक्रवार की शाम मुकुट पूजन के साथ भव्य रासलीला का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रासलीला के उद्घाटन समारोह में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दुद्धी के पूर्व विधायक हरिराम चेरो तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रामाज्ञा सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मुकुट पूजन कर किया विधि-विधान से मुकुट पूजन संपन्न हुआ और वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सुरेंद्र अग्रहरी, सतवंत सिंह, जसवंत सिंह, लल्लन सिंह, देवधारी गुप्ता, सीताराम शर्मा मौजूद रहे।

एनसीएल की जमीन पर भवन निर्माण को लेकर विवाद

रेहटा गांव में पुनर्वास प्लाट की निर्धारित सीमा से अधिक भूमि पर निर्माण का आरोप

अनपरा(सोनभद्र)। ग्राम रेहटा में एनसीएल ककरी परियोजना की खाली पड़ी भूमि पर भवन निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने सरकारी भूमि पर अनधिकृत कब्जे की आशंका जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि एनसीएल के सुरक्षा कर्मियों द्वारा मना किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मामले में पुनर्वास प्लॉट की निर्धारित सीमा से अधिक जमीन पर कब्जा किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, एनसीएल ककरी परियोजना में कार्यरत कर्मचारी रामदयाल केशरी उर्फ रामू केशरी, पुत्र सागर, जो डंपर ऑपरेटर बताए जा रहे हैं, तथा हीरालाल खरवार, पुत्र जोखन, से जुड़े भूमि और भवन निर्माण के मामलों की जांच आवश्यक है। आरोप है कि एनसीएल की भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर भवन निर्माण कराया जा रहा है।

मोरवा में हादसे के बाद फरार एंबुलेंस पुलिस ने ढूंढ निकाली

चालक की तलाश जारी, एनसीएल के झिंगुरदा अस्पताल में तैनात एंबुलेंस जब्त

सिंगरौली। थाना क्षेत्र में बीते दिनों सब्जी मंडी के समीप वार्ड क्रमांक 3 स्थित बीईएमएल कॉलोनी के पास सड़क हादसे के बाद फरार हुई एंबुलेंस को मोरवा पुलिस ने ढूंढ निकाला है। उक्त एंबुलेंस एनसीएल के झिंगुरदा अस्पताल में तैनात बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन को थाने में खड़ा करा लिया है, जबकि हादसे के बाद फरार हुए चालक की तलाश जारी है। जानकारी अनुसार घटना 8 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे की है। शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 08 ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई रविंद्र कुमार सोनी घटना के समय वह अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। इसी दौरान बीईएमएल कॉलोनी के पास तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक आ रही एंबुलेंस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद एंबुलेंस चालक ने मौके पर खड़े अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में रविंद्र कुमार सोनी को चोट आई। घटना के बाद एंबुलेंस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मोरवा निरीक्षक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस दुर्घटना में शामिल एंबुलेंस तक पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। अब फरार चालक की तलाश की जा रही है।

नारद मोह की लीला देख श्रद्धालु हुए भावविभोर

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर रामलीला मंच पर गुरुवार को नारद मोह की मनमोहक लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लीला की शुरुआत इंद्रदेव के दरबार से हुई। हिमालय की तराई में नारद जी की तपस्या से विचलित इंद्रदेव ने कामदेव और अप्सराओं को उनकी तपस्या भंग करने के लिए भेजा। तपस्या भंग होने पर नारद जी को अपनी विजय का अहंकार हो गया। इसके बाद भगवान विष्णु ने अपनी माया से नारद जी के मन में मोह उत्पन्न किया। श्रीनिवासपुर में राजा शीलनिधि की पुत्री विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद जी विवाह की इच्छा लेकर पहुंचे।

रेणुकूट हिंडालको रामलीला की तैयारियां जोरों पर

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद, रेणुकूट विगत 61 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का भव्य एवं सफल मंचन करती आ रही है। यह आयोजन हिंडाल्को परिवार का गौरव होने के साथ-साथ पूरे सोनभद्र जनपद में अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान रखता है। आयोजन की विशेषता यह है कि इसका संपूर्ण संचालन एवं अभिनय हिंडाल्को रेणुकूट परिवार के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जो समर्पण, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस वर्ष 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आदित्य पाण्डेय के मार्गदर्शन में कलाकारों को निखारने एवं मंच के लिए तैयार करने में राजेंद्र सिंह शेखावत, राजेश सिंह एवं विकास शाह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री रामलीला परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस बार लगभग 400 कलाकार भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन करेंगे। इनमें कंपनी में कार्यरत कर्मचारी, उनके परिवारजन के साथ-साथ स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। इस बार रामलीला मंचन को और अधिक भव्य एवं प्रभावशाली बनाने के लिए मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि एवं पात्रों की प्रस्तुति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दर्शकों को रामायण के प्रमुख प्रसंगों का जीवंत, भावपूर्ण एवं आकर्षक मंचन देखने को मिलेगा। परिषद की ओर से बताया गया कि रामलीला को यादगार बनाने के लिए कलाकारों एवं आयोजन समिति द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियां की जा रही हैं। श्री रामलीला परिषद, हिंडाल्को रेणुकूट की ओर से सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से रामलीला मंचन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लेने तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।



थाना समाधान दिवस पर सबसे अधिक राजस्व संबधित पड़े मामले

२९ मामलों का निस्तारण

सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त अनेक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किए जाने पर बल दिया गया, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। थाना समाधान दिवस का विवरण देते हुए बताया गया कि पुलिस विभाग से 5 प्रार्थना पत्र लंबित थे तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित 77 प्रार्थना पत्र पूर्व से लंबित थे जबकि आज पुलिस विभाग से जुड़े 09 प्रार्थना पत्रों में से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया इसी प्रकार राजस्व विभाग से जुड़े 54 प्रार्थना पत्रों में से 25 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

चंद्रुआर-घरसड़ी में क्षतिग्रस्त पुल बना खतरा, मरम्मत कराने की मांग

अनपरा(सोनभद्र)। चंद्रुआर-घरसड़ी गांव के पास कई महीनों से क्षतिग्रस्त लोहे के पुल की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुल की जर्जर स्थिति के कारण स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पुल और आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रात के समय दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

सपा कार्यकर्ताओं ने दी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि

नेताजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की लड़ाई के एक सशक्त प्रतीक थे

ओबरा(सोनभद्र)। नेताजी का संघर्ष, समाजवाद का विचार और सामाजिक न्याय का संकल्प सदैव हम समाजवादियों को प्रेरणा देता रहेगा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को ओबरा नगर स्थित समाजवादी पार्टी के स्थानीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौजूद कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा देश और प्रदेश की राजनीति में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। नेताजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाजवाद, सामाजिक समरसता और समाजवादी पार्टी की विचारधारा पर अपने विचार व्यक्त किए। रमेश वर्मा ने कहा नेताजी मुलायम सिंह यादव केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की लड़ाई के एक सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, पिछड़ों, दलितों, वंचितों और शोषितों के हक एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित किया। उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना मात्र नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों को सम्मान और अधिकार दिलाना था, जिनकी आवाज लंबे समय तक व्यवस्था में अनसुनी की जाती रही। पूर्व नगर अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी रामअवध यादव ने कहा नेताजी ने समाजवादियों को सिखाया कि समता, समानता और सामाजिक न्याय केवल भाषणों के विषय नहीं हैं, बल्कि इन्हें धरातल पर उतारने के लिए निरंतर संघर्ष, त्याग, साहस और जनसेवा की भावना आवश्यक है। श्रद्धांजलि सभा में रमेश वर्मा, रामअवध यादव, अशोक यादव, ज्यूतेश गौतम, खुर्शीद आलम, मुस्तफा रजा सिद्दीकी, अमरनाथ

नवरात्रि में मांस-मुर्गा की दुकानें रहेगी बंद

बीजपुर(सोनभद्र)। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री उपेंद्र प्रताप सिंह , प्रखंड अध्यक्ष यशवंत सिंह प्रखंड मंत्री प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा एवं बजरंग दल के प्रखंड संयोजक मनीष यादव ने थाना प्रभारी अविनाश सिंह से शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान आगामी नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रखंड क्षेत्र में मांस-मुर्गे की दुकानों को बंद रखने सहित क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने नवरात्रि के दौरान धार्मिक आस्था एवं पर्व की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के विषय में अपनी बात रखी। इसके अतिरिक्त बीजपुर प्रखंड क्षेत्र की अन्य समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं सुव्यवस्था बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर थाना समाधान दिवस पर जताया विरोध

१७ से पूरे प्रदेश में काम ठप किये जाने की चेतावनी

शाहगंज(सोनभद्र)। थाना समाधान दिवस पर लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। वे अपनी आठ सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। संघ ने 8 अक्टूबर से ऑनलाइन कामों का बहिष्कार शुरू किया था। 10 अक्टूबर को थाना दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। लेखपालों ने बताया कि 17 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में काम ठप कर दिया जाएगा। ऑनलाइन काम बंद होने से आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी काम रुक गए हैं, जिससे तहसील स्तर पर व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। लेखपालों का कहना है कि उन्हें आम लोगों की परेशानी का एहसास है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। इसलिए आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमित शुक्ल, जिलामंत्री चंद्रशेखर, तहसील अध्यक्ष गोपेन्द्र पाण्डेय, मंत्री अनूप यादव, रवि, राहुल, आदित्य, अजय विक्रम, सुरेन्द्र, अनुराग, मिथिलेश, रविकांत, रंजीत, अर्पित, संजीव, शीला, लक्ष्मी, सोनालिका, अल्का सहित कई लेखपाल मौजूद थे।



पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर बना सब्जी मंडी का दुर्गा पूजा पंडाल

रेणुकूट(सोनभद्र)। स्थानीय सब्जी मंडी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जय मां शेरावाली क्लब की ओर से इस वर्ष पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। पंडाल की सजावट और आकर्षक स्वरूप श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है। जय मां शेरावाली क्लब के अध्यक्ष संजय कुशवाहा ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पूजा को भव्य रूप देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पंडाल को पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव होगा। पंडाल निर्माण के साथ ही सजावट के कार्य को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान नगर को आकर्षक ढंग से सजाने की परंपरा रही है। इसी क्रम में मुख्य चौराहे से लेकर दर्जी मार्केट तक मुख्य मार्ग को रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया जाता है। शाम होते ही रोशनी से जगमगाता मार्ग पूरे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाता है। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन करते हैं। सब्जी मंडी में आयोजित होने वाला यह दुर्गा पूजा महोत्सव स्थानीय लोगों के लिए आस्था और उत्साह का प्रमुख केंद्र है। क्लब के सदस्यों की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा का दर्शन कर सकें।

आरोग्य मंदिर पर लटका मिला ताला

बीजपुर(सोनभद्र)। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों की पोल गुरुवार को एक बार फिर खुल गई। बीजपुर पुनर्वास प्रथम स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुरुवार शाम उस वक्त स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर लापरवाही उजागर हुई जब प्रसव पीड़ा से तड़पती एक गर्भवती महिला को अस्पताल में ताला बंद मिला।मौके पर डॉक्टर और स्टाफ के नदारद रहने के चलते महिला को एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। नेमना निवासी तबरेज हुसैन अपनी पत्नी फातिमा खातून को तेज प्रसव पीड़ा होने पर शाम करीब 4 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि वहां केंद्र के गेट पर ताला जड़ा हुआ था। अस्पताल परिसर से डॉक्टर,एएनएम और आशा कार्यकर्ता सभी जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी पूरी तरह गायब थे।

ग्राम पंचायत सचिव पर पैसा हड़पने का आरोप

प्रयागराज में जमीन की रजिस्ट्री के लिए दिये गये थे रुपये, वापस दिलाने की मांग

अनपरा(सोनभद्र)। ग्राम पंचायत कुलडोमरी के पूर्व सचिव सुरेंद्र कुमार के खिलाफ छोटेलाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। 27 सितंबर को भेजे गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता ने कथित तौर पर दिए गए रुपये वापस दिलाने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता छोटेलाल के अनुसार, चार सितंबर को मुख्यमंत्री के ऑनलाइन पोर्टल पर भी इस मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पत्र में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2023 में प्रयागराज सिटी में जमीन खरीदने के लिए सुरेंद्र कुमार को रुपये की आवश्यकता थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि उनके परिवार के खातों में एक लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से आए थे। इसके बाद ग्राम पंचायत रणहोर के अशोक कुमार गुप्ता, जिन्हें पत्र में सफाईकर्मी बताया गया है, के नाम से कथित तौर पर चेक काटकर रुपये लिए गए। शिकायतकर्ता ने जमीन की रजिस्ट्री में लगभग सात लाख रुपये खर्च होने का भी उल्लेख किया है। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सुरेंद्र कुमार से रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। इस संबंध मे जब आरोपों की पड़ताल की गई तो सचिव सुरेंद्र कुमार ने फोन रिसीव नहीं किया।

सीबीआई की कार्यप्रणाली, निष्पक्षता के महत्व पर डाला गया प्रकाश

सिंगरौली। कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनसीएल मुख्यालय के सीईटीआई परिसर स्थित एमडीआई भवन में निवारक सतर्कता पर एक विशेष सत्र आयोजित हुआ। सत्र में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक एवं शाखा प्रमुख सतीश कुमार राठी ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। सतीश कुमार राठी ने सीबीआई के इतिहास एवं कार्यप्रणाली, सार्वजनिक सेवाओं में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता के महत्व तथा भ्रष्टाचार और लालफीताशाही के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, जांच की प्रक्रिया, भ्रष्टाचार संबंधी सूचना के स्रोत तथा निवारक सतर्कता की रणनीतियों के बारे में भी जानकारी दी। सत्र में कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण सुनिश्चित करने में निवारक सतर्कता की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक उपायों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत एनसीएल के महाप्रबंधक सतर्कता कमलेश बनसोड के स्वागत संबोधन से हुई। एनसीएल सतर्कता जागरूकता अभियान की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर सभी परियोजनाओं व इकाइयों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस मौके पर एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं सभी परियोजनाओं व मुख्यालय से अधिकारी मौजूद रहे।

४५ गोल्ड के साथ मुख्यांचल हुआ चैंपियन

दुद्धी(सोनभद्र)। टीसीडी मैदान पर 35वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्रों ने भारत के नक्सा का स्वरूप देकर मानव श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि नगर पंचायत में 2 करोड़ की लागत से खेल-कूद के लिए यह पार्क बन रहा है। यह बच्चों के खेल-कूद के लिए झूला, चरखी, जिम, ओपन जिम सब लगेगा। एक बिल्डिंग निर्माणाधीन है जिसमें टेबल, टेनिस, शतरंज, कैरम बोर्ड खेलने का व्यवस्था होगी। इस बिल्डिंग में संगीत सीखने की व्यवस्था भी होनी है।

जनपद को झोपड़ी मुक्त बनाने की तैयारी, डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश

सड़कों पर नहीं लगेगा सब्जी बाजार, कूड़ा दिखने पर होगी जवाबदेही



बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्वच्छता, आवास, बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा, राजस्व वादों के निस्तारण और जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने झोपड़ी मुक्त बलिया बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जिन लोगों के मकान बाढ़ या अन्य कारणों से गिर गए हैं और जो वर्तमान में दूसरे की जमीन पर अथवा अस्थायी झोपड़ियों में रह रहे हैं, उनकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। ऐसे पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कर तत्काल आवास उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में बाढ़ के पानी से 2,707 व्यक्तियों की जमीन कटान हुई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित किसानों का मुआवजा लंबित न रहे और भुगतान की प्रक्रिया तत्काल पूरी की जाए। शहरों और कस्बों में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी मंडियों की साफ- सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जहां-जहां सब्जी बाजार लग रहे हैं, वहां उपयुक्त स्थान चिह्नित कर बाजार लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी भी दुकानदार को सड़क पर सब्जी बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी जाए। जिले की 12 नगर पंचायतों और नगर पालिका परिषदों में कूड़ा उठान एवं निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को निर्देशित किया गया कि कूड़ा एकत्र करने के लिए निर्धारित स्थान चिह्नित किए जाएं। जिलाधिकारी ने रसड़ा, नगरा और बैरिया में निर्माणाधीन गौशालाओं का निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए। बलिया नगर में गौशाला नहीं होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौशाला निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने को कहा। स्टांप राजस्व से संबंधित कार्यों में विभिन्न विभागों की प्रगति खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस रैंकिंग में बलिया जनपद 11वें स्थान पर है। रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। अंश निर्धारण के कार्य में बलिया सदर, बैरिया और बांसडीह तहसीलों में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित एसडीएम को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पारिवारिक लाभ योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना, स्वच्छता बनाए रखना और जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, सभी एसडीएम एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

किशोरी ने फंदे से लटककर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

हल्दी (बलिया)। थाना क्षेत्र के कठहीं गांव में शनिवार को सुबह करीब आठ बजे एक 15 वर्षीय किशोरी ने कथित रूप से फंदे से लटककर जान दे दी। बताया जाता हैं कि घटना के समय उसकी मां रसोई घर में खाना बना रही थी। कोई कार्य वश अपने घर में गई तो रीमा को फंदे पर लटका देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह दहाड़े मारकर रोने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कठहीं गांव निवासी त्रिभुवन यादव की 15 वर्षीय पुत्री रीमा चार बहनों में सबसे बड़ी थी। उसका एक छोटा भाई भी है। घटना के समय उसकी मां रसोई घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान रीमा ने साड़ी के सहारे पंखे से फंदा लगा लिया। घटना की जानकारी होने पर डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता और हल्दी थानाध्यक्ष राजू कुमार राय ने घटनास्थल का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। किशोरी की मां उर्मिला देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि फांसी लगाने से किशोरी की मौत हुई है, शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना समाधान दिवस में ७५शिकायतें प्राप्त, ११ का निस्तारण



बलिया। जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 75 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 11 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने कोतवाली और सुखपुरा थाने में पहुंचकर जनसुनवाई की। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कोतवाली और सुखपुरा थाने का औचक निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर करे, ताकि फरियादियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। **बैरिया।** थाने में शनिवार को उपजिलाधिकारी रमेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित आठ मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर एके मिश्रा आदि मौजूद रहे।

हर स्कूल में बनेगी परिवहन सुरक्षा समिति, बिना महिला अटेंडेंट के नहीं दौड़ेंगे वाहन

नगरा (बलिया)। स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के सख्त रुख के बाद बलिया में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी माध्यमिक विद्यालयों को कड़ा निर्देश जारी किया है। डीआईओएस मनोज कुमार मिश्र द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जनहित याचिका गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स बनाम उप्र राज्य व अन्य में हाईकोर्ट द्वारा 7 सितम्बर 2026 को पारित अंतरिम आदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाए। शासन के निर्देश पर अब जनपद के प्रत्येक वाहन संचालित करने वाले विद्यालय में 'विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य कर दिया गया है। यह गठन उप्र मोटरयान 26वां संशोधन नियमावली 2019 के नियम 222- जी के तहत होगा। समिति में विद्यालय प्राधिकारी अध्यक्ष होंगे, जबकि जिला मजिस्ट्रेट, बीएसए, डीआईओएस द्वारा नामित अधिकारी, संबंधित थाने के एसएचओ, चौकी प्रभारी, अभिभावकों के 2 प्रतिनिधि, वाहन ऑपरेटरों के 2 प्रतिनिधि और स्थानीय निकाय का एक प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। प्रत्येक स्कूली वाहन में चालक के साथ एक परिचर का होना अनिवार्य है। यदि वाहन में बालिका विद्यार्थी हैं तो परिचर के रूप में महिला को ही रखना अनिवार्य होगा। डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा और परिवहन आयुक्त के पत्र दिनांक 12 व 18 सितम्बर के अनुसार तत्काल कार्रवाई कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बीईओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जिन विद्यालयों में वाहन संचालित हो रहे हैं उन्हें हर हाल में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाएगा।

दलितों, वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे नेताजी

बोले संग्राम सिंह यादव, मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि एवं रामगोविन्द चौधरी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



बलिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' की चौथी पुण्यतिथि तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय रामगोविन्द चौधरी की स्मृति में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। फेफना विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, नौजवानों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। वहीं, स्वर्गीय रामगोविन्द चौधरी ने भी समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को सदन से सड़क तक उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव और रामगोविन्द चौधरी जैसे नेताओं का जीवन समाज सेवा, संघर्ष और जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य, सुशील पाण्डेय कान्हजी, लक्ष्मण गुप्ता, साथी रामजी गुप्ता, अकमल नईम खान मुन्ना, डॉ.प्रमोद यादव, श्री भगवान वर्मा, अजय यादव, हरेंद्र गोंड, देवेश चतुर्वेदी, रामेश्वर पासवान, जलालुद्दीन जेडी., अंगद मिश्र फौजी, कामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन बीरबल राम ने किया। सिकंदरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपा कार्यालय में मनाई गई। विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में समाज के विभिन्न वर्गों के हितों के लिए कार्य किया। उन्होंने विशेष रूप से गरीबों, किसानों, छात्रों, नौजवानों और वंचित वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। रामजी यादव, भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, गुरुजलाल राजभर, संतोष सिंह, चंद्रबली पासवान, अजीत पासवान, चंद्रबली राजभर, संजय यादव, रामायण यादव, चंद्रमा यादव, देवनारायण यादव आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही पशु तस्करी, पुलिस मौन

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र इन दिनों गो तस्करों के लिए काफी महफूज हो गया है। इलाकाई पुलिस की लापरवाही से तस्करों का मनोबल काफी बढ़ गया है और वे धड़ल्ले से गौ तस्करी को अंजाम दे।थे हैं। हैरत यह है कि सब कुछ जानते हुए पुलिस अनजान बने हुए है। सरकार गो वंशियों के संरक्षण के लिए आश्रय स्थलों पर लाखों रूपये खर्च कर रही है लेकिन कतिपय लोगों की सह पर इन गो वंशियों को काटने के लिए गैर प्रांत भेज दिया जा रहा है। इलाके के गढ़मलपुर, पूर, जगदरा और रक्सा दैनिया से गो वंशियों की बड़ी खेप खेजुरी अजनेरा नहर के रस्ते हर सप्ताह मनियर भेजा जा रहा है। जहां से उन्हें नाव के सहारे बिहार भेज दिया जाता है। स्थानीय लोगों की माने तो यह कार्य पकड़ी और खेजुरी थाने के हल्का सिपाहियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। जबकि पशु तस्करी में संलग्न लोगों के खिलाफ जिले के नगरा और बांसडीह सहित आधा दर्जन थानों में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। फिर भी पुलिस उन पर नजर रखने की बजाय उन्हें संरक्षण देने का कार्य कर रही है। लोगों का आरोप है कि पशुओं की सुरक्षा के लिए पशु उत्पीड़न कानून भी बना है पर यहां इसका खुला उल्लंघन हो रहा है। इस संबंध में कई बार सक्षम अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अपराधियों पर होगी कठोर कारवाई, थानों की सीसीटीवी से होगी निगरानी

नवागत एसपी डॉ. ईरज राजा ने पत्रकारों से की वार्ता

बलिया। नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने कहा कि जिले में अपराध और माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। संगठित अपराध, अवैध तस्करी और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वह शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में मीडिया के पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। एसपी ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ जनसुनवाई को पारदर्शी और प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। थानों पर आने वाले फरियादियों और पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण कराया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुलिस



की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्प डेस्क को अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने और अपराधियों में कानून का भय पैदा करने के लिए पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी। रात्रि गश्त के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी प्रभावी ढंग से कराई जाएगी। मीडिया से संवाद के दौरान एसपी ने पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। एसपी ने बताया कि जिले के सभी थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए कैंप कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

बाइक से सड़क पर गिरी वृद्धा, मौत

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के हल्दीरामपुर मौजा रामपुर निवासी मालती देवी (62) पत्नी घूराराम शनिवार को अपने बेटे गुलाबचंद के साथ बाइक पर बैठकर दवा लेने मालीपुर स्थित न्यूरो चिकित्सक के पास जा रही थीं। इसी दौरान तिरनई चट्टी के समीप अचानक उनकी चप्पल बाइक के पिछले चक्के में फंस गई। चप्पल फंसने से वह बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। मालती देवी को सीएचसी सीयर पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गयी। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

एक नजर इधर भी

स्कूल गई नाबालिग छात्रा लापता, प्राथमिकी दर्ज

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने थानाध्यक्ष नगरा को दी तहरीर में बताया कि 28 जुलाई 2026 को उसकी पुत्री स्कूल के लिए घर से गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजन लगातार तलाश करते रहे। गांव वालों से पता चला कि युवक अमित यादव उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोपी के घर जाने पर उसके परिजनों ने बताया कि वह भी 28 जुलाई से बिना बताए कहीं चला गया है। विवेचना उपनिरीक्षक पवन निगम को सौंपी गई है। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर छात्रा की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पिता की मौत के मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा दुर्घटना में पिता की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुत्र को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन),फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय, बलिया के आदेश पर दोकटी पुलिस ने अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दोकटी थाना क्षेत्र के बाबू के शिवपुर निवासी कृष्ण कुमार चौधरी के अनुसार उनके पिता रमेश चौधरी 16 अप्रैल 2024 को ई-रिक्शा से बैरिया से घर लौट रहे थे। आरोप है कि चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान ई-रिक्शा खपड़िया बाबा गेट से टकरा गया, जिससे रमेश चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। कृष्ण कुमार का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने दोकटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद 26 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक बलिया को पंजीकृत डाक से शिकायत भेजी, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। अंतत: उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

खेत से विद्युत मोटर चोरी, लोगों में आक्रोश

सिकन्दरपुर (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिवानकला गांव में अज्ञात चोरों ने विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी के भतीजे के खेत से सिंचाई के लिए लगी विद्युत मोटर चोरी कर ली। सिवानकला निवासी रजिक रिजवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत के पास सिंचाई के लिए विद्युत मोटर लगाई गई थी, जिसे बीती रात अज्ञात चोर चुरा ले गए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने सिकन्दरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए मोटर की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सवाल यह है कि जब जनप्रतिनिधि के परिजन भी चोरी की वारदात से नहीं बच पा रहे हैं, तो आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था कितनी प्रभावी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह सिकन्दरपुर ने दूरभाष पर बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ के पानी में डूबने से बालक की मौत

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद नौबरार गांव में शनिवार की शाम रिंग बांध पर खेलते समय पैर फिसलने से बाढ़ के गहरे पानी में डूबकर सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार इब्राहिमाबाद नौबरार के रामेश्वर टोला निवासी सनोज पासवान का सात वर्षीय पुत्र रितिक कुमार शनिवार की शाम अपनी बुआ के साथ रिंग बांध पर गया था। वहां वह खेल रहा था, इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह बांध के नीचे सरयू नदी के बाढ़ के गहरे पानी में चला गया। बालक को पानी में डूबता देख उसकी बुआ ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद रितिक को पानी से बाहर निकाला। उसे सीएचसी सोनबरसा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी सूर्यभान सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही तहसील प्रशासन से वार्ता कर पीड़ित परिवार को नियमानुसार जल्द से जल्द सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की।उन्होंने शव का पोस्टमार्टम शीघ्र कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी(सीएमओ)से भी बात की,ताकि परिजनों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में परेशानी न हो।

बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

बलिया। बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में फुटकर दवा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों के संचालन से संबंधित प्रस्तावित नियमों के विषय में प्रदेश संगठन से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि सभी सम्मानित केमिस्ट भाइयों को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि नियम फुटकर दवा विक्रेताओं पर लागू नहीं होंगे। इस संबंध में आयुक्त की ओर से भी स्पष्ट निर्देश प्राप्त हो गए हैं। प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल जी ने दूरभाष के माध्यम से हमें इस महत्वपूर्ण निर्णय से तत्काल अवगत कराया। साथ ही, उन्होंने बताया कि अब इस विषय में जनपद स्तर पर अलग से कोई ज्ञापन देने की आवश्यकता नहीं है। अनिल त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, विशाल सिंह, महामंत्री बब्बन यादव, वरुण तिवारी आदि मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

बेल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय नगर पंचायत बरनवाल धर्मशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। कथावाचक पंडित ओमप्रकाश दास जी महाराज के श्रीमुख से कथा हो रही है। कथावाचक ने अपने सारगर्भित प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण के कल्याणकारी स्वरूपों का बखान किया। उन्होंने महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण द्वारा गीता में दिए गए उपदेशों को उद्धृत किया। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेश भारतीय धर्म एवं संस्कृति की आत्मा हैं। उपदेशों को आत्मसात कर जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चन के साथ हवन यज्ञ से कथा का समापन हुआ। समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर मंगल कामना की।

तत्काल टिकट का कोटा हुआ हाफ, प्रीमियम टिकट आम लोगों के बस के बाहर

बैरिया (बलिया)। रेलवे ने तत्काल टिकट का कोटा किया आधा, अब आधा तत्काल टिकट रेलवे प्रीमियम के दर से बेचेगा। इसमें यात्रियों की जेब होगी ढीली, टिकट के बदले सामान्य टिकट मूल्य से कई गुना अधिक करना पड़ेगा भुगतान। उदाहरण के लिए सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से लोकनायक टर्मिनल मुंबई का एसी तृतीय क्लास का 1695 रुपया जबकि तत्काल टिकट के लिए 2620 रुपये यात्रियों को खर्च करने पड़ते है। वही इस स्टेशन के लिए प्रीमियम टिकट लेने पर एक टिकट का न्यूनतम मूल्य 6142 रुपये भुगतान करने पड़ेंगे। इस टिकट में न्यूनतम दर तो तय है किंतु अधिकतम दर बर्थों की उपलब्धता और समय निर्धारण करेगा प्रीमियम टिकट हवाई जहाज के टिकट से भी कभी कभी महंगा पड़ेगा। उक्त जानकारी रेलवे के सूत्रों से पास हुई है जिसके बाद लोग सरकार को कोसने लगे हैं। इस संदर्भ में बैरिया निवासी दयाशंकर सिंह, प्रकाशचंद्र मिश्र का कहना है कि तत्काल टिकट का कोटा कम नही करना चाहिए था। प्रीमियम से कोई शिकायत नही है क्योंकि शादी विवाह व त्यावहारो के अवसर पर बहुत सारे नौकरी पेशा लोग तत्काल टिकट लेकर अपने घरों या रिश्तेदारों के पास जाते थे अब उन्हें तत्काल टिकट मिलने में परेशानी होगी। प्रीमियम से टिकट लेना उनके बस की बात नही है। ऐसे में परदेशी कैसे आएंगे यह यक्ष प्रश्न है। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात वाणिज्य अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया की रेलवे का यह नीतिगत फैसला है।

पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



बलिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शनिवार को पार्टी के प्रदेश सचिव अकमल नईम खां मुन्ना के कैंप कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। अकमल नईम खां मुन्ना ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, किसानों, गरीबों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने का काम किया। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्गों की आवाज उठाई और उनके हित में फैसले लिए। अध्यक्षता केदार ओझा व संचालन जयप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान जयप्रकाश श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद, इमरान अंसारी, शाबिर अली, मुहर्रम खां, नवीन सिंह, सुनील चौरसिया, समीउल्ला शेख आदि मौजूद रहे।

साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को मिले २२ हजार रुपये

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के खाते में 22,500 रुपये वापस कराए गए। ठगी की रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने बलिया पुलिस और भीमपुरा थाने की पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, भीमपुरा थाना क्षेत्र के कसौण्डर गोपालपुर निवासी विश्वजीत कुमार पुत्र ऋषिचंद्र राम के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते से 17 जून को अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 26,500 रुपये स्थानांतरित करा लिए थे। अपने साथ हुई साइबर ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ ही उसने थाना भीमपुरा पहुंचकर भी मामले की शिकायत की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश के क्रम में पीड़ित के खाते में 22,500 रुपये वापस कराए।

नवरात्र-दशहरा की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त, विसर्जन नदियों में करने पर रोक



बलिया। शारदीय नवरात्र एवं दशहरा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों, रामलीला कमेटियों और दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन इंतजाम, मूर्ति विसर्जन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि मूर्तियों का विसर्जन नदियों में न कर निर्धारित पोखरों और तालाबों में ही कराया जाए। विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पानी, साफ-सफाई और प्रकाश की समुचित व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीजे संचालकों को भी निर्देश दिया गया कि डीजे की ऊंचाई अनावश्यक रूप से न बढ़ाएं, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। जिलाधिकारी ने सभी टाउन एरिया के मंदिरों और पूजा स्थलों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अनिल कुमार, एसपी डॉ इराज राजा, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, सभी एसडीएम आदि उपस्थित रहे।

नवरात्र को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, पूजन सामग्री की खरीदारी तेज

बलिया। शारदीय नवरात्र 11 अक्तूबर से शुरू होने जा रहा है। पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तैयारियां तेज हो गई हैं। घरों में साफ-सफाई और पूजा स्थलों को सजाने का काम चल रहा है। वहीं, बाजारों में माता की मूर्ति, चुनरी, शृंगार सामग्री, कलश और पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को शहर के प्रमुख बाजारों में काफी चहल-पहल देखने को मिली। शहर के स्टेशन रोड, शहीद पार्क चौक, सिनेमा रोड और कासिम बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोग अपनी जरूरत के अनुसार पूजा के सामान खरीदते नजर आए। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू होगी। इसके बाद लगातार नौ दिनों तक श्रद्धालु विधि-विधान से माता की आराधना करेंगे। नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालु भी तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए कुट्टू और सिंघाड़े का आटा, साबूदाना, मखाना, फल, दूध समेत अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी की जा रही है। उधर, देवी मंदिरों में रंग-रोगन और बिजली की झालरों से सजावट का काम अंतिम चरण में है। मंदिरों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। नवरात्र को देखते हुए फल और फूलों की मांग भी बढ़ने लगी है। व्यापारियों को उम्मीद है कि पर्व के दौरान बाजार में अच्छी बिक्री होगी और कारोबार में तेजी आएगी। वहीं नवरात्र को लेकर बाजारों में भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पुलिस की तैनाती भी कर दी गई है।

सीएमओ के निरीक्षण में दो चिकित्सा अधिकारी मिले अनुपस्थित

१५ दिन का वेतन बाधित, सरपतहा समेत छह स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, गैरहाजिर कर्मचारियों पर भी काररवाई

ज्ञानपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार चक ने शनिवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दो चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित मिले। दोनों का 15-15 दिन का वेतन बाधित करने की कार्रवाई की गई। वहीं, अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का भी संबंधित दिवस का वेतन बाधित किया गया। जानकारी के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपराह्न एक बजे 100 बेड संयुक्त चिकित्सालय सरपतहा का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मौजूद नहीं थे। डॉ. विवेक पांडेय और फार्मासिस्ट को निर्देश दिया गया कि कोई भी आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर न जाए। इसके बाद



हड़ताल कर रहे कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद 1:40 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसियापुर का निरीक्षण किया गया। यहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके वर्मा अनुपस्थित मिले। इस पर उनका 15 दिन का वेतन बाधित कर दिया गया। अपराह्न 1:45 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महजूदा के निरीक्षण में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। दोपहर 2:10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां का निरीक्षण किया गया। यहां डॉ. विपिन कुमार यति अनुपस्थित मिले। उनका भी 15 दिन का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद 2:35 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज, 3:20 बजे गोपीगंज और 4:15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई का निरीक्षण किया गया। इन केंद्रों पर अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का संबंधित दिवस का वेतन बाधित करने की कार्रवाई की गई।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मरीजों को किया जागरूक



ज्ञानपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय, ज्ञानपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की टीम ने अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान और उपचार किया गया। साथ ही उन्हें उचित परामर्श देकर मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की ओर से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। र्यक्रम में डॉ. अभिनव पांडेय, मनोचिकित्सक डॉ. विघ्नेश कुमार सिंह, डॉ. अशोक परासर और डॉ. शांति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस में ५१ शिकायतें, पांच का निस्तारण

ज्ञानपुर। जिले के सभी थानों में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस, प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 42 और पुलिस विभाग से जुड़े नौ मामले शामिल रहे। इनमें से राजस्व विभाग के चार और पुलिस विभाग के एक मामले समेत कुल पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। भूमि विवाद और राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को शेष शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया।

विभिन्न थानों से वारंटी सहित १२ गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों समेत कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें नौ लोगों को शांति भंग की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों को चालान कर संबंधित न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, भदोही थाना क्षेत्र में याकूबपुर और गंगापुर से एक-एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। कोईरौना थाना क्षेत्र के अरता से दो, सोनैचा से एक और मदनपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सुरियावां थाना क्षेत्र के अभौली गांव से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सुरियावां कस्बे से एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में पकड़ा गया। उधर, यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक वाहन सीज किया गया। साथ ही 220 दोपहिया और 128 चारपहिया समेत कुल 348 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने इन चालानों के माध्यम से कुल चार लाख 59 हजार 100 रुपये का शमन किया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र आज से

कांवल। रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो रहा है। जो आज से प्रारम्भ होगा और 19 अक्टूबर तक चलेगा। बतादें कि नवरात्र के अवसर पर माता दुर्गा की आराधना बड़े ही विधि-विधान के साथ की जाती है। नवरात्र के संबंध में पं. देवमणि मिश्र ने बताया कि धर्म ग्रंथों एवं पुराणों के अनुसार, शारदीय नवरात्र भगवती दुर्गाजी की आराधना का श्रेष्ठ समय होता है। नवरात्र के पावन दिनों में हर दिन मां के अलग-अलग रूपों की पूजा होती है। जो अपने भक्तों को खुशी, शक्ति और ज्ञान प्रदान करती हैं। नवरात्र का हर दिन देवी के विशिष्ट रूप को समर्पित होता है और हर देवी स्वरूप की कृपा से अलग-अलग तरह के मनोरथ पूर्ण होते हैं। नवरात्र का पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। बताया कि शास्त्रों में नवरात्र पर्व मनाए जाने की दो पौराणिक कथाएं हैं। पहली पौराणिक कथा के अनुसार महिषासुर नाम का एक राक्षस था जो ब्रह्माजी का बड़ा भक्त था। उसने अपने तप से ब्रह्माजी को प्रसन्न करके एक वरदान प्राप्त कर लिया। वरदान में उसे कोई देव, दानव या पृथ्वी पर रहने वाला कोई मनुष्य मार ना पाए। नवरात्र के पहले दिन विधिनुसार घटस्थापना का विधान है। इस बार कलश स्थापना का दो मुहूर्त है। पहला मुहूर्त रविवार को सूर्योदय के बाद और सुबह 7:57 के पहले भी कलश स्थापना होगा जबकि दूसरा अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 34 से 12 बजकर 23 मिनट तक है। इसी समय के अंतर्गत कलश स्थापना उत्तम होगा। नवरात्र के पहले दिन माता दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री के पूजन का विधान है। इस दिन माता दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जाती है। शैलपुत्री की पूजा से समस्त प्रकार के मनोविकार दूर होते। रविवार को माता दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा होगी।

मुकुट पूजन के साथ आज से शुरू होगी रामलीला

कटरा। स्वामी गंगानन्द आदर्श रामलीला कमेटी, कोनिया मण्डल के तत्वावधान में रामलीला मैदान कलातुलसी में आज से 129 वें वर्ष की भव्य रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के पावन चरित्र के मंचन का यह धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से मुकुट पूजन, आरती एवं वंदन के साथ शुरू होगा। महोत्सव के पहले दिन कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध 'नारद मोह' की लीला का सजीव मंचन किया जाएगा। आज से लेकर भरत मिलाप तक पूरा रामलीला मैदान रोशनी और भक्तिमय माहौल से गुलजार रहेगा। इस दौरान दर्शक प्रभु श्री राम के जीवन दर्शन और आदर्शों से रूबरू होंगे। आयोजन समिति ने मंचन, प्रकाश, ध्वनि और दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलाकारों में मंचन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। क्षेत्र के ईटहरा, कलिक मवैया, डीघ में भी धर्मप्रेमी बंधु पावन रामलीला मंचन के साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

धनुषयज्ञ का भव्य मंचन, श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नगर के रामलीला मैदान में बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के पांचवें दिन शनिवार को धनुषयज्ञ की लीला का मंचन किया गया। रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग करने के प्रसंग को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी पहुंचे।

नवरात्र पर सजेगा रामकथा का भव्य दरबार

ज्ञानपुर। नगर से सटे बड़वापुर गांव में नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य रामकथा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां की



जा रही हैं। कथा में आसपास के गांवों सहित जनपद के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन के दौरान नवरात्र अष्टमी के दिन 501 कन्याओं का पूजन किया जाएगा। इसके लिए आसपास के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली 10 वर्ष तक की कन्याओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक उत्कर्ष त्रिपाठी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्र के पावन अवसर पर रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज करेंगे। उनके मुखारविंद से श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों, आदर्शों और मर्यादा से जुड़ी कथाओं का श्रवण करेंगे। आयोजन का उद्देश्य लोगों को धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि नवरात्र अष्टमी के अवसर पर 501 कन्याओं का पूजन विशेष रूप से किया जाएगा। इसके लिए आसपास के प्राथमिक विद्यालयों में

कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज करेंगे रामकथा का रसपान

अध्ययनरत 10 वर्ष तक की कन्याओं को आमंत्रित किया जाएगा। कन्या पूजन के माध्यम से मां दुर्गा के स्वरूप के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाएगी। धार्मिक परंपराओं के अनुसार कन्या पूजन नवरात्र का महत्वपूर्ण अनुष्ठान माना जाता है। आयोजक ने जनपद के सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामकथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बनें।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का पैदल मार्च

सुरियावां। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चौहान के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। 52 बीघा तालाब से शुरू हुआ मार्च रामबाग त्रिमुहानी होते हुए नेतानगर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओ ने पुतला फूंककर नारेबाजी की। इससे पहले बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम हटाने और फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर उठ रही चिंताओं पर आयोग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से सूची से न हटे। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चौहान ने कहा कि जनता के वोट का सम्मान और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश गौतम और प्रदेश सचिव एससी-एसटी विभाग उपेंद्र कुमार भारती ने भी मताधिकार की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते रहेंगे। इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष शबाना खातून, नाजिम अली, मृत्युंजय सिंह टोनी, सरफराज



अहमद, संतोष कुमार पाल, संतोष कुमार धोबी, सजीवन गौतम, विशाल गौतम, सुमित शुक्ला, चिंटू, शक्ति मिश्रा, अनीश शेख, राजेश सरोज, मुस्ताक अहमद, रामू गौतम, वकार अंसारी, शेखर यादव, राकेश पाल, नीरज कनौजिया, विनोद गौतम, ताराशंकर गौतम, हरिलाल बिंद, बसंत लाल गौतम, मोहम्मद मिराज और संदीप भारती समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बावन बीघा तालाब की सड़क पर हुआ पिंडदान

सुरियावां। नगर के ऐतिहासिक बावन बीघा तालाब की सड़क पर ही लोगों ने पिंडदान किया। तालाब के आसपास घास-फूस की सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, नाई सड़क किनारे बैठकर बाल बनाने का कार्य करते नजर आए। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं के लिए



पेयजल की व्यवस्था की गई थी। लोगों ने बनवासी परिवारों से पत्तल-दोना लिया, जबकि शिव भक्त गुरु ने श्रद्धालुओं को चंदन लगाया।

गंगा घाट पर उमड़ी भीड़, विधि-विधान से किया श्राद्ध

गोपीगंज। पितृ विसर्जन पर जनपद के प्रमुख रामपुर गंगा घाट सहित अन्य घाटों पर शनिवार को उमड़ी आस्था की भीड़ ने विधि-विधान पूर्वक पुरखों को नमन करते हुए पिंडदान कर जल अर्पित किया। पितृ पक्ष में एक पखवाड़े तक चले विविध धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत अमावस्या को पितृ विसर्जन पर पुरखों को पिंडदान करने के लिए प्रात:काल से ही लोग गंगा घाट पर पहुंचने लगे थे। समय के साथ रामपुर सहित अन्य घाटों पर भीड़ बढ़ गई। रामपुर गंगा घाट पर जगह कम होने से आसपास गांव के लोग जहांगीराबाद, बरजी, मुलापुर, डेरवा, गुलौरी, चतुर्मुखी, विहरोजपुर, बेरासपुर आदि घाटों पर पिंडदान किया। गोपीगंज नगर में राजमार्ग बड़ा चौराहा से लेकर रामपुर घाट तक जाम की स्थिति बनी रही।

कजरी महामुकाबले में गूंजे लोकगीतों के सुर, विधायक विपुल दुबे ने फीता काटकर किया शुभारंभ

गोपीगंज। पितृ विसर्जन के अवसर पर गिराई स्टेशन रोड पर आयोजित कजरी महामुकाबला एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में लोकगीतों की मिठास और सुरों की जुगलबंदी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विलुप्त होती जा रही पारंपरिक कजरी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम में महिलाओं की भी अच्छी-खासी भागीदारी रही। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर श्रोता झूम उठे और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। बिंद विकास परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक विपुल दुबे ने फीता काटकर किया। परिषद की ओर से पिछले कई वर्षों से पितृ विसर्जन के दिन इस तरह के आयोजन के माध्यम से लोक संस्कृति और पारंपरिक कजरी गायन को जीवंत रखने का प्रयास किया जा रहा है। कजरी महामुकाबले में भदोही के गायक रमेश भंवरा ने अपनी गायकी से समां बांध दिया। उन्होंने लव-कुश प्रसंग समेत कई धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। धार्मिक प्रसंगों से जुड़े गीतों ने लोगों को भक्ति रस में डुबो दिया। वहीं, मिर्जापुर की कजरी गायिका लक्ष्मी यादव ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक कजरी प्रस्तुत कर मुकाबले में चार चांद लगा दिए। उनकी सुरीली आवाज और लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। इसके पूर्व कार्यक्रम में पहुचने पर आयोजक द्वारा मुख्य अतिथि विधायक विपुल दुबे,विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,विजय बिंद, माबूद खान,राजेश बिन्द आदि का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया ।

लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

गोपीगंज। उत्तर प्रदेश में 8 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज कर दिया है। आनलाइन कार्यों के बहिष्कार के बाद शनिवार, 10 अक्टूबर को लेखपालों ने थाना दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 17 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी संपूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। लेखपाल संघ का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर कई बार शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में अपनी जायज मांगों को पूरा कराने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना उनकी मजबूरी बन गया है। संघ ने कहा कि उन्हें किसानों और आमजनमानस को होने वाली परेशानियों की पूरी संवेदना है, लेकिन शासन स्तर पर बार-बार अनदेखी किए जाने के कारण विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 17 अक्टूबर से कार्य बहिष्कार का व्यापक असर तहसील स्तर पर होने वाले राजस्व संबंधी कार्यों पर पड़ सकता है। इससे आम लोगों को विभिन्न प्रमाणपत्रों, राजस्व अभिलेखों और अन्य जरूरी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मुकुट पूजा के साथ सुरियावां की ऐतिहासिक रामलीला शुरू

सुरियावां। नगर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शनिवार को मुकुट पूजा के साथ हुआ। इस दौरान रामलीला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद कलाकारों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। समापन पर भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी की आरती उतारी गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। श्रीराम के जयकारों से रामलीला मंच परिसर गूंज उठा। रामलीला समिति के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारी और सदस्य तैयारियों में जुटे हैं। मुकुट पूजा के साथ ही नगर में रामलीला उत्सव का माहौल बनने लगा है। इस अवसर पर समिति के संचालनकर्ता अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू, लोकेश सेठ, जय कुमार, हरिमोहन, मनोज सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता में छाया ने हासिल किया तीसरा स्थान

जंगीगंज। काशी नरेश विश्वविद्यालय, भदोही में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में रामदेव पीजी कॉलेज, जंगीगंज की छात्रा छाया तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम



रोशन किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसका विषय विकसित भारत की संकल्पना और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं थीं। रामदेव पीजी कॉलेज में एमए हिंदी साहित्य तृतीय सेमेस्टर की छात्रा छाया तिवारी ने अपने प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है और उन्हें अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर मिलता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल

गोपीगंज। घुरीपुर-ज्ञानपुर मार्ग पर टोटो को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान ज्ञानपुर की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बरमोहनी मोढ़ निवासी शिवप्रसाद यादव (55), साधु यादव (65) और रमाशंकर के 20 वर्षीय पुत्र आर्यन यादव बाइक से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वे घुरीपुर-ज्ञानपुर मार्ग पर पहुंचे, अचानक सामने एक टोटो आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी बीच ज्ञानपुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तीनों को रेफर कर दिया गया।

महिला से अश्लील हरकत का विरोध करने पर मारपीट

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में एक महिला ने अपने परिवार के लोगों पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करने, विरोध करने पर मारपीट करने, गला दबाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराई है। पीड़िता सिंधोरा देवी पत्नी साजन सोनखर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, छह अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे वह अपने घर में काम कर रही थी। इसी दौरान उसके जेठ के पुत्र अंकित ने घर में घुसकर उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोप है कि अंकित उसे घसीटते हुए घर से बाहर ले आया। इसके बाद उसकी जेठानी गुड़िया, अंकित, काजल और सास समला देवी ने मिलकर उसे जमीन पर गिरा दिया। महिला का आरोप है कि इस दौरान तीन लोगों ने उसके सीने पर चढ़कर गला दबाया और मारपीट करते हुए बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा। इससे उसके शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोटें आईं। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद किसी तरह उसकी जान बच सकी।

युवा शक्ति सम्मान से सम्मानित हुए चेयरमैन घनश्याम गुप्ता

ज्ञानपुर। क्षेत्र के दशरथपुर संजय नगर में आयोजित युवा शक्ति सम्मान समारोह में चेयरमैन घनश्याम गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन द्वारा नगर के विकास के लिए किए गए कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में योगदान की सराहना की गई। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि चेयरमैन ने अपने कार्यकाल में नगर पालिका क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। उनके कार्यकाल में कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। युवाओं को आगे बढ़ाने और सामाजिक कार्यों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गुप्त, पूर्व प्रधान वंशराज बिंद, रमेश यादव, भारत मौर्य, मुन्ना सिंह, सुरेश बिंद, पांचू लाल, राममूरत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय ने जताया शोक

ऊंज। क्षेत्र के सुघवै गांव निवासी ओम प्रकाश मिश्रा की माता नरमादेवी के निधन पर पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि संजय सिंह, महेंद्र सिंह, राजन, ओम प्रकाश दुबे, धर्मराज मिश्र और विकास नारायण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा मेले को लेकर शांति समिति की बैठक

गोपीगंज।कोतवाली गोपीगज में शनिवार की देर शाम दुर्गा पूजा दशहरा आदि मेले को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई शांति समिति की बैठक में जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने दुर्गा पूजा पंडाल के आयोजकों को निर्देशित किया की दुर्गा पूजा पंडाल में अस्थाई रूप से बिजली का कनेक्शन जरूर ले ले अन्यथा कार्रवाई की जा सकती है बिजली का कनेक्शन न लेने पर कटिया मारी आदि के कारण पूजा पंडाल में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है दुर्गा पूजा पंडाल में मुख्य द्वार के साथ-साथ निकास द्वार भी होना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल में सुरक्षा के मानक का पूरा ध्यान आयोजिक द्वारा रखा जाएगा साथ ही साथ अग्निशमन यंत्रों का भी होना जरूरी है उन्होंने आयोजकों को विशेष रूप से आश्वस्त किया कि पुलिस सुरक्षा के लिए आपके साथ साथ रहेगी इसके साथ ही साथ पंडाल में कैमरे भी जरूर लगवाएं जिससे किसी भी आपातकाल स्थिति में कैमरे की मदद से लोगों की सहायता की जा सके दुर्गा पूजा पंडालून में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्थाएं होना निश्चित रूप से जरूरी है मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर ने बिजली विभाग के अधिकारियों सहित नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया की दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास साफ सफाई पेयजल सहित सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए जाएं इस अवसर पर मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर सहित भारी संख्या में दुर्गा पूजा पंडाल के आयोजक और सभ्रांत लोग मौजूद रहे बैठक के एसपी पुलिस अधिकारियों संग राजमार्ग के मिर्जापुर रोड से होते हुए काली देवी स्थित भव्य पंडाल पर पहुंचकर मौके और स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

खराब हैंडपंप से पानी को तरसे ग्रामीण, जांच के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

ज्ञानपुर। कुंडी खुर्द गांव में खराब पड़े हैंडपंप के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मुरलीधर तिवारी ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर हैंडपंप की जांच कराकर मरम्मत कराने की मांग की है। मुरलीधर तिवारी के अनुसार उनके घर के पास लगा हैंडपंप काफी समय से खराब है। खराबी के कारण उससे पानी नहीं निकल रहा है, जिससे परिवार को पेयजल के लिए दूसरे स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने 25 मई 2021 को संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर हैंडपंप की जांच और रिबोर कराने की मांग की थी। प्रार्थना पत्र के बाद जेई द्वारा हैंडपंप की जांच किए जाने का उल्लेख है। वहीं बीडीओ के स्थलीय सत्यापन में भी मुरलीधर के घर के पास लगा हैंडपंप खराब पाया गया और उससे पानी नहीं निकलने की पुष्टि की गई। सत्यापन के बाद हैंडपंप रिबोर योग्य बताया गया।

अंबेडकर नगर में पेयजल पाइपलाइन लीकेज

सुरियावां। नगर पंचायत के वार्ड एक अंबेडकर नगर में सुरियावां-अभिया मार्ग की मेन सर्विस रोड पर पेयजल पाइपलाइन में लीकेज होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण सड़क पर पानी फैल रहा है। इसी पाइपलाइन से अंबेडकर नगर और रामबाग के उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। वार्डवासियों का कहना है कि जब पेयजल की सप्लाई बंद होती है तो पाइपलाइन में लीकेज के रास्ते गंदा पानी प्रवेश करने की आशंका रहती है। इससे घरों में दूषित पानी पहुंच सकता है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। लोगों ने नगर पंचायत से लीकेज की जांच कराकर तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

नेताजी के विचार, संघर्ष आज भी समाजवादियों के लिए प्रेरणास्त्रोत-प्रदीप

सपा कार्यालय में मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि, सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष का लिया संकल्प

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके विचारों, संघर्षों और समाजवादी आंदोलन में योगदान को याद करते हुए सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव समाजवाद के प्रतीक, संघर्ष के पर्याय और गरीबों-किसानों की आवाज थे। उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाकर समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी विचारधारा न्याय, समानता और धर्मनिरपेक्षता पर आधारित थी। आज के दौर में नेताजी के विचार एकता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नेताजी के आदर्शों पर चलते हुए समाजवादी आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। हसनैन अंसारी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उनके कार्यकाल में चुंगी



समाप्त करने का निर्णय महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1996 में राजभवन घेराव आंदोलन के दौरान वह नेताजी के साथ जेल भी गए थे। उन्होंने नेताजी के संघर्षों को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने की जरूरत बताई। श्रद्धांजलि सभा में विधायक जाहिद बेग, हृदय नारायण प्रजापति, शोभनाथ यादव, आरिफ सिद्दीकी, कमला महतो, रुद्रपति दुबे, लालचंद बिंद, कल्लन यादव, कमलेश यादव, केशनारायण यादव और कामिल अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साउंड बाक्स ठीक करने आये कारीगर ने खाते से उड़ाये ६८ हजार रुपये

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के नथईपुर गांव निवासी एक पान दुकानदार ने साउंड बाक्स ठीक करने आए अज्ञात कारीगर पर धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 68 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने शनिवार को थाना दिवस पर तहरीर देकर मामले में कार्यवाही की मांग की। पीड़ित के अनुसार, वह पहले ही इस संबंध में ज्ञानपुर साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा चुका है। नथईपुर निवासी सतीश चंद्र पांड़ेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह कम पढ़ा-लिखा है और पान की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। लेनदेन की सुविधा के लिए उसने अपनी दुकान पर पेटीएम का क्यूआर कोड रखा था। कुछ समय पहले उसकी दुकान का साउंड बाक्स खराब हो गया था।

शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना देने अमवा पहुंचे लोग

गोपीगंज। क्षेत्र के अमवां माफी निवासी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र नाथ मिश्र की माता स्व. प्रभावती देवी के निधन के बाद शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए लगातार क्षेत्रवासियों व पत्रकार बंधु का आगमन हो रहा है। लोग उनके आवास पर पहुचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को बंशीधर उपाध्याय, ब्रह्मदेव मिश्र, श्याम धर मिश्र, डा.राकेश दुबे,मातिबर शुक्ला,विभूति नारायण सिंह मुकेश सिंह, लोहा सिंह,अजय उपाध्याय, सुभाष मालवीय, रत्नाकर पाठक एवं प्रदीप सिंह सहित अन्य लोगों ने पहुचकर स्व. प्रभावती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढाढ़स बधाया।

झाड़ियों के बीच मिला नवजात शिशु

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के कसीदहा गांव की शर्मा बस्ती में झाड़ियों के पास जीवित नवजात शिशु मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। नवजात को देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई।सूचना मिलने पर पहुची पीआरबी टीम नवजात शिशु के संबंध में चाइल्ड लाइन को सूचना दे दी।चाइल्ड लाइन की टीम में शामिल पवन मौर्या और संजू यादव ने नवजात शिशु को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया और तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।नवजात शिशु मिलने की घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त रहीं।

१२, १३ को जनपदीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता

खमरिया युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से खेलो इंडिया के अंतर्गत जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 12 वा13 अक्टूबर 2026 को राम सजीवन लाल इंटरमीडिएट कॉलेज, खमरिया, भदोही के खेल मैदान पर किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। इस प्रतियोगिता में जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी खेल क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

सुभाषित *पृथ्वीपर तीन ही रत्न हैं जल, अन्न और अच्छे वचन। फिर भी मूर्ख पत्थरके टुकड़ोंको रत्न कहते हैं।* ❑ ऋग्वेद

दिल्लीकी अभेद्य किलेबंदी

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे और एसआईआर रोकनेकी मांगको लेकर शनिवारको जंतर-मंतरपर प्रदर्शनको देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और चाक-चौबन्द रहा। किसी भी अप्रिय घटनाको नियंत्रित करनेके लिए राजधानी दिल्लीकी अभेद्य किलेबंदी की गयी थी। इस दौरान प्रदर्शनमें शामिल होने जा रहे ६०० समर्थकोंको अलग-अलग जगहोंसे हिरासतमें ले लिया गया, जबकि यूट्यूबर ध्रुव राठीको उनके गुरुग्राम स्थित निवाससे ही हिरासतमें ले लिया गया। प्रदर्शनके लिए प्रशासनने अनुमति नहीं दी है, इसके बावजूद काकरोच जनता पार्टी समर्थक जंतर-मंतर पहुंचनेकी कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें पुलिस हिरासतमें ले रही है। जंतर-मंतरपर बुलाये गये पार्टीके प्रदर्शनमें शामिल होनेके लिए पहुंचे सीजेपीके फाउण्डर अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दासको दिल्ली एयरपोर्टपर फ्लाइटसे ही हिरासतमें ले लिया गया। प्रदर्शनकारियोंको रोकनेके लिए प्रशासनकी सख्तीका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि दिल्लीकी २५० ट्रेने निरस्त कर दी गयी हैं और ४५ मेट्रो स्टेशनोंको बन्द कर दिया गया। जंतर-मंतरके चार किलोमीटर दायरेमें शुक्रवार रात दस बजेसे २४ घण्टे यानी शनिवार रात दस बजेतक इण्टरनेट सेवा बन्द कर दी गयी। स्कूल-कालेज बन्द कर दिये गये और परीक्षाओंके कार्यक्रमोंमें बदलाव कर दिये गये हैं। प्रदर्शनसे निबटनेके लिए ३८ हजारसे ज्यादा जवान तैनात किये गये हैं। काकरोच जनता पार्टीके पिछले प्रदर्शनमें हिंसासे सबक लेते हुए सतर्क पुलिस शनिवारको जंतर-मंतरपर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शनको लेकर पूरा अहतियात बरत रही है। दूसरी ओर प्रदर्शनसे एक दिन पहले यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। इस सन्दर्भमें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांतकी अध्यक्षता वाली पीठका यह प्रश्न अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि यदि पुलिसने प्रदर्शनकी अनुमति देनेस इनकार कर दिया तो इसे चुनौती क्यों नहीं दी गयी। पीठने दो-टूक कहा कि यदि प्रदर्शनकी अनुमति नहीं मिली है तो यह प्रदर्शन अवैध होगा। शीर्ष न्यायालयकी इस चेतावनीसे प्रदर्शनकारी भी सहमे दिखे। विरोध प्रदर्शनके एक दिन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधीके नेतृत्वमें विपक्षी दलोंके दस सांसदोंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूसे मुलाकात कर सीईसीके इस्तीफेकी मांग की। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मामलेमें राष्ट्रपतिको विवादमें घसीटा जा रहा है। यह विपक्षी दलोंकी लगातार चुनावमें हारकी हताशा और निराशाको दर्शाता है। विपक्षको अपनी हारके लिए आत्ममंथन करनेकी जरूरत है।

भारतवंशीको नोबेल

आजके दौरमें जब दुनियाके कोने-कोनेमें युद्ध, संघर्ष और अशान्तिका काला साया मंडरा रहा है, तब २०२६ का नोबेल शान्ति पुरस्कार एक बेहद प्रासंगिक सन्देश देता है। भारतीय मूलकी दक्षिण अफ्रीकी न्यायविद् नवनेथम 'नावी' पिल्लईको यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलना इस बातका प्रमाण है कि स्थायी शान्ति केवल हथियारोंसे नहीं, बल्कि न्याय, मानवाधिकार और जवाबदेहीपर टिकी होती है। रंगभेदके क्रूर दौरमें दक्षिण अफ्रीकामें पली-बढ़ी नावी पिल्लईका पूरा जीवन अन्यायके सामने न झुकने और कानूनकी ताकतपर भरोसा रखनेका उदाहरण है। अन्यायके खिलाफ संघर्षका उनका सफर अन्तरराष्ट्रीय न्यायिक संस्थाओं और संयुक्त राष्ट्रतक पहुंचा। युद्ध अपराधों, मानवाधिकारके खिलाफ अपराधों और नरसंहार जैसे गम्भीर मामलोंमें जवाबदेही सुनिश्चित करनेकी दिशामें उनकी भमिका इस विश्वासको मजबूत करती है कि कोई भी व्यक्ति या सत्ता कानूनसे ऊपर नहीं होना चाहिए। उन्होंने नेल्सन मंडेला जैसे महान नेताओंकी कानूनी पैरवी करनेसे लेकर रवांडा नरसंहार और यौन हिंसा जैसे गम्भीर अपराधों सहित अन्तरराष्ट्रीय आपराधिक अदालतोंमें ऐतिहासिक भूमिकाएं निभानेतक हमेशा यह साबित किया है कि न्यायकी ताकत हर तानाशाही और जुल्मसे बड़ी होती है। दोषियोंको हर हालमें कानूनके कटघरेमें खड़ा करना है। आज जब कई शक्तिशाली देश और राष्ट्राध्यक्ष अन्तरराष्ट्रीय संधियों और कानूनोंको ताकपर रखकर अपनी ताकतका प्रदर्शन कर रहे हैं, तब नावी पिल्लईका यह सम्मान वैश्विक समुदायको यह याद दिलाता है कि कानूनके सार्वभौतिक सिद्धान्त किसीके लिए भी झुकने नहीं चाहिए। यह पुरस्कार उन सभी पीड़ितोंके लिए एक उम्मीदकी किरण है, जो अन्यायकी आंधीमें अपनी आवाज खो चुके हैं। नावी पिल्लईको मिला नोबेल शान्ति पुरस्कार केवल एक व्यक्तिके असाधारण कैरियरका सम्मान नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवताको दिया गया एक सन्देश है कि शान्तिका मार्ग न्याय, समानता और कानूनके शासनसे ही होकर गुजरता है।

लोक संवाद

मांकी आराधना

महोदय,-मानवीय सृष्टि ऊर्जासे लबरेज होने जा रही है। दसों दिशाएं मातृवन्दनाके सुरोंसे सजनेको तैयार है। उपासनाके एक नये संस्करणकी शुरुआत मां दुर्गाके स्तवन पूजनसे होगी। उपासनाका यह पर्व देशभरमें बड़े ही धूमधामसे मनाया जाता है। मातृशक्तिको समर्पित इस पर्वमें जनजीवनमें ऊर्जाकी स्थापना होती है। समय निकालकर लोग मांके चरणोंमें बैठते हैं तो मां भी उनकी झोली खुशियोंसे भरनेमें देर नहीं लगाती हैं। मां दुर्गाके नौ स्वरूपोंकी पूजाके द्वारा शक्तिकी याचना की जाती है। समाजमें फैले विकारोंके उन्मूलन हेतु पवित्र विचारोंकी सृष्टिका निर्माण इस पर्वपर होता है। प्रतिपदा तिथिसे नवरात्रिका पावन पर्व शुरू हो जायेगा। मां दुर्गाके एक एक स्वरूपकी हर दिन पूजा-अर्चनाका विधान है। 'यं यं चिन्तयति कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।' ऐसा श्लोक दुर्गा सप्तशतीमें आता है जिसका अर्थ है कि मांकी उपासना उनके भक्तोंकी सभी इच्छाएं पूरी कर देती है। देवी भागवतमें एक प्रसंग आता है जिसमें मां भगवती भगवान श्रीकृष्णके ऊपर आये संकटको टालती हैं। बात उस समयकी है जब भगवान कृष्ण द्वारिकाधीश हुए, उनके राज्यमें सतराजीत नामका एक व्यक्ति था जो सूर्य जीका उपासक था। सूर्य देवने उसकी पूजासे प्रसन्न होकर उसे स्यामंतक नामकी मणि भेंट की जो रोज स्वर्ण मुद्राओंको देने वाली थी। जब कृष्णको इस बातकी खबर लगी तो उन्होंने सतराजीतसे वह मणि यह कहकर मांगी कि इस मणिकी उसे क्या आवश्यकता है यह मणि राजाके पास रहेगी तो राजकोष समृद्ध होगा। लेकिन सतराजीतने भगवान श्रीकृष्णको स्यामंतक मणि देनेसे इनकार कर दिया, कथा आती है कि उसीके बाद एक दिन अचानक सतराजीतका मृत शरीर जंगलमें प्राप्त हुआ और स्यामंतक मणिका कोई अता-पता नहीं लग रहा था। लोगोंमें यह बात फैल गयी कि मणिको जबरन प्राप्त करनेके लिए कृष्ण जीने सतराजीतको मार दिया होगा और मणि स्वयं रख ली होगी। सचाईका पता लगानेके लिए कृष्ण जंगलकी ओर प्रस्थान कर गये। कुछ दिन जब वापस नहीं लौटे तो वसुदेवने मां भगवतीकी विशेष पूजा की और भगवान कृष्ण जी जंगलसे सकुशल मां भवानीकी कृपासे आ गये और मणिकी चोरीका लांछन भी उनके ऊपरसे हट गया। हम जीवोंकी कोई क्या कहे मांकी करुणा तो देवताओंका भी उद्धार करती रही है। महिषासुर और शुम्भ-निशुम्भ जैसे दुर्दान्त दैत्योंका विनाश करने वाली भगवतीकी कृपा उनके भक्तोंके सभी आदिदैविक, आदिभौतिक और आदिदैविक कष्टोंका निवारण कर देती है। मांकी कृपा, करुणा अपरम्पार है। नवरात्रिके पावन अवसरपर माताके चरणोंमें अपना सुख-दु:ख निवेदित करनेको माताके भक्त तैयार हैं। गांव-गांव, शहर-शहर माताकी सुन्दर झांकियोंके पाण्डाल सजाये जा रहे हैं जहां नवरात्रिभर मांकी ममताभरी छांवमें भजन कीर्तन और स्तवनका क्रम चलता रहेगा। बालिकाओंको माताके रूपोंमें देखनेकी दृष्टि भी नवरात्रिके पर्वपर समाजको मिलती है। दुर्गा पूजाके बहाने ही सही नारी सम्मानकी अवधारणाकी एक लकीर भी स्वतः खिंचती दिखाई देती है। दुर्गा पूजा समाजको नारी शक्तिका अहसास भी कराती है। नवरात्रि पर्व केवल आध्यात्मिक अर्थोंमें ही सीमित नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक स्तरपर वह व्यक्ति व्यक्तिके अन्तर्मनकी नौदिवसीय यात्रा है, जिसमें उसके जीवनकी मलिनताका परिष्करण एक एक दिन करके होती है और नौदिवसीय इस मानसिक विकारोंके शोधनके उपरांत जब अंतसमें सद्गुणोंका प्रादुर्भाव हो जाता है तो विजयादशमीके दिन अज्ञानता और अवगुणोंका रावण मारा जाता है। **-रमा निवास तिवारी,वाया ईमेल।**

आस्तिकताकी दिव्य अभीप्सा

प्रकृति मां है। मां प्रथमा है। हम सब मांके अंग हैं। मांका ही विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। मां सृष्टि प्रकृतिकी आदि-अनादि अनुभूति है। मां दिव्य है। मांका अनुभव दिव्यता है। तैत्तिरीय उपनिषद्के ऋषिने मांको देवता कहा है। देवता दिव्यताकी ही घनीभूत अनुभूति है। जहां-जहां दिव्यता, वहां देवता। प्रकृतिका सर्वोत्तम है दिव्यता।

❑ हृदयनारायण दीक्षित

पृथ्वी प्रकृतिका ही अंश है इसलिए पृथ्वी भी माता है। जल सृष्टि सृजनका प्राचीन घटक है। ऋग्वेदमें जल भी माताएं-आप: मातरम् हैं। माता अपने स्वभावसे ही दाता एवं विधाता है। वे अपने प्रेम प्रवाहका प्रतिदान नहीं लेती। जीवन प्रकृतिका अनुग्रह है। इसमें जल है, अग्नि, वायु, आकाश और पृथ्वीके अंश हैं। प्रकृति देवी है। माता है। इस माताका ऋण है हमपर। अनुकम्पाके प्रति धन्यवादी बने रहना भारतीय संस्कृति है। प्रकृतिका दोहन, शोषण यूरोपयी सभ्यता है। प्रकृतिका पोषण, संवर्द्धन भारतीय परम्परा है। व्रत, ध्यान आदि आस्थाके विषय हैं। मुख्य बात है-प्रकृतिमें मां देखनेकी अनुभूति। यह अनुभूति सर्वभूतेषु मातृरूपेण प्रतीति है। यही देवी उपासना है।

देवी उपासना प्रकृतिका ही नीराजन है। दुर्गा सप्तशती (पांचवे अध्याय) में कहते हैं, जो परम दिव्यता देवी मांके रूपमें हरेक तत्वमें उपस्थित है, उन्हें अनेक बार नमस्कार है-या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नम:। यह दिव्यता अनेक रूपोंमें भी प्रकट होती है, अनेक भावोंमें भी उगती है। ऋषि गाते हैं, जो देवी लज्जा, क्षमा और चेतना आदिके रूपमें सभी तत्वोंमें उपस्थित हैं, उसे अनेकश: नमस्कार है। ये नमस्कार भावजगतकी गहराईसे उगे हैं। वे सामान्य कर्मकाण्ड नहीं हैं। देवी दर्शनमें सामने मूर्ति होती है। देखनेमें ही यह मूर्ति है, दर्शनमें नहीं। हम मूर्त शरीरमें यंत्र हैं लेकिन भीतर मंत्र हैं। मूर्तिके पार विराट अस्तित्व है। अस्तित्व मां है। हम उसके अंश। अन्य उपासनाओंमें हम तरल सरल नहीं होते। मां उपासनामें सुविधा है। हम शिशु हैं और अस्तित्व मां। प्रकृति दिव्य है, इस दिव्यताकी अनुभूति दिक्कालमें नहीं रहने देती। प्रसन्नता आह्लाद या पीड़ा छिपाये नहीं जा सकते। हम लाख जतन करें-प्रसन्नता केन्द्रसे फैलकर परिधिपर आ ही जाती है। दिव्यताकी अनुभूति सामान्य प्रसन्नता नहीं है। दिव्यता सम्पूर्णताकी ही आभा और प्रभा है। यही अनुभूति 'नमस्तस्ये नमस्तस्ये, नमो नम:' में प्रकट हुई है।



अस्तित्वका सबसे बड़ा गुण है मां जैसा होना। मां स्वाभाविक ही दिव्य हैं। देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधनाके योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषिने ठीक ही दुर्गा सप्तशतीमें 'या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नम:' कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। मांका रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीवका मूलाधार है। हम मांका विस्तार हैं सो मां जैसी सर्जक पालक शक्तिके निकट होना आनन्ददायी है। सप्तशतीमें संसारकी सारी विद्याओंको भी मां देवी देखा गया है विद्या समस्ता तव देवि भेदा। जो देवी सभी तत्वोंमें मांके रूपमें उपस्थित हैं, उसे बारम्बार नमस्कार है।

प्रकृतिमें अनेक रंग, अनेक रूप। बहरूपधारी वनस्पतियां, कीट-पतिंग, पशु-पक्षी, मनुष्य, नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य और पर्वत। लेकिन सबके भीतर एक चैतन्य आत्म गतिशील है। गीत एक है और छन्द अनेक। गंगा एक घाट बहुतेरे। जल एक है नदी, पोखर, झील, समुद्र, बादल, वर्षा अनेक रूप हैं। अग्नि एक हैं। एक ही अग्नि तत्व सभी रूपोंमें रूप प्रतिरूप हो रहा है। यमने नचिकेताको कठोपनिषद्की कथामें बताया था अग्निर्थेको भुवनं प्रावेष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव-अग्नि है। वही अग्नि हरेक रूपमें प्रविष्ट होकर उसीके अनुरूप हो जाते हैं। प्रकृतिके सभी रूप एक ही चेतनाका प्रकटीकरण हैं। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतन विधीयते' में सभी तत्वोंमें चेतनाके रूपमें उपस्थित देवीको नमस्कार है। सभी तत्व परस्पर अन्तर्सम्बन्धी है। महाऊर्जा एक है। वही दुर्गा है और वही महालक्ष्मी, काली या सरस्वती। हम अपनी सुविधानुसार प्रतीक चुनते हैं। छन्दस प्रिय वीणावादिनी सरस्वतीमें मातृत्व देखते हैं और शक्ति अभीप्सु दुर्गामें। धनप्रेमी लक्ष्मीके साथ जुड़ते हैं। लेकिन सारे रुपये प्रतीक या प्रतिमान हैं। हमारे चित्तका ही रूपायन। हमारी आस्तिकताकी दिव्य अभीप्सा। देवी उपासना प्रकृतिके मातृस्वरूपकी ही आस्तिकता हैं।

प्रकृति भी आस्तिक है। विंध्य पर्वत अतिप्राचीन है। यहां लाखों देवी उपासकोंकी भीड़ जुटती है। देवीको विंध्यवासिनी कहा जाता है। लेकिन इस क्षेत्रको एक और खूबसूरत नाम मिला है-विंध्यांचल। मुझे यह नाम बड़ा प्यारा लगता है। मांके आंचलका विस्तार है-विंध्याचल। आंचल आश्वस्ति है। हम सब शैशवमें बहुत रोये-चिल्लायें हैं। स्मरण है कि मेरी चिल्लपोंपर बड़ोंने डाटा तो और जोरसे चिल्लाये। मांने उठा लिया, सुबकने लगे। मांने आंचलमें लिया तो फिरसे मुस्कान। क्या प्रत्यक्ष इस भौतिक सत्यको अंधविश्वास कह सकते हैं। मैं स्वयं विंध्याचल जाता हूं। बहुत पढ़ा-सुना है इस शक्तिपीठके सम्बंधमें। हमारा मन निर्णायक नहीं है। नास्तिकता कहती है कि यह व्यर्थता है, लेकिन आस्तिकता उपासनाके लिए प्रेरित करती है।

देवी उपासनाका क्षेत्र व्यापक है। असममें है ही कोलकातामें काली दर्शनकी भीड़ लगती है। अव्यवस्थाका राज यहां भी पीड़ादायी है। जम्मूमें वैष्णव देवीकी उपासना शिखर पर्वतपर है। सभी शक्तिपीठ अपनी तमाम कथाओं और रहस्योंसे भरेपूरे हैं। प्रकृति सभी प्राणियोंकी जननी है। डा. राधाकृष्णन्ने गीताके भाष्यमें कहा है सभी जीवित रूपोंकी माता प्रकृति है। प्रकृतिसे हमारा सम्बन्ध मां और संततिका है। उपासना या भक्तिके प्रारम्भमें हम 'दो' होते हैं। एक माता और दूसरे हम। लेकिन सामान्य समझमें मां और हम दो नहीं है। प्रकृति विकाससमान है। सांख्य चिन्तनमें विकार प्रकृति विकासका अगला रूप है। हमारा रूप प्रकृतिका ही रूप है। हमारे गुण प्राकृतिक हैं। सभी रूप प्रकृतिके ही रूप हैं। हम अपनी सुविधाके लिए उन्हें अनेक नाम देते हैं। दुर्गा, काली, सरस्वती, शाकम्भरी, महामेधा, कल्याणी, वैष्णवी, पार्वती आदि आदि। नाम स्मरण बोधमें सहायक हैं। असली बात है-मां। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमो नम:। अंधविश्वास या आस्थाका कोई प्रश्न नहीं। विज्ञान प्रकृतिमें पदार्थ और ऊर्जा देख चुका है। समूची प्रकृति एक अखण्ड इकाई है। इस अखण्ड इकाईका नाम क्या रखें। कठिनाई बड़ी है। नाम रखते ही रूपका ध्यान आता है। रूपकी सीमा है। अखण्ड प्रकृति अनन्त है। असीम और अव्याख्येय।

मां प्रत्येक जीवकी आदि-अनादि अनुभूति है। मांकी देहका विस्तार ही हम सबकी काया है। मां न होती तो हम न होते। मां प्रत्यक्ष ब्रह्म है। आत्मीय ब्रह्म है। ऋग्वेदका सुपरिचित पुरुष है। यही पोषक पालक अदिति है। उसका स्पर्श सर्वोत्तम प्यार है। भारतीय परम्पराका ईश्वर या भगवान सुपरिचित शक्ति नहीं है। उसकी स्तुति भी 'त्वमेव माता-आप माता हैं' से शुरू होती है और त्वमेव पिता, बंधु मित्रतक विस्तार पाती हैं। अस्तित्वका सबसे बड़ा गुण है मां जैसा होना। मां स्वाभाविक ही दिव्य हैं। देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधनके योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषिने ठीक ही दुर्गा सप्तशतीमें 'या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नम:' कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। मांका रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीवका मूलाधार है। हम मांका विस्तार हैं सो मां जैसी सर्जक पालक शक्तिके निकट होना आनन्ददायी है। सप्तशतीमें संसारकी सारी विद्याओंको भी मां देवी देखा गया है विद्या समस्ता तव देवि भेदा। जो देवी सभी तत्वोंमें मांके रूपमें उपस्थित हैं, उसे बारम्बार नमस्कार है-या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नम:।

कृत्रिम बुद्धिमत्ताके खतरे

कृत्रिम बुद्धिमत्ताको लेकर कई तरहके सवाल खड़े किये जा रहे हैं। सवाल इसलिए उठाये जा रहे हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ताके सकारात्मक और नकारात्मक असर हर क्षेत्रमें दिखने लगे हैं। यह 'डीपफेकका खतरा' बन सकता है।

❑ अखिलेश आर्येन्दु

सबसे बड़ा सवाल है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता चुनावमें जनमतको प्रभावित करनेके साथ-साथ लोकतंत्रको अधिक समावेशी और पारदर्शी बना सकती है कि नहीं। हमें यह ध्यान रखनेकी जरूरत है कि भारतका चुनाव आयोग भी कृत्रिम बुद्धिमत्ताके दोहरे प्रभावको स्वीकार कर रहा है। इसलिए दोनों इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक असरको गहराईसे समझनेकी जरूरत है। तकनीकके नये दौरमें चुनावी प्रचारका चेहरा बदल रहा है। भारतमें चुनाव अब केवल मतदान केन्द्रपर जाकर मतपत्र या इलेक्ट्रानिक मशीनका बटन दबानेकी प्रक्रिया नहीं है। चुनावका वास्तविक मायने है। मतदाताको सही और विश्वासनीय जानकारी मिले, वह उम्मीदवारों और राजनीतिक दलोंकी नीतियोंको समझे और उसके बाद अपनी स्वतंत्र बुद्धिसे निर्णय करे। लेकिन डिजिटल युगमें मतदातातक पहुंचने वाली सूचनाका स्वरूप तेजीसे बदल रहा है। अब राजनीतिक दलोंके पास भाषण, समाचारपत्र, पोस्टर, टेलीविजन और जन-सभाओंके साथ एक ऐसा नया साधन भी है जिसकी शक्ति आने वाले वर्षोंमें चुनावी राजनीतिको गहराईसे प्रभावित कर सकती है। यह साधन है कृत्रिम बुद्धिमत्ता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ऐसी तकनीक है जो कम्प्यूटर और मशीनोंकी मानव जैसी भाषा समझने, सामग्री तैयार करने तस्वीर और आवाज बनाने तथा विशाल मात्रामें सूचनाओंका विश्लेषण करनेमें सक्षम बनाती है। इसका सकारात्मक उपयोग लोकतंत्रको अधिक सुलभ और प्रभावी बना सकता है, लेकिन इसके दुरुपयोगसे मतदाताओंको भ्रमित करना भी पहलेकी तुलनामें कहीं ज्यादा आसान हो सकता है। यह लोकतंत्र और चुनाव आयोगके लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है। बदलते वक्तके साथ जनमत और जनमतको अपने पक्षमें करनेका ढंग बदल गया है। अब राजनीतिक दलोंको पहलेसे कहीं अधिक चैकन्ना और त्वरित निर्णय लेने पड़ते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जरिये प्रभावशाली ढंगसे अधिक प्रचार-प्रसार कम समयमें करना सरल हो गया है। राजनीतिक दलोंका जनताकी समस्याओंके अनुरूप अपना सन्देश तैयार करना लोकतांत्रिक प्रक्रियाका हिस्सा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जरिये एक ही सामग्रीको अलग-अलग भाषाओं और स्थानीय संदर्भोंके अनुसार तैयार किया जा सकता है। इससे उस राजनीतिक दलका संदेश या संवाद स्थानीय लोगोंकी भाषामें उनकी चाहतके मुताबिक पहुंचाना आसान हो जायगा। इसी तरह एआईके जरिये स्थानीय लोगोंकी भावनाओंके अनुरूप सामग्री तैयार किया जा सकता है और लोगोंको प्रभावित कर उन्हें अपने पक्षमें करना आसान हो सकता है। लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ताका राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थमें इसका गलत और बेहद खतरनाक इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एआईके इस्तेमालका सबसे नकारात्मक प्रयोग है। मिसालके तौरपर एक झूठी सूचनाको अलग-अलग क्षेत्रोंके अनुरूप ढालकर फैलाना आसान हो जायगा। इसलिए चुनाव आयोगको यह तय करना होगा कि राजनीतिक दल एआईका इस्तेमाल कितना और किस सीमातक करनेके लिए स्वतंत्र हैं। एआईका असर आगामी चुनावोंमें कितना होगा और चुनाव आयोग राजनीतिक दलोंको इसके इस्तेमाल करनेकी सीमा किस तरह तय करता है, यह तो वक्त आनेपर मालूम पड़ जायगा, लेकिन एआईके इस्तेमालपर रोक लगाना मुश्किल होगा, क्योंकि सोशल मीडियाके दौरमें एआई हर व्यक्तिकी जरूरत बनती जा रही है। कुछ ही घंटोंमें वीडियो लाखों लोगोंतक पहुंच जाता है और लोगोंको उसके बारेमें प्रतिक्रिया भी आ जाती है। ऐसेमें एआईका इस्तेमालको कम करके नहीं आंका जा सकता है। जानकारोंके मुताबिक एआईका असर चुनावमें अकेले नहीं होगा, बल्कि सामाजिक माध्यमोंके साथ मिलकर इसका इस्तेमाल किये जानेपर इसका असर कई गुना बढ़ जायगा। लेकिन इसके संदर्भमें कुछ चिन्ताएं भी हैं। एआईसे तैयार की गयी भावनात्मक, सनसनीखेज और उत्तेजक सामग्री तैयार कर जनमनको गुमराह और भ्रमित करना आसान हो जायगा। चुनाव आयोग इस चिन्ताको कैसे दूर करेगा। सचाई कई बार साधारण होती है, जबकि झूठको सनसनीखेज बनाना आसान होता है। इसलिए चुनावके वक्त किसी वायरल वीडियो या संदेशकी लोकप्रियताको उसकी सत्यताका प्रमाण मानना खतरनाक होगा।

चुनाव आयोगके सामने कई तरहकी जिम्मेदारियां हैं। चुनाव आयोग एआईसे बनायी गयी सामग्री और भ्रामक सूचनाके दुरुपयोगको लेकर राजनीतिक दलोंको सावधान किया है। कृत्रिम रूपसे बनायी गयी सामग्रीकी स्पष्ट पहचान बतानेपर जोर दिया गया है। यह पहचान-चिह्न इसलिए महत्वपूर्ण है, ताकि मतदाताको पता रहे कि कोई वीडियो, तस्वीर या आवाज वास्तविक रिकार्डिंग है या कृत्रिम तकनीकसे बनायी गयी सामग्री। चुनाव आयोगके दिशा-निर्देशोंसे ही बात नहीं बनने वाली है। इसके लिए राजनीतिक दलों, सामाजिक माध्यमोंके मंचों, समाचार संस्थानों और आम नागरिकों-सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। राजनीतिक दलोंके सामने सबसे आसान रास्ता यह होगा कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ताको चुनावी हथियारके रूपमें इस्तेमाल करें, लेकिन लोकतंत्रकी नजरियेसे बेहतर रास्ता यह होगा कि इसका इस्तेमाल जानकारी और संवादके माध्यमके रूपमें किया जाय। यदि किसी नेताकी कृत्रिम आवाज तैयार की गयी है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह कृत्रिम है। यदि किसी भाषणका कृत्रिम एआईकी मददसे दूसरी भाषामें रूपान्तरण किया गया है तो उसकी भी जानकारी दी जानी चाहिए। खासकर विरोधी नेताके नकली बयान, नकली वीडियो या नकली आवाजका राजनीतिक लाभके लिए इस्तेमाल लोकतांत्रिक मर्यादाके विरुद्ध माना जाना चाहिए। एआईके बढ़ते चलनको देखते हुए चुनावको पारदर्शी, वास्तविक और लोकतंत्रके अनुरूप बनाये रखना चुनाव आयोगकी ही भूमिका नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और संविधानकी दुहाई देने वाले सभी राजनीतिक दलों सहित जनताकी जिम्मदारी है कि वह एआईके गलत इस्तेमाल करने वाले राजनीतिक दलोंके किसी भी भ्रामक, अलोकतांत्रिक और संदेहपरक इस्तेमालको किसी भी तरह स्वीकार न करें। इसी तरह पत्रकारिताकी जिम्मेदारी कम होनेके बजाय बढ़ेगी। भ्रमक, संदेह और अलोकतांत्रिक एआई सामग्रीके सामने पत्रकारिताके सवाल-दर-सवाल सामग्रीके स्रोतसे संबंधी होने चाहिए। मिसालके तौरपर अमुक वीडियो कब बनाया गया। क्या इसका पूरा संदर्भ उपलब्ध है। क्या इसमें तकनीकी छेड़छाड़ हुई है। तथ्योंकी जांच अब पत्रकारिताका अतिरिक्त काम नहीं रहेगा, यह पत्रकारिताकी मूल जिम्मेदारीका हिस्सा बन जायगा। हम कह सकते हैं कि भविष्यमें किसी समाचार संस्थानकी प्रतिष्ठा केवल उसकी खबर सबसे पहले देनेसे नहीं, बल्कि खबर सबसे विश्वासनीय होनेसे तय होगी।

इसी तरह मतदाताओंको पहलेसे कहीं ज्यादा जागरूक होनेकी जरूरत है। गौरतलब है लोकतंत्रकी रक्षा महज कानून और संस्थाओंसे नहीं होती। देशके नागरिकोंकी जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। किसी भी वीडियोको देखकर तुरन्त आगे भेज देना, बिना स्रोत देखे किसी सन्देशपर यकीन कर लेना या किसी राजनीतिक दावेको केवल इसलिए सच मान लेना कि वह बहुत लोगोंतक पहुंच चुका है, इस मानसिकता और आदतोंसे बचना होगा। यदि मतदाता जागरूक रहेगा तो कोई भी राजनीतिक दल एआईका दुरुपयोग करके उसे भ्रमित या गुमराह नहीं कर पायेगा। इसलिए मतदाताओंमें जागरूकता होते हुए इतना करना होगा कि महत्वपूर्ण राजनीतिक दावेकी पुष्टि विश्वासनीय समाचार स्रोत या आधिकारिक स्रोतसे करे। चुनावमें एआईके बढ़ते चलनने कई सवाल और चिन्ताएं पैदा की हैं। आने वाले चुनावोंमें सबसे गम्भीर समस्या यह हो सकती है कि जनताको धीरे-धीरे किसी भी वीडियो, तस्वीर या आवाजपर भरोसा या यकीन ही न रह जाय और यदि हर वास्तविक आरोपके जवाबमें यह कहा जा सके कि 'यह तो कृत्रिम बुद्धिमत्तासे बनाया गया है' तो वास्तविक घटनाओंको भी झूठ बनाया जा सकता है। इसलिए अभीसे सभीको इस दिशामें सचेत और चौकन्ना रहना जरूरी है।

आत्मबोध

शक्ति और ऊर्जा

❑ धर्मेश कुशवाहा

शारदीय और चैत्र नवरात्रीके दिन अपने-अपने समयावधिपर आते रहते हैं इन दोनों समयमें प्रकृतिमें वातारण एक-सा हो जाता है। इस समय सौरमंडलकी स्थिति एक जैसी हो जाती है, उसके बाद प्रकृति अपना स्वभाव बदलने लगती है। इन दोनों समयमें मां देवीकी उपासनाके लिए शास्त्रों एवं पुराणोंमें वर्णित करने प्रयास किया गया है। नौ दिनों की यह समयावधि ऊर्जाको संकलित करनेका एक अनुपम समय होता है ऊर्जासे प्राणी शक्ति प्राप्त करता है। भगवतीमें ममतामयी मांकी ऊर्जा है। भगवती एक संस्कृत शब्द है। भगवतीमें 'भग' का अर्थ है जो छह ऐश्वर्यसे परिपूर्ण होना जैसे- ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान तथा बैरागसे 'वती' संपन्न हो। जो पुराणोंमें वर्णित है, मां भगवती ऊर्जाकी मुख्य स्रोत है। ऊर्जाके बिना सभीका जीवन अधूरा होता है भगवती अराधना करनेका तात्पर्य है ऊर्जाका संकलन करना जब ऊर्जाका संकलन हो जायगा तो प्राणीके अंदर शक्ति अपने आप हो जायेगा, ऊर्जाके बिना तो शिवजी, विष्णुजी और ब्रह्माजी भी अधूरे है प्रकृति (भगवती) को स्त्रीलिंगकी संज्ञा दी जाती स्त्रीलिंगमें मां ही एक ऐसी शक्ति होती है जो बिना भेदभाव और बिना स्वार्थके प्राणीके अंदर ऊर्जाका संचार करती है। ऊर्जाका प्रवेश शक्तिमें परिवर्तित होती है उसका वही रूप धारण हो जाता है। मां भगवतीका आराधना करनेपर भगवतीके द्वारा ऊर्जासे संपन्न हो जानेसे अपने आन्तरिक गतिविधि सुचारू रूपसे चलने लगते है इसलिए ऊर्जाके संकलनके लिए शक्ति उपासना करना आवश्यक है। उपासनाका अर्थ है शक्तिसे सामंजस्य स्थापित करना और शक्तिको अपने अन्दर समाहित करना और अपने उत्थानके बारेमें सोचना। प्राणी उत्थानके बारेमें तभी सोचता है जब शक्तिके प्रकारको अपने अन्दर पूरी तरीकेसे समाहित कर लेता है जो तीन प्रकारके होते हैं पहला-क्रिया जिससे प्राणी कर्मके लिए विचार करता है, दूसरा-ज्ञान जब प्राणी क्रियाके बारेमें सोचता है, तब उस विषयके बारेमें ज्ञानका होना अति आवश्यक होता है, तीसरी शक्ति इच्छा है प्राणी जब दोनोंसे परिपूर्ण हो तो इच्छा शक्ति होना आवश्यक है। इन तीनोंको प्राणी जब मां भगवतीसे प्राप्त कर लेते है तो उसके जीवनके हर रास्ते आसान हो जाते हैं तीनों देव भी बिना शक्तिके अपनेको अधूरेपातें हैं, क्षमा स्त्रोतमें आदिशंकराचार्यने मां भगवतीकी प्रार्थना की, जिससे मां प्रसन्न होकर शंकराचार्यको ऊर्जासे परिपूर्ण कर दिया। पुराणमें उल्लिखित है कि जब शक्ति, मांके रूपमें प्रकट हुई तब वह ममतामयी मांके रूपमें थी जिसको देखकर तीनों देवोंने अभिनंदन किया ब्रह्मा और विष्णुजी नतमस्तक हो गये। शिवजीने उनकी स्तुति की, जिसपर भगवती प्रसन्न होकर वरदान मांगनेको कहा जिसमें शंकरजीने शक्ति स्वरूपा मांसे तीसरा नेत्र, मांग लिया और कौतुहलवश सोचा मांको इससे देखते हैं और उनको देखनेसे जो मांका स्वरूप था वह भस्म हो गया और उस भस्मकी शक्तिसे तीन पिंड बनाये और पृथ्वीके संचालनके लिए तीनों देवोंको तीन शक्ति प्राप्त हुई, बाकी भस्म के बचे अंशसे स्त्रीकी उत्पत्ति हुई, स्त्रीको पुराणोंमें महान बतलाया गया है।

गीताके अट्ठारह अध्यायमें जीवनके संदेश

❑ अनुज

मनुष्यके जीवनमें सबसे कठिन युद्ध बाहर नहीं, भीतर लड़ा जाता है। मोह और विवेक, भय और साहस, स्वार्थ और कर्तव्य, अहंकार और समर्पणके बीच चलने वाला यही अंतर्द्वंद्व श्रीमद्भगवद्गीताका मूल विषय है। कुरुक्षेत्रमें अर्जुनके हाथोंसे गांडीव छूटना केवल एक योद्धाका विषाद नहीं था, बल्कि उस प्रत्येक मनुष्यकी मन:स्थितिका प्रतीक था जो जीवनके किसी कठिन मोड़पर निर्णय लेनेमें स्वयंको असमर्थ पाता है। भगवान श्रीकृष्णने अर्जुनको केवल युद्धके लिए प्रेरित नहीं किया, बल्कि उसे जीवन, आत्मा, कर्म, ज्ञान, भक्ति और मुक्तिका ऐसा दर्शन दिया जो हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक है।गीताका पहला अध्याय हमें बताता है कि मोह विवेकको ढक देता है और विषाद मनुष्यकी निर्णय-क्षमताको कमजोर कर सकता है।दूसरे अध्यायमें श्रीकृष्ण आत्माकी अमरताका रहस्य समझाते हैं- 'न जायते म्रियते वा कदाचित।' अर्थात् आत्मा न जन्म लेती है, न कभी मरती है। यह संदेश मृत्युके भयसे ऊपर उठकर जीवनके कर्तव्यको समझने की प्रेरणा देता है। तीसरा अध्याय कर्मयोगका उद्घोष करता है- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' मनुष्यको कर्म करनेका अधिकार है, लेकिन परिणामकी चिन्तामें कर्मसे विमुख होना उचित नहीं। चौथा अध्याय बताता है कि अज्ञानका अंधकार ज्ञानसे ही मिटता है। ज्ञान वह प्रकाश है जो सही और गलतके बीच अंतर करनेकी दृष्टि देता है।पांचवां अध्याय मनुष्यको बाहरी उपलब्धियोंके साथ आंतरिक शांतिका महत्व समझाता है।छठा अध्याय मनको साधनेकी साधना है। मनुष्य संसारको जीतनेकी कोशिश करता है, लेकिन गीता कहती है कि वास्तविक विजय अपने ही मनपर विजय पानेमें है। सातवां अध्याय श्रद्धा और परमात्माके संबंधको स्पष्ट करता है। आठवां अध्याय चेतनाकी अंतिम अवस्थाकी ओर संकेत करता है- 'यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम।' अर्थात् अंत समयमें जिस भावका स्मरण होता है, उसकी दिशामें चेतना प्रवाहित होती है।

नौवां अध्याय परमात्माकी व्यापक सत्ताका बोध कराता है। ईश्वरको किसी एक स्थान या सीमामें बांधा नहीं जा सकता।दसवें अध्यायमें श्रीकृष्ण अपनी विभूतियोंके माध्यमसे बताते हैं कि संसारमें जो कुछ श्रेष्ठ, तेजस्वी और विलक्षण है, उसमें परम सत्ताकी झलक देखी जा सकती है।ग्यारहवें अध्यायका विराट रूप मनुष्यको समय और सृष्टिकी विराटताका साक्षात्कार कराता है। यहां मनुष्यके अहंकारका स्थान 'निमित्त' बननेकी भावना लेती है- कर्तव्य करो, लेकिन स्वयंको अंतिम कर्ता मत समझो।बारहवां अध्याय भक्तिको केवल पूजा-पद्धतितक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे प्रेम, करुणा, क्षमा, समभाव और विनम्रतासे जोड़ता है।

तेरहवां अध्याय शरीरको 'क्षेत्र' और उसे जानने वाली चेतनाको 'क्षेत्रज्ञ' कहकर मनुष्यको अपने वास्तविक स्वरूपकी खोजकी ओर ले जाता है।चौदहवां अध्याय प्रकृतिके तीन गुणों- सत्व, रज और तमका विवेचन करता है और उनसे ऊपर उठनेका मार्ग दिखाता है।पंद्रहवें अध्यायमें संसारको अश्वत्थ वृक्षके रूपकमें समझाते हुए परमात्माको उसके मूल आधारके रूपमें देखा गया है।सोलहवां अध्याय दैवी और आसुरी प्रवृत्तियोंके बीच अंतर स्पष्ट करता है। सत्य, दया, संयम और विनम्रता मनुष्यको ऊंचा उठाते हैं, जबकि अहंकार, क्रोध, लोभ और दंभ उसे भीतरसे खोखला करते हैं।सत्रहवां अध्याय श्रद्धाको व्यक्तित्वकी दिशासे जोड़ता है- 'यो यच्छ्द्धः स एव सरू।' मनुष्यकी श्रद्धा उसके विचारों, आचरण और जीवन-दृष्टिको प्रभावित करती है। इसलिए श्रद्धा अंधविश्वास नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण आस्था और जीवन-मूल्योंसे जुड़ी चेतना होनी चाहिए। अट्ठारहवां अध्याय गीताके समस्त दर्शनका सार प्रस्तुत करता है। श्रीकृष्ण कहते हैं- 'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।' इस श्लोकका मर्म कर्तव्यसे पलायन नहीं, बल्कि अहंकार, संशय और आसक्तिका त्याग करके परम सत्यकी शरण ग्रहण करना है।गीताका सार युद्ध जीतनेसे कहीं बड़ा है, यह स्वयंपर विजय पानेकी साधना है। मनुष्य यदि उसके अट्ठारह अध्यायोंको केवल पढ़े नहीं, बल्कि अपने आचरणमें उतार ले तो कुरुक्षेत्र बाहर चाहे जितना कठिन हो, भीतरका अर्जुन अपना मार्ग अवश्य खोज सकता है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग बढ़ने से गेहूं के भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल मिलों की मांग निकलने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से अरहर व मोठ की कीमतों में 250/300 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी



निकलने से सरसों व इसके तेल के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आपूर्ति कमजोर होने से अखाद्य तेलों में स्थिरता रही। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से काली मिर्च व मगजतरबूज के भाव 5/40 रुपये प्रति किलो तथा हल्दी-जीरा व धनिया के भाव 200/300 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। गुड़ शक्कर में छिटपुट मांग बनी रहने से स्थिरता रही।

अनाज-दाल

आटा मिलों की मांग निकलने तथा घटे भाव पर बिकवाली कमजोर होने से गेहूं 10 रुपये बढ़कर मिल डिलीवरी 2960/2965 तथा चक्की पहुंच के भाव 2970/2980 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। दाल मिलों की मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से अरहर 250 रुपये बढ़कर रंगून 10050/10100 रुपये तथा देसी के भाव 10600/10700 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण मोठ के भाव 200/300 रुपये बढ़कर 8800/9000 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। उड़द भी बिकवाली कमजोर होने से 25 रुपये बढ़कर रंगून एफएक्यू 10125/10150 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। अन्य जिंसों में छिटपुट मांग से मजबूती रही।

तेल-तिलहन

देश की विभिन्न मंडियों में सरसों की आवक 2 लाख बोरी से घटकर 1.25 लाख बोरी के लगभग रह जाने तथा तेल मिलों की लिवाली से सरसों 100 रुपये तेज होकर 8700/8750 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। सरसों तेल भी बिकवाली कमजोर होने से 150 रुपये बढ़कर 17500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। हरियाणा-पंजाब की बिकवाली कमजोर होने तथा रिफाइंड वालों की मांग बढ़ने से बिनौला तेल भी 50 रुपये तेज होकर 14850 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। औद्योगिक मांग निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 16800/16900 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

गुड़-चीनी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों के मजबूत समाचार आने तथा बिकवाली कमजोर होने से गुड़ पेड़ी के भाव 4900/5000 रुपये तथा चाकू के भाव 5200/5300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। सीमित बिकवाली के कारण शक्कर व खांडसारी की कीमतों में स्थिरता रही। त्योहारी मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से हाजिर चीनी 100 रुपये तेज होकर 5700/6000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। हरियाणा की कॉपरेटिव मिलों के सेल 4700/4800 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाने की चर्चा थी। मुंबई में भी बिकवाली कमजोर होने से चीनी 150/160 रुपये बढ़कर एस-ग्रेड 4992/5062 तथा एम-ग्रेड के भाव 5060/5202 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से काली मिर्च के भाव 5 रुपये बढ़कर 770/825 रुपये प्रति किलो हो गए। स्टाकिस्टों की मांग निकलने से हल्दी 300 रुपये बढ़कर ईरोड गट्ठा 20300/20500 रुपये तथा सेलम फली के भाव 21200/26000 रुपये व जीरे के भाव 200 रुपये बढ़कर 26700/27200 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण धनिया 200 रुपये बढ़कर बादामी 17500/17700 रुपये तथा ग्रीन माल के भाव 19600/20400 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। पूछपरख बढ़ने से मैथी 200 रुपये तेज होकर 8400/9400 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मगजतरबूज भी बिकवाली कमजोर होने से 35/40 रुपये बढ़कर 650/660 रुपये प्रति किलो हो गया। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से पिस्ता पेशावरी के भाव 4000/4100 रुपये तथा पिस्ता डोडी रोस्टिड के भाव 1700/1750 रुपये प्रति किलो पर मजबूत रहे। पूछपरख बढ़ने से अंजीर 21800/53000 रुपये तथा शक्करपारा के भाव 11000/16000 रुपये प्रति 40 किलो पर टिके रहे।

सर्राफा

वैश्विक बाजारों के तेज समाचार आने से सोने के भाव 300 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए। बिकवाली कमजोर होने से चांदी की कीमतों में स्थिरता रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के डॉलर 5 डॉलर बढ़कर 4195 डॉलर प्रति ओंस हो जाने तथा बिकवाली घटने से सोना 300 रुपये बढ़कर किलोबार 153800 तथा स्टैंडर्ड 154600 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली कमजोर होने से 8 ग्राम वाली गिन्नी के भाव भी 114000 रुपये पर टिके रहे। विदेशों में चांदी के भाव 40 सेंट बढ़कर 6085 सेंट हो जाने के कारण बिकवाली घटने से चांदी हाजिर के भाव 230000 रुपये प्रति किलो पर टिके रहे। छिटपुट मांग बनी रहने से चांदी सिक्के के भाव भी 2500/2600 रुपये प्रति नग बोले गए।

प्रीमियर एनर्जीज को दूसरी तिमाही में 4,000 करोड़ रुपए से अधिक के आर्डर मिले

नई दिल्ली: सौर ऊर्जा उपकरण विनिर्माता प्रीमियर एनर्जीज को चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही (दूसरी तिमाही) के दौरान कुल 4,000 करोड़ रुपए से अधिक के नए ऑर्डर मिले। कंपनी ने एक बयान में बताया कि ये ऑर्डर कुल 2,308 मेगावाट सौर सेल एवं मॉड्यूल की आपूर्ति तथा ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण) परियोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित हैं। कंपनी ने कहा कि उसने हाल ही में अपनी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता को लगभग दोगुना कर 11.1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) कर लिया है। प्रीमियर एनर्जीज के प्रबंध निदेशक चिरंजीव सलूजा ने कहा, हमारी बढ़ती ऑर्डर बुक हमारी वृद्धि रणनीति और परियोजना क्रियान्वयन क्षमता का एक मजबूत प्रमाण है।

विदेशी मुद्रा भंडार 734.61 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.66 अरब डॉलर घटकर 604.75 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-विन्ध्याचल,मीरजापुर
पताः-जाहन्वी होटल के पास पुतलीघर, मीरजापुर
E-mail ID :- seredmirzapur@gmail.com

पत्रांक- 836/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली सा0कार्य/पत्रा0 सं0 96/अनु0सहा0/2026-27/दिनांक- 06.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (प्रथम काल)

महामहिम श्रीराज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल विन्ध्याचल, मीरजापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0 एवं सी0श्रेणी मेंकार्य की लागत की सीमा के अनुरूप मार्ग निर्माण हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशतदर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
सी0ई0आर0 योजना						
01	सोनभद्र	विकास खण्ड-चोपन के बिल्ली मारकुण्डी मे पेट्रोल पम्प के सामने विरजू प्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	81.91	1.64	3534.00	4माह
02	सोनभद्र	विकास खण्ड-चोपन के टोला बगवई सामे मेन रोड से बबलू के घर तक सम्पर्क मार्ग एवं सुरक्षा दीवाल कार्य	163.45	3.27	4350.00	6माह
03	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन के ग्राम पनारी टोला ओबरा गांव में भोला पनिका के घर से छठ घाट तक सम्पर्क मार्ग एवं सुरक्षा दीवाल का कार्य।	41.60	0.84	3134.00	3माह

2.वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-14.10.2026 को दोपहर 12.00 बजेसे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की तिथि/समयः-14.10.2026 को दोपहर 12:30 बजेसे।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-06.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एव समयः-07.11.2026 को अपरान्ह 12:30बजे।
6. निविदा आनलाईन वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिकजानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(नूर आलम)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल-विन्ध्याचल, मीरजापुर
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

उ.प्र.-257869
दिनांक-09.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4728/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https:// etender.up .nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अथराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंशियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0		कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा-पिण्डरा (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
1	वाराणसी	कुआर से कठिरांव मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	974.57	19.49	10 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण(https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257910
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4717/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https:// etender.up .nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंशियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नलिखित है।

क्रम सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
विधानसभा शिवपुर										
1	वाराणसी	उमरहां-जाल्हुपुर मुस्तफाबाद रामचन्दीपुर गोबरहा मोकलपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य(चैनेज-8.900 से 11.800 तक)	510.00	10.20	12 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण(https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।)

(के0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257930
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4733/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंसियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में									
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)									
1	अलीनगर सिंधीताली मठना जोगवा नरायनपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	850.00	17.00	10 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257942
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4730/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंसियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में ☐									
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)									
1	चन्दासी भोगवार पटपरा चन्दौली कैली मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1050.00	21.00	12 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257920
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4731/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंसियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में ☐									
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)									
1	कार्यालय प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चन्दौली के अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु टाइप-4 के 4 यूनिट एवं टाइप-3 के 8 यूनिट आवासीय भवनों का निर्माण कार्य।	620.00	12.40	10 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257919
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4729/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेंसियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजियन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में ☐									
विधानसभा सैयदराजा									
1	विकास खण्ड धानापुर अन्तर्गत कमालपुर एवती मार्ग से माधोपुर होते हुए रनपुर तक सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	960.00	19.20	10 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257907
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी

पत्रांकः- 4727/183 काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https:// etender.up .nic.in एस0बी0डी0 की शर्तो से अथराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 12.10.2026 से 24.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 24.10.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेनशियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्रम सं0		कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा-पिण्डरा (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
1	वाराणसी	कुरू से कुआर वाया अनेई मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	970.87	19.42	10 माह	(5000.00+ 500.00) + (Rs. 90 G.S.T.) Total Rs. 5590.00	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी	अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण(https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गयी, जो सही है।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 257909
दिनांकः- 09.10.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन के लिए २३ को होगा मतदान

जनपद में ६७,१७२ मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, डीएम ने की पत्रकार वार्ता

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने



बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान निर्वाचन की तैयारियों और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी की गई थी। नामांकन की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 7 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर निर्धारित थी। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना 27 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री कृषि उत्पादन मंडी समिति, पहड़िया मंडी, वाराणसी में कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 22 मतदान केंद्रों पर 68 मतदेय स्थल तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 22 मतदान केंद्रों पर 22 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 90 मतदेय स्थल निर्धारित हैं। उपलब्ध अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 60,396 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 6,776 मतदाता पंजीकृत हैं। दोनों क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 67,172 है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान अधिकारी तैनात रहेंगे। इसके लिए 90 पीठासीन अधिकारी और 270 मतदान अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त 22 पीठासीन अधिकारी और 66 मतदान अधिकारी आरक्षित रखे गए हैं। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 10, 16 और 22 अक्टूबर को निर्धारित किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए 22 माइक्रो ऑब्जर्वर तथा आठ आरक्षित माइक्रो ऑब्जर्वर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उन्होंने बताया कि निर्वाचन के लिए 360 पुलिसकर्मी उपलब्ध हैं, जबकि 50 पुलिसकर्मी आरक्षित रखे गए हैं। इसके अलावा 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट, पांच आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट, छह जोनल मजिस्ट्रेट, तीन आरक्षित जोनल मजिस्ट्रेट और दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। मतदान के दिन आवश्यकतानुसार सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने और प्रविष्टियों में संशोधन से संबंधित आवेदनों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि यदि किसी योग्य मतदाता का नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गया है या सूची से हट गया है, तो वह प्रारूप-6 के माध्यम से नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकता है।

११ प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण

तेजीबाजार। शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर थाने पर कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमे पांच प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि आज समाधान दिवस पर कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें 9 प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित था और 2 प्रार्थना पत्र पुलिस से संबंधित मिला था, जिसमें दोनों पक्ष के टीमों को बुलाकर मौका मुआयना करते हुए राजस्व से सम्बंधित पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्रों के लिए भी राजस्व और पुलिस टीम भेजकर प्रयास किया जा रहा है। इस समाधान दिवस पर फरियादी, पुलिस, और राजस्व की टीम मौजूद रही।

खेल प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त मंच है जेपीएल-वाइसचांसलर

शाहगंज स्ट्राइकर्स और मड़ियाहूं चैलेंजर्स की शानदार जीत

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में शाहगंज स्ट्राइकर्स ने जौनपुर पैंथर्स को पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में मड़ियाहूं चैलेंजर्स ने जफराबाद चैलेंजर्स को हराकर जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शाहगंज स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 10 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जौनपुर पैंथर्स की टीम शाहगंज के गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन के सामने 68 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार शाहगंज स्ट्राइकर्स ने मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच में फरहान हक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 17 गेंदों पर 23 रन बनाकर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने फरहान हक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जाफराबाद चैलेंजर्स की टीम निर्धारित 10 ओवर में 50 रन पर ऑलआउट हो गई। मड़ियाहूं चैलेंजर्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मड़ियाहूं चैलेंजर्स की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 51 रन बनाकर 7.3 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। दूसरे मैच में शिवम यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने 13 गेंदों पर 17 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम योगदान



दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने शिवम यादव को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि प्रीमियर लीग युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने, उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने तथा जनपद में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने का सशक्त मंच है। खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आपसी सहयोग जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध एवं नवाचार के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

टेनिस बाल क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अंकिता ने मारी बाजी

मड़ियाहूं। विगत 4 अक्टूबर को कटरा, जम्मू में आयोजित थर्ड जूनियर अण्डर 19 नेशनल टी 10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 फाइनल मैच मे बिहार राज्य को पराजित कर उत्तर प्रदेश टीम विजेता रही जिसमें मडियाहूं क्षेत्र के बंजारी गांव की शीतला मौर्य की सुपुत्री अंकिता मौर्य ने ऑलराउंड प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजई बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व मण्डल अध्यक्ष मड़ियाहूं भाजपा राजेश सिंह ने बंजारी उनके आवास पर पहुंचकर अंकिता मौर्य को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहां की बिटिया ने हम सभी का गौरव बढ़ाया है। इस जीत से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर राज



बहादुर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा जिला महामंत्री अमित सिंह, सोनू शीतला मौर्य, सुनील सिंह, महेश चौहान, प्रिंस सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, अरविंद पाल अनीश मिश्रा, सुरेंद्र सोनी, रमाशंकर गौतम प्रधान अवधेश मौर्य सहित क्षेत्र के अन्य सम्मानित लोगों उपस्थित रहे।

रामलीला मंच के जीर्णोद्धार की पहल

बदलापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा छंगापुर (बक्खोपुर,) में लगभग 50 वर्षों से चली आ रही रामलीला की परंपरा को संरक्षित करने के लिए जर्जर रामलीला मंच के जीर्णोद्धार की पहल की गई है। 08 अक्टूबर 2026 को कंपोजिट विद्यालय छंगापुर के प्रधानाध्यापक एवं ग्रामवासियों की बैठक में सर्वसम्मति से पुराने स्थान पर ही मंच निर्माण की सहमति बनी, तथा विद्यालय प्रशासन से अनुमति प्राप्त हुई। रामलीला समिति के सदस्यों एवं यूनिटी फॉर चेंज ट्रस्ट (रजि.) के मैनेजिंग ट्रस्टी सचिन तिवारी ने प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र पांडेय, ग्राम प्रधान एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल गांव की सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ-साथ सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ज्ञातव्य हों की क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्रा से भी मंच निर्माण के संबंध में आश्वासन प्राप्त हुआ है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा होगा। इस पहल से ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

हनुमान घाट पर श्रद्धा के साथ हुआ पितृ विसर्जन

पिंडदान कर लोगों ने पितरों को दी विदाई, आदि गंगा गोमती के तट पर उमड़ी आस्था


जौनपुर। पितृपक्ष के अवसर पर शनिवार को जौनपुर के हनुमान घाट सहित आदि गंगा गोमती के विभिन्न तटों पर पितृ विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना से विधि-विधानपूर्वक पिंडदान किया तथा पूजा-अर्चना कर अपने पितरों को भावपूर्ण विदाई दी। सुबह से ही घाटों पर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला देखने को मिला। लोगों ने अपने पितरों का स्मरण करते हुए परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-पाठ और पिंडदान किया। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। घाटों पर पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिकता का भाव दिखाई दिया। हिंदू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व माना जाता है। यह समय अपने पूर्वजों को याद करने, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध एवं तर्पण करने का अवसर होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितरों के निमित्त श्रद्धापूर्वक किए गए कर्मकांड से पूर्वजों के प्रति कर्तव्य और पारिवारिक परंपराओं का निर्वहन होता है। हनुमान घाट और गोमती तट पर पितृ विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इस अवसर पर लोगों की आस्था और अपने पूर्वजों के प्रति समर्पण देखने को मिला। पितृ विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को नमन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मछलीशहर संवाददाता के अनुसार :15 दिन से चला आ रहा पितृ पक्ष शनिवार को अमावस्या पर श्राद्ध और है। नदी, तालाब या पवित्र स्थल पर पिंडदान किया जाता है। मान्यता है कि श्राद्ध से पितृ प्रसन्न होकर वंश वृद्धि और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। सर्वपितृ अमावस्या पर पितृ विसर्जन के साथ लोगों ने कौवा,



पिंडदान के साथ समाप्त हो गया। हिंदू मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों को जल अर्पित कर तर्पण किया जाता चींटी, कुत्ता और गाय को भोजन कराकर पितृ ऋण से मुक्ति की कामना की।

कलश स्थापना को लेकर ज्योतिषाचार्य ने दिया निर्णय, अभिजीत मुहूर्त सर्वोत्तम

पराऊगंज। जय माँ शीतला ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पं0 ओमकार नाथ दुबे, मकरा ने शारदीय नवरात्र 2026 की कलश स्थापना को



लेकर अपना अनुभवी निर्णय जारी किया है। पं. दुबे ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र का आरंभ 11 अक्टूबर 2026, रविवार, आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को हो रहा है। इस दिन चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग पूरे दिन व्याप्त है। शास्त्रों के अनुसार चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग में कलश स्थापना निषिद्ध मानी गई है। उन्होंने प्रमाण देते हुए बताया-सम्पूर्ण प्रतिपदेव चित्रा युक्ता यदा भवेत। वैधृत्या वापि युक्ता स्यात्तदा मध्य दिने रवौ ॥- निर्णय सिंधु अर्थात कल्याण चाहने वालों को चित्रा और वैधृति योग से युक्त प्रतिपदा में कलश स्थापना नहीं करनी चाहिए। परिहार -शास्त्रों में इसका परिहार भी बताया गया है - सर्व दोष हरं चैव मध्याह्ने च मरुत्सुत:। तस्मात् प्रकर्तव्या कलश स्थापना शुभै: ॥ दूसरा परिहार यह है कि चित्रा के शुरुआती दो चरणों (कन्या राशि) को छोड़कर तीसरे-चौथे चरण में या वैधृति की समाप्ति पर कलश स्थापना की जा सकती है। सर्वोत्तम मुहूर्त- ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त 11:32 प्रात: से 12:26 दोपहर के अंदर सर्वश्रेष्ठ और सर्वोत्तम काल है। इसी मुहूर्त में चित्रा के तृतीय एवं चतुर्थ चरण में कलश स्थापना शुभ रहेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष माता का आगमन हाथी पर हो रहा है, जो गौरव, शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा का कारक योग है।

चर्चित छात्र मौत मामले में शिक्षक को हाईकोर्ट से राहत

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के बंधवा बाजार स्थित कंचन बालिका इंटर कॉलेज के चर्चित छात्र आयुष कुमार सरोज मौत मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक रमाकांत यादव को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति संतोष राय की अदालत ने समन आदेश और आरोपपत्र निरस्त करते हुए उनके खिलाफ चल रही पूरी आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी। फैसले के बाद शुक्रवार को विद्यालय में खुशी जताई गई। नौ सितंबर 2023 को छात्र आयुष की मौत के बाद परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए गैर इरादतन हत्या और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। गवाहों के बयानों में छात्र के साइकिल से आते समय गिरने की बात सामने आई। पंचनामा और घटनास्थल का नक्शा भी अभियोजन के आरोपों की पुष्टि नहीं करते थे। अदालत ने शिक्षक रमाकांत यादव के खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं पाए। साथ ही एससी-एसटी एक्ट की संबंधित धारा के आवश्यक तत्व भी पूरे नहीं मिले।

चौथे पन पायहुं सुत चारी, मांगेहु विप्र न हृदय विचारी

ताड़का वध की लीला देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक


मुंगराबादशाहपुर। श्री रामलीला कमेटी गुड़हाई के रंगमंच पर 124 वर्षों की गौरवशाली परंपरा के अंतर्गत शुक्रवार की रात चौथे दिन विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, सुबाहु वध और मारीच निर्वासन की लीला का भव्य और जीवंत मंचन किया गया। कमेटी के निर्देशक लाल बहादुर सिंह के निर्देशन में हुई लीला को देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। विश्वामित्र के आगमन का समाचार सुनकर राजा दशरथ ब्राह्मणों के साथ उनका आतिथ्य सत्कार करते हैं और उन्हें राज सिंहासन पर बैठाते हैं। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न को बुलवाकर मुनि का आशीर्वाद दिलाते हैं। दशरथ जी के पूछने पर विश्वामित्र कहते हैं कि असुर समूह सतावहिं मोही, मैं जाचन आयहुं नृप तोही। अनुज समेत देहु रघुनाथा, निसचर वध मैं होब सनाथा। महामुनि विश्वामित्र की यह बात सुनकर दशरथ दुखी मन से कहते हैं कि चौथे पन पायहुं सुत चारी, मांगेहु विप्र न हृदय विचारी।



लेकिन कुलगुरु वशिष्ठ जी के समझाने पर दशरथ श्रीराम और लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ जाने की आज्ञा देते हैं। वन में श्रीराम-लक्ष्मण को देख ताड़का राक्षसी हुंकारते हुए दौड़ती है। श्रीराम के एक ही बाण से उसका प्राणांत हो जाता है। भगवान श्रीराम मुनि से भूख-प्यास से विचलित न होने की मंत्र विद्या प्राप्त करते हैं। ताड़का का पुत्र मारीच सेना लेकर युद्ध करने आता है, लेकिन श्रीराम के बिना फल वाले बाण के प्रहार से वह समुद्र पार लंका में जा गिरता है। इसके बाद श्रीराम सुबाहु का सेना सहित वध कर देते हैं। इस पर देवगण आकाश से जय-जयकार करते हैं। आज की रामलीला में श्रीराम की भूमिका में रुद्र गुप्ता, लक्ष्मण में नीरज गुप्ता, भरत में समर गुप्ता, शत्रुघ्न में सुमित गुप्ता, मुनि विश्वामित्र में राकेश कुमार, ताड़का में धीरज श्रीवास्तव, रावण में अजय कुमार दाल मील, कुंभकर्ण में रीसू उमरवैश्य और वज्रदंत में राजीव कुमार राजू ने उत्कृष्ट अभिनय कर लीला को जीवंत बनाया।

थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक

सुरेरी। आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को सुरेरी थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक



आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं विवेक सिंह ने की। बैठक में क्षेत्राधिकारी विवेक सिंह और थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र ने संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों तथा दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों से त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने, जुलूस के निर्धारित मार्ग का पालन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने अपील की कि कहीं भी विवाद या अशांति की आशंका होने पर तत्काल यूपी-112, सुरेरी थाने के सीयूजी नंबर अथवा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के सीयूजी नंबर पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उपनिरीक्षक मनोज राय, माया शंकर दुबे, राजेश दुबे, सत्यप्रकाश पटेल सहित ग्राम प्रधान सोमारू गौतम, प्रदीप पटेल, अशोक मिश्रा, अरविंद पटेल, कैलाशनाथ यादव तथा क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधान, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अन्न दान महादान-अपर डीएम

११ नवम्बर को भगवान चित्रगुप्त शोभायात्रा-सरस चन्द श्रीवास्तव

जौनपुर। अन्न दान महादान है भोजन वितरण एक पुनीत कार्य है उक्त



विचार आज राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद द्वारा आयोजित पितरों की याद में आयोजित भोजन वितरण कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला अधिकारी जौनपुर अजय अंबष्ट जी, (सीआरओ) ने कहा और कहा कि पूर्वजों के याद में समाज के हर तबका को भोजन पैकेट वितरण से सामाजिक समरसता होती हैं और भूखे को अन्न प्यासे को पानी दान से कोई बड़ा दान नहीं हैं। श्री चित्रगुप्त भगवान पूजन महासमिति के संयोजक सरस चन्द श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की प्रेरणा से सामाजिक कार्य करते रहना चाहिए और 11 नवम्बर को भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा निकलेगी जिसमें जनपद वासियों से भाग लेने का अनुरोध किया। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष डॉ. उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल साहब ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता आती हैं। आभार जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया और कहा कि संगठन सामाजिक कार्य करता रहेगा। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर टीम द्वारा आज अन्नदान महादान संकल्प के तहत सैकड़ों भोजन पैकेट का वितरण सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया, डॉ. सलिल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव रोशन, लखन श्रीवास्तव, डॉ. गणतंत्र श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव पत्रकार, मनीष श्रीवास्तव बच्चा, धनंजय श्रीवास्तव राजन श्रीवास्तव, राजेश किशोर श्रीवास्तव राजू, विनीत श्रीवास्तव, आलोक बृजेश वर्मा, सोमेश श्रीवास्तव, अश्विनी अस्थाना, अभिलव श्रीवास्तव, लालबहादुर यादव नेपाली सभासद, विजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव विश्वप्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार पीटीआई, अंकित श्रीवास्तव पत्रकार, मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट, अजय श्रीवास्तव अज्जू, राजीव कुमार, मंगल श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, दीपू श्रीवास्तव सिपाह, अनिल बबलू श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मोहन, आरपी श्रीवास्तव, कमलेश निषाद, अतुल मिश्रा, गौतम यादव, अनूप यादव का कार्यक्रम सफलता पूर्वक होने में विशेष योगदान रहा।

एक नज़र इधर भी

विद्यासागर सोनकर का ५१ किलो की माला पहनाकर स्वागत

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लोकप्रिय भाजपा नेता पूर्व सांसद विद्यासागर सोनकर को राज्यसभा सांसद बनाए जाने के बाद जौनपुर में प्रथम आगमन पर सद्भावना मंच के सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया। शुक्रवार की दोपहर राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर लखनऊ से चलकर शाम 7 बजे जौनपुर पहुंचे। जौनपुर नगर के चांदपुर बालू मंडी के पास सैकड़ो की संख्या में भाजपा



कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और खुली जीप में काफिले के रूप में अपने आवास के लिए निकले। सद्भावना मंच के सदस्यों और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा रूहट्टा मुहल्ले में ऐतिहासिक आतिशबाजी करके और ढोल नगाड़े के साथ 51 किलो की माला पहनाकर राज्यसभा सांसद का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, नीरज सिंह , भाजपा के जिला मंत्री सुधांशु सिंह, जौनपुर सदर सीट पर भाजपा से उम्मीदवारी करने वाले इंजीनियर कृष्ण कुमार जायसवाल और गौतम गुप्ता, पूर्व सभासद विनय सिंह, रोहित सिंह भारद्वाज, भूपेंद्र सिंह, नितिन सिंह , शरद शुक्ला, मोहिनीश शुक्ला प्रमोद सिंह, राम कृष्ण पाठक, आदित्य सिंह निकुंभ, पंकज सिंह, अजय सिंह, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया, कायस्थ महासभा के अध्यक्ष गिरीजेश श्रीवास्तव, अनिमेष सिंह, नीलमणि सिंह, निखिल सिंह, रजत सिंह, शुभम तिवारी राघवेंद्र सिंह आदि प्रमुख रहे। इस बीच पॉलिटेक्निक चौराहा, रूहट्टा ओलांदगंज, कसेरी बाजार, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा भंडारी होकर उनका काफिला देर रात शीतला धाम चौकिया पहुंचा। जहां राज्यसभा सांसद श्री सोनकर नेमाता शीतला का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात वे अपने सुक्खीपुर आवास पर पहुंचे। पूरे नगर में सांसद का कार्य कर्ताओं ने पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर भावपूर्ण स्वागत किया।

सीईसी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

सब्जी मंडी से निकाला जुलूस, इंदिरा चौक पर सभा कर जताया विरोध

बदलापुर। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने, एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने और मतदाता सूची से हटाए गए नामों को दोबारा शामिल करने की मांग को लेकर छात्र संगठन एआईडीएसओ और युवा संगठन एआईडीवाईओ ने बदलापुर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व सब्जी मंडी से जुलूस निकाला गया, जो इंदिरा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों



ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता इंदुकुमार शुक्ल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 13 करोड़ मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित किया गया है। प्रदर्शन को राजबहादुर विश्वकर्मा, अंजली सरोज और पूनम प्रजापति ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर राकेश निषाद, विनोद मौर्य, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, दिनेश कांत मौर्य, मनोज कन्नौजिया, रवीन्द्र पटेल, देवव्रत, रोशनी, साधना, लक्ष्मी, चंदा, नवनीत और अभिषेक सहित कई लोग मौजूद रहे।

रोटावेटर की चपेट में आकर मासूम की मौत

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव के निकट शनिवार सुबह खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से एक मासूम बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि उसका शरीर कई टुकड़ों में कट गया था। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई तथा मौके पर लोगों की भीड़ लघ गई। मृतक बालक की पहचान मधुपुर निवासी नितेश सरोज (9 वर्ष) पुत्र विनोद सरोज के रूप में हुई है। वह गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह वह गांव में बकरियां चराने गया था। इसी दौरान गांव के ट्रैक्टर चालक संतलाल यादव, राधेश्याम उमर वैश्य के खेत में रोटावेटर से जुताई कर रहे थे। बकरियां चराते हुए नितेश खेत में पहुंच गया तथा रोटावेटर पर चढ़ने की कोशिश करने लगा, तभी वह असंतुलित होकर रोडावेटर की चपेट में आकर कई टुकड़ों में कट गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग बदहवास होकर खेत की ओर दौड़े तथा अपने लाडले का टुकडो़ंमें कटा शव देखकर चित्कार करने लगे। मां किरन सरोज का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नितेश अपने पिता का सबसे बड़ा बेटा था। उसके परिवार में बहन मुस्कान (6) और भाई राकेश (5) हैं। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही सदल बल थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे पहुंच कर शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। घटना से आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शव को देने से इंकार करते हुए आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने की जिद पर अड़ गए। थाना प्रभारी निरीक्षक के काफी समझाने बुझाने एवं लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन दिए जाने पर परिजन एवं गांव के लोग शांत हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को अन्त्य परीक्षण हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

लेखपालों ने काली पट्टी बांध समाधान दिवस पर किया कार्य

बक्शा। थाना परिसर में शनिवार को लेखपालों ने काली पट्टी बांध समाधान दिवस पर कार्य किया। लेखपालों ने बताया कि 2800 ग्रेड पे की मांग, यात्रा भत्ता, स्टेशनरी भत्ता में बढ़ोत्तरी, अपने गृह मंडल में स्थानांतरण और अपनी पदोन्नति जैसी मांगों को लेकर थाना परिसर में समाधान दिवस पर विरोध स्वरूप काली पट्टी बांध कर कार्य किया गया। समाधान दिवस में लेखपाल अजय पांडेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, समरनाथ, रोहित मिश्रा, अजय सेठ, गोविन्द सिंह, मृत्युंजय, फूलचंद, अमरदीप, सुनील, राहुल,संजय आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

नदी में महिला का शव देख मची सनसनी

खुटहन। कृष्णापुर गांव के पास शनिवार को गोमती नदी की बीच धारा में महिला का शव बहता देख सनसनी फैल गई। नदी में स्नान करने गए युवकों ने शव देखकर शोर मचाया। सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक शव पानी में गुम हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला पीली साड़ी पहने हुए थी। उसकी उम्र करीब 45 से 50 वर्ष आंकी जा रही है। शव पेट के बल पानी में बह रहा था। उसकी पीठ पर कौए बैठकर मांस नोच रहे थे। इस समय नदी में पानी अधिक है बीच धारा में शव होने के कारण ग्रामीण उसे निकाल नहीं पाये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई। इसके बाद गोताखोरों की मदद से नदी में महिला के शव की तलाश शुरू कराई गई। खबर लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो सका था। महिला की पहचान और उसकी मौत के कारणों के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

हृदयाघात से हेड कान्स्टेबल की मौत

धानापुर। थाना क्षेत्र के मेढ़वा गाँव निवासी हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद्र यादव का निधन के बाद शनिवार भोर मे उनका पार्थिव शरीर पैतृक घर पहुँचने से परिजनों मे कोहराम मच गया वही सुबह राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। अमेठी के रामगंज पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद्र यादव का हार्ट अटैक से निधन हो गया। रामगंज पुलिस चौकी पर तैनात एक हेड कांस्टेबल की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। अमेठी पुलिस हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद्र यादव को दिल का दौरा पड़ा,जिसके बाद उन्हें बचाने की काफी कोशिशें की गईं, लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। 45वर्षीय प्रकाश चंद्र यादव 8अक्टूबर को अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गए। उनके साथी हेड कांस्टेबल बलेंद्र यादव और हेमंत कुमार ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुल्तानपुर के व्योनिका अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। प्रकाश चंद्र यादव को 8 अक्टूबर को ही मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मेडिकल टीम उनकी स्थिति को स्थिर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और 9 अक्टूबर की सुबह करीब 9:00 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। मौत कि जानकारी मिलते ही परिजनों मे दुःख का पहाड़ टूट गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हॉल है। मृतक के दो बेटे अभिषेक चंद्र यादव, विवेक चंद्र यादव और एक बेटी रिया यादव हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है, दोनों लड़के और लड़की प्रयागराज मे रहकर पढ़ाई करते हैं पत्नी का नाम चंद्रकला यादव गृहणी हैं मुखाअग्नि छोटे पुत्र विवेक चंद्र यादव ने दिया।

जनसेवा केन्द्र संचालक को लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

चंदौली। जनसेवा केंद्र संचालक से हथियार के बल पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2,87,140 रुपये नकद, एक स्विफ्ट डिजायर कार, सात मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। उक्त मामले का खुलासा सदर कोतवाल बिंदेश्वर पांडेय ने कोतवाली में किया। विदित हो कि 9 अक्टूबर की रात लूट की घटना के बाद कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि वारदात में इस्तेमाल की गई कार बबुरी रोड पर एक लोहे के संकेतक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कार के पास मौजूद संदिग्ध भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान अलीनगर पुलिस ने लूट से संबंधित चार आरोपियों को पकड़ने और नकदी व सामान बरामद करने की सूचना दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वाराणसी के लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के छोटालालपुर निवासी सुधांशु यादव, चौबेपुर थाना क्षेत्र के उमरहां निवासी पीयूष यादव उर्फ बाबू और मनीष यादव तथा नरायनपुर निवासी अनुज यादव के रूप में हुई है। वारदात में शामिल प्रिंस यादव, अभिषेक पाल, कल्लू और करन समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चंदौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में सदर कोतवाल विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय, उपनिरीक्षक रामजीत यादव, उपनिरीक्षक कन्हैया लाल मौर्य, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक रामसुजान यादव मौजूद रहे।

अवैध डीजल कारोबार का खुलासा

चंदौली। पुलिस ने अवैध डीजल कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल से भरा एक टैंकर पकड़ा है। पुलिस ने मौके से टैंकर चालक को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान पेट्रोल पंप के स्टॉक और बिक्री रजिस्टर में भी 13,986 लीटर डीजल का अंतर और गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सात नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर शाम मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चंदौली थाना पुलिस ने एनएच-2 हाईवे स्थित नवीन मंडी परिसर के पास कार्रवाई की। इस दौरान महाराष्ट्र नंबर के टैंकर को रोककर जांच की गई। टैंकर में 25 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल भरा हुआ था।



पुलिस की हिरासत में लूट के आरोपी बदमाश। छाया:

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

चकिया। किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को किसान अधिकार यात्रा निकालकर उनके हक की आवाज बुलंद की। तियरा तिराहा से शुरू हुई पदयात्रा क्षेत्र के करीब 20 गांवों से गुजरते हुए चकिया स्थित गांधी पार्क पहुंची। यात्रा में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग करते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। यात्रा के दौरान किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देन, खाद और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सिंचाई की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। नेताओं ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ने से किसानों के सामने आर्थिक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और खेती के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कृषि उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अखिलेश शुक्ला ने एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि संबंधी बुनियादी सुविधाओं को किसानों के हित में जरूरी बताया। वहीं, डॉ. राम अधार जोसेफ ने किसानों से अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। पदयात्रा लालपुर, कुआं, भभुआर, उतरौत, नई बस्ती, गौरी, भष्करपुर, अंबर, चंडीपुर, डड़िया, इस्माइलपुर, बेदौली, तियरी, इंद्रपुरवा, पचवनिया, बोदारे और डुही-सुही सहित विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। यात्रा के समापन पर गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

अलीनगर। थाना क्षेत्र के रेवसा गांव के पास रिंग रोड के नेशनल हाईवे पर शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक अर्धविक्षिप्त बताया जा रहा है और पिछले कई दिनों से रेवसा गांव के आसपास घूमता हुआ देखा गया था। शनिवार को वह हाईवे पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और आसपास के ग्रामीणों से पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त न हो पाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय की मर्चरी में रखवा दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष गगन राज सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थानों में भी सूचना भेज दी गई है। पहचान होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जमीन विवाद को लेकर मारपीट, एक की मौत

बबुरी। क्षेत्र के शाहपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम जमीन के बंटवारे और भूत-प्रेत को लेकर हुए विवाद में भतीजे और उसके बेटे ने लाठी-डंडे से हमला कर चाचा-चाची को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वाराणसी ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान शनिवार की सुबह चाचा संग्राम की मौत हो गई, जबकि पत्नी माया का इलाज चल रहा है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। शाहपुर निवासी संग्राम और स्व० रामसूरत आपस में भाई थे। दोनों परिवारों के बीच जमीन के बंटवारे और भूत-प्रेत को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। स्वजन के अनुसार, शुक्रवार को रामसूरत का पुत्र प्यारे अपने बेटे जितेंद्र के साथ संग्राम के घर पहुंचा और जमीन बेचने के बाद हिस्से का पैसा लेने के लिए साथ चलने को कहा। इसके बाद संग्राम पत्नी माया के साथ उनके साथ चले गए। गांव के बीच कुएं के पास भूत-प्रेत को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान प्यारे और जितेंद्र ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से दंपती अचेत होकर गिर पड़े। स्वजन और ग्रामीण दोनों को जिला अस्पताल ले गए, जहां से संग्राम को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के तीन पुत्र हैं,जो दूसरे शहरों में निजी कंपनियों में काम करते हैं।

संक्षिप्त

पितृ विसर्जन पर पिंड दान करने गंगा घाट पर पहुंचे श्रद्धालु

धानापुर। क्षेत्र में पितृ विसर्जन (अमावस्या) के मौके पर गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे। नरौली, अमादपुर, गुरैनी और रायपुर स्थित डंहारी गंगा घाट पर लोगों ने अपने पूर्वजों को तर्पण किया। मान्यता है कि दान-पुण्य से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। पंडित मुन्ना मिश्रा ने बताया कि पितृ विसर्जन पर तर्पण और श्राद्ध से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। जिन पूर्वजों की मृत्यु तिथि पता नहीं, उनका श्राद्ध सर्वपितृ अमावस्या को किया जाता है। इससे व्यक्ति पितृ ऋण से मुक्त होता है और परिवार पर पितरों की कृपा बनी रहती है। इस दिन काले तिल, कुशा, जल से तर्पण और गरीबों को भोजन, वस्त्र, अन्न दान करना पुण्यकारी है। पंचबली (गाय, कुत्ता, कौवा, चींटी, देवताओं के लिए अंश) निकालकर भोजन कराना जरूरी है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, उड़द दाल,बड़े और खीर-पूरी दान करने से पितृ दोष व राहु के कष्ट कम होते हैं।

पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की मनी पुण्यतिथि

धानापुर। पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय धरती पुत्र स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पाँचवी पुण्य तिथि शनिवार को दोपहर दो बजे सीता पोखरी स्थित कैम्प कार्यालय पर मनायी गयी । जिसमे उपस्थित दर्जनो पार्टी कार्य कर्ताओ द्वारा नेता जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने कहा कि सपा संस्थापक नेता जी का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समाजवाद, किसानो गरीबों, पिछडो वंचितों, और शोषितो के अधिकार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने संघर्ष विचारों और जनसेवा के माध्यम से भारतीय राजनीति में अपनी विशिष्टि पहचान बनाई । उनके विचार संघर्ष और जनकल्याण के प्रति समर्पण सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे नेता जी भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके आदर्श और समाजवादी विचार हमेशा जीवित रहेंगे ।

भगवान की शरण, सत्कर्म से ही मिलता है जीवन में सच्चा सुख- षड्गोस्वामी

मुगलसराय। नगर स्थित मां काली मंदिर तीर्थ धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं विशाल गायत्री महायज्ञ में शनिवार को कथा व्यास श्रीमान षड्गोस्वामी दास जी महाराज ने धर्म, कर्म और भगवान की भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन का मुख्य उद्देश्य भगवान को अपने हृदय में स्थान देना और उनके बताए मार्ग पर चलना होना चाहिए। भगवान और धर्म के बिना मनुष्य वास्तविक सुख और शांति प्राप्त नहीं कर सकता। महाराज जी ने कहा कि धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ करना नहीं, बल्कि जीवन को सही मार्ग पर चलाना, अच्छे कर्म करना और दूसरों के प्रति सद्भाव रखना भी है। कई बार लोग मानते हैं कि धर्म के मार्ग पर चलने से जीवन में कठिनाइयां आती हैं, लेकिन यह धारणा उचित नहीं है।

समाधान दिवस पर लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

सकलडीहा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर लामबंद है। शनिवार को उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह और सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर लेखपाल संघ के पदाधिकारी काली पट्टी बांधकर समाधान दिवस पर विरोध जताया। इस दौरान राजस्व के तीन प्रार्थना पत्रों में एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाया। इस मौके पर फरियादी मायूस होकर लौट गये। सकलडीहा तहसील के लेखपाल बीते 22 सितंबर से अतिरिक्त गांवों का प्रभार छोड़ दिया है। करीब 40 लेखपालों ने 100 गांवों का बस्ता जमा कर दिया है। इससे इन गांवों में ऑनलाइन और ऑफलाइन काम ठप हो गया है। आठ अक्तूबर से लेखपालों ने 331 गांवों का ऑनलाइन कार्य का सम्पूर्ण रूप से बहिष्कार कर दिया है। तहसील के कुल 441 गांव के लोग परेशान है। शनिवार को समाधान दिवस पर तीन प्रार्थना पत्र पड़े मगर एक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। लेखपाल संघ के पदाधिकारी अधिकारियों के बीच काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए नजर आये।

देश में चल रहा अघोषित आपातकाल-वरुण

मुगलसराय। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी वरुण चौधरी के मुगलसराय पहुंचने पर सुभाष पार्क पर जोरदार नारों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत उपरांत अल्प ठहराव के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि पूरे देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। भाजपा एक तरफ देश के स्वाभिमान को अमेरिका के सामने पंगु बनाने का कार्य कर रही है, वहीं दूसरी तरफ देश के संस्थानों को चंद उद्योगपतियों को बेचने का कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के मिली भगत से देश की जनता का वोट चोरी किया जा रहा है, लोकतंत्र-संविधान व जनतादेश का भाजपा सरकार हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जन दूसरी आजादी के लिए कमर कसकर तैयार रहे, राहुल गांधी ने युद्ध का शंखनाद कर दिया है वहीं उन्होंने कांग्रेस जनों को 12 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। स्वागत में अकील अहमद बाबू दयाराम पटेल औसाफ अहमद, राधेश्याम पासवान विजय गुप्ता, हाजी अहमर, रमेश पांडेय, साबिर राईन, बिशुन प्रसाद सोंनकर, सैयद आले अब्बास, तारिक अब्बास, साकिल अहमद, इम्तियाज अहमद आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई,जागरुकता अभियान

मुगलसराय। पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आज 'नो रेड एंड येलो स्पॉट डे' के तहत विशेष सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्टेशन परिसर में पान-सुपारी के दाग एवं अन्य जिद्दी दाग वाले स्थानों की साफ-सफाई की गई। साथ ही रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने और निर्धारित कूड़ेदानों का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों से अपील की गई कि वे पान-सुपारी खाकर इधर-उधर न थूकें, कचरा निर्धारित कूड़ेदानों में डालें तथा पेशाब आदि के लिए केवल निर्धारित शौचालयों का ही उपयोग करें। रेलवे परिसर में कहीं भी गंदगी न फैलाएं। हाल ही में संशोधित नियमों के तहत रेलवे परिसर में स्वच्छता प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर निर्धारित दंड 500 से बढ़ाकर 1,000 किया गया है। सभी से अपील है कि वे रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा सफाई मित्रों के प्रयासों का सम्मान करते हुए स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

सीजेपी प्रोटेस्ट के समर्थन में उतरी भाकियू टिकैत, दिया धरना

चंदौली। दिल्ली में चल रहे सीजेपी प्रोटेस्ट के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने शनिवार को बिछिया धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार मझवार को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मामले की जांच कराने की मांग की। वाराणसी मंडल के मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने फॉर्म-6 और अलग ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की भी मांग की। चेतावनी दी कि सरकार ने दमनकारी कार्रवाई की तो भाकियू चंदौली के किसान दिल्ली कूच करेंगे। जिलाध्यक्ष सतीश सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के लिए उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कमेटी गठित करने की मांग करते हुए कहा कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान छोटे लाल यादव, भोलई चौहान, अलाउद्दीन एडवोकेट, विद्याशंकर सिंह, राजेश कुमार सिंह, श्रवण मौर्या और डॉ. राजीव मौजूद रहे। अध्यक्षता रामनारायण यादव व संचालन प्रभाकर सिंह ने किया।

मुलायम सिंह ने गरीबों, किसानों, वंचितों की बुलंद की आवाज -रामकिशुन

मुगलसराय। नगर के मानस नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को पार्टी के संस्थापक संरक्षक और पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पूर्व सांसद रामकिशुन यादव सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नेताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और समाजवादी विचारधारा में योगदान को याद किया। पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अपना पूरा जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई और उन्हें सम्मान तथा अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उनका मानना था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने सामाजिक समानता और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए भी काम किया। उनका राजनीतिक जीवन संघर्ष, जनसेवा और समाजवादी सिद्धांतों के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उनके विचार और जनहित के लिए किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। पूर्व प्रमुख बाबूलाल ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने राजनीति को गांवए गरीब और किसान के मुद्दों से जोड़ने का काम किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा दी। उनके विचारों को आत्मसात करना और समाजवादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर प्रेमनाथ तिवारी, तेजबली यादव, सुरेश यादव, सभासद पारस यादव, संतोष कुमार, मुलायम सिंह यादव, रामसेवक यादव, राजकुमार कन्नौजिया, संजय कुमार, इंजमाम, श्यामलाल बिंद, डॉ. उदय, नंदन अशोक आदि मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर लेखपालों ने किया कार्य

कमालपुर। स्थानीय थाना धीना पर शनिवार को थानदिवस पर थाना क्षेत्र के समस्त लेखपाल अपने बाहों पर काली पट्टी बांध कर संबंधित मामलों के निस्तारण में कार्य कर रहे थे। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वाहन पर अपने 08 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन के तृतीय चरण के तहत 10 अक्टूबर को थाना दिवस के मौके पर थाना धीना पर लेखपाल रविशंकर राय, अफसर खान, संदीप कुमार, अनिल, अफसर खान, धर्मेंद्र यादव, कमलेश यादव, प्रद्युम्न, शशांक सिंह, मुकेश सिंह, विनय कुमार, शशिकला, भूपेंद्र सिंह आदि लोगों ने उपस्थित रहकर आने वाले फरियादियों का संबंधित मामलों में सूझ बूझ से निस्तारण करने का काम किए। थाना परिसर में उपस्थित लेखपालों ने बताएं कि प्रांतीय लेखपाल संघ की 08 सूत्रीय मांगे शासन द्वारा नहीं मानी जाती है तो 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर मोटर साइकिल रैली निकालकर जिलाधिकारी महोदय को पत्रक दिया जाएगा।17 अक्टूबर दिन शनिवार से सभी कार्यों का बहिष्कार करते हुए तहसील मुख्यालय पर इकट्ठा होकर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक धरना प्रदर्शन करने का कार्य किया जाएगा। 24 अक्टूबर को समस्त लेखपाल जिला मुख्यालय पर उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर उपस्थित सभी लेखपाल में एकता एवं आपसी सद्भावना देखने को मिली।

नेताजी के विचार भारत की विरासत-डीएन

चंदौली। भारतीय समाजवादी संस्कृति के संवाहक एसामाजिक न्याय के प्रणेता, पीडीए धरोहर, धरती पुत्र श्रद्धेय नेताजी के विचार भारत की समाजवादी विरासत का हिस्सा है। नेताजी का दूरदर्शी नेतृत्व और सामाजिक न्याय तथा समाजवाद को लेकर प्रतिबद्धता सदैव भारत के पद प्रदर्शक रहेंगे। उक्त बातें भारतीय समाजवादी संस्कृति परिषद (बीएसएसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएन यादव ने श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी के चौथे महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मुगलसराय विधानसभा के महेवा गांव में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा। डीएन यादव ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी का समग्र जीवन मानवता, समानता और समाजवाद का वह उज्वल दीपस्तंभ है, जिसकी ज्योति युग युगांतर तक राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक न्याय और भारतीय समाजवाद को आलोकित करती रहेगी। बीएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह व सपा कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारें समाज में नफरत फैलाकर आर्थिक विषमता पैदा कर रही हैं। भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर शिक्षण संस्थानों में अराजकता का माहौल बना दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान व पीडीए के आरक्षण की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यादव ने उपस्थित जनसमूह से आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश से अत्याचारी, भ्रष्टाचारी और लोकतंत्र व संविधान विरोधी सरकार को हटाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जमुना भारतीय, रतन सोनकर, मार्खंडे भारती, संजय प्रधान, सैफ प्रधान, चन्द्रशेखर बिन्द, रिंकू बीडीसी, महबूब अली, चुन्नीलाल पीडी, एसाबिया खान, सलेहा बेगम, श्यामपियारी, रेशमा देवी, इंदल, राजेश सोनकर, महेंद्र पाल, रमेश पटेल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



श्रद्धालुओं ने अपने पित्तरों का किया तर्पण

चहनियां। पितृ विसर्जन के अवसर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर हजारो लोगो ने शनिवार को अपने अपने पूर्वजों को बिधि विधान से तर्पण किया । ये सिलसिला भोर से ही शुरु हो गया । भीड़ को देखते हुए घाट पर पुलिस फोर्स मौजूद रही । बलुआ बाजार में जाम छुड़ाने में पुलिस लगी रही । पितृ पक्ष में लगातार 15 दिनों तक लोग घरों में भोजन बनाकर अपने पूर्वजों को निकालने के बाद शनिवार को पितृ विसर्जन के दिन बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर हजारो की संख्या में लोगो ने अपने अपने पूर्वजों को तर्पण किया । घाट पर और बाजारों में नाईयो से मुंडन कराकर गंगा में स्नान के पश्चात घाट पर मौजूद ब्राम्हणों से पिण्ड दान की सामग्री, मिष्ठान से तर्पण किया । घाट पर मौजूद लोगों ने बिधि विधान से ब्राम्हणों द्वारा मंत्रों के साथ तर्पण किया । वही घरों में पकवान बनाकर छतों पर पित्तरों को निकाला गया । घाट पर भीड़ को देखते हुए बलुआ थाना प्रभारी संतोष सिंह भारी मात्रा में फोर्स और गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के नेतृत्व में लोग तैनात रहे ।

पुलिस चौकी पर शान्ति समिति की बैठक

कमालपुर। स्थानीय कस्बा स्थित पुलिस चौकी पर शनिवार को आने वाले पर्वों को लेकर बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कस्बा में होने वाले पर्व रामलीला, दशदरा का मेला, भरत मिलाप जलूस, विराट दंगल तथा इस वर्ष बच्चों द्वारा दुर्गा पूजा मनाने संबंधी लोगों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। चौकी प्रभारी जय करन सरोज ने उपस्थित लोगों से सारी जानकारी हासिल कर दुर्गा पूजा की नई परम्परा स्थापित करने वाले लोगों से लिखित तहरील लेते हुए बिना परमिशन का मानने से मना किए। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी त्रिवेणी लाल सेन ने उपस्थित सभी लोगों को कहा त्यौहार हमारे जीवन का एक हिस्सा है। आपस में एक दूसरे से मिलने प्रेम सौहार्द व्यक्त करने का सबसे बड़ा साधन है। थाना प्रभारी ने कहा आप लोग नया कार्य दुर्गा पूजा सार्वजनिक स्थान पर करने जा रहे हैं वह जिला प्रशासन के पूरी जानकारी में है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने स्वयं फोन कर मुझे सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के बिना अनुमति का कोई नया पूजा,पंडाल नहीं होगा। उपस्थित लोगों से खुशी खुशी पर्व मनाने की कामना की। मौके पर एस आई धर्मेंद्र कुमार सिंह, हेड का विजय कुमार, आनंद विश्वकर्मा निकेश जायसवाल, अरविंद वर्मा, गणेश अग्रहरि, विकास गुप्ता, महेश अग्रहरि, रवींद्र उपाध्याय, आनन्द रस्तोगी, नीरज अग्रहरि, बंटी जायसवाल, मोहन प्रधान, राहुल खरवार, सत्यम प्रजापति, कल्लू गोस्वामी आदि रहें।



व्यापार मंडल के तुगलकी फरमान का ग्रामीणों ने किया विरोध

धानापुर। व्यापार मंडल सीता पोखरी द्वारा व्यापारियों के हित में महीने की हर दस तारीख को सम्पूर्ण बाजार बंद करने के तुगलकी फरमान का क्षेत्रीय ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जनपद के अन्य बाजारों की तरह बाजार बंदी के दिन यहां भी रेहणी, ठेला खुमचा, मिठाई, चाय पान, सब्जी, आदि की दुकानो को बंदी से बाहर रखा जाय। जिससे आम जनमानस को परेशानियों से निजात मिल सके। अन्यथा ग्रामीण व्यापार मंडल के निर्णय विरोध में सड़क पर उतर सकते है। बताया जाता है कि धानापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा धराव के मौजा सीता पोखरी के छोटी सी मार्केट में विगत तीन माह पूर्व व्यापार मंडल चंदौली के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कांत अग्रहरी की अध्यक्षता में व्यापार मंडल का गठन किया गया जिसमे हर महीने की दस तारीख को बंदी का निर्णय लिया गया है । और निर्णय के अनुसार बाजार के सभी व्यापारियों को बंदी के दिन छोटी बड़ी सभी दुकानो को बंद रखने का तुगलकी फरमान जारी किया गया । साथ ही दस तारीख की बंदी को सफल बनाने के लिए कई दिन लाउडस्पीकर से पूरे बाजार में एनाउसमेंट कराया गया कि बाजार की कोई भी दुकान नहीं खुलेगी। अगर बंदी के दिन कोई व्यापारी अपनी दुकान खोलेगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही हो सकती है। आक्रोशीत ग्रामीणों का कहना है कि व्यापार मंडल सीता पोखरी द्वारा अगर क्षेत्रीय जनता के सुविधाओं की अनदेखी हुईं तो ठीक नहीं है । छोटी दुकानों को जबरन बंद कराने की तुगलकी फरमान का बिरोध होना चाहिए ।

जमीन विवादों में शिथिलता क्षम्य नहीं- आकांक्षा

सकलडीहा। शनिवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जमीन संबंधी विवादों सहित अन्य समस्याओं को लेकर कुल आठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वही, शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कहा कि जमीनी विवादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर शिकायतों का निष्पक्षता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं, क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे। दोनों पक्षों की बात सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, जिससे विवादों का स्थायी समाधान हो सके और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा देने का प्रयास-एडीजी

मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

विंध्याचल। शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन नवीन अरोरा ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद परिसर स्थित सेफ हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीजी ने कहा कि नवरात्र मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर यातायात, सीसीटीवी कैमरों, सड़कों और पेयजल तक आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने मंडलायुक्त प्रकाश कुमार और अपर पुलिस महानिरीक्षक पूनम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों को ध्यान में रखकर रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने स्वयं को निगरानी की भूमिका में बताया। विशिष्ट दर्शन के संबंध में एडीजी ने कहा कि विशिष्ट व्यक्तियों को सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता, लेकिन आम श्रद्धालुओं की भीड़ और दबाव को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था संचालित की जाएगी। इससे पहले त्रिशक्ति मार्ग पर मंडलायुक्त प्रकाश कुमार और एआईजी पूनम ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सहित पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।



एडीजी का स्वागत करती डीआईजी। छाया:आज

विंध्याचल में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ

विंध्याचल। मां विंध्यवासिनी धाम में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ। नवरात्र मेले को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर, गंगाघाटों और प्रमुख मार्गों पर सजावट आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हालांकि, अधिकारियों के लगातार निरीक्षण और व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देशों के बावजूद मेले की शुरुआत तक कई जगह खामियां नजर आईं। खासकर नगरपालिका के अधीन होने वाले कार्य अधूरे दिखाई दिए। नवरात्र से पहले जिले के आला अधिकारियों ने विंध्य क्षेत्र का लगातार स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद गंगाघाटों की सीढ़ियों पर गंगा का जलस्तर पीछे जाने के कारण कीचड़ और मिट्टी जमा दिखाई दी। विंध्याचल की कई गलियों में जगह-जगह कूड़े का ढेर भी नजर आया। वहीं, त्रिकोण परिक्रमा मार्ग पर उभरी गिट्टियों को दुरुस्त नहीं किया जा सका। इससे नंगे पांव परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार दोपहर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार ने गंगाघाटों तथा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। घाटों पर मिट्टी और कचरा देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने नगरपालिका के ईओ गोआ लाल को निर्देश दिया कि घाटों के किनारों पर जमा कीचड़युक्त मिट्टी और कूड़े-कचरे को जल्द से जल्द साफ कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।दूसरी ओर, नवरात्र के मद्देनजर मां विंध्यवासिनी मंदिर, काली खोह, अष्टभुजा मंदिर और पक्काघाट सहित प्रमुख स्थलों पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। मंदिर जाने वाले मार्गों पर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को भव्य तरीके से सजाया है, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कुएं में मिला युवक का शव, भाई की मौत के बाद बहन ने भी तोड़ा दम





एक ही परिवार से उठीं दो अर्थियां

अदलहाट। थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहां अखाड़ा परिसर के पास स्थित कुएं में 19 वर्षीय युवक का शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। भाई की मौत की खबर से सदमे में आई उसकी 20 वर्षीय बहन की भी कुछ देर बाद मौत हो गई। एक ही परिवार में दो मौतों से गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाजीपुर गांव निवासी रामआसरे पहलवान के पुत्र शेषनाथ यादव उर्फ गोलू (19) का शव शनिवार सुबह करीब पांच बजे अखाड़ा परिसर में स्थित कुएं के खंभे से बंधी रस्सी के सहारे लटकता मिला। बताया गया कि रामआसरे और अन्य लोग सुबह व्यायाम करने के लिए अखाड़े पर पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर कुएं के खंभे में बंधी रस्सी पर पड़ी। संदेह होने पर उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो गोलू का शव लटकता दिखाई दिया। लोगों ने युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची अदलहाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर उपनिरीक्षक अभयनारायण सिंह पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, भाई की मौत से आहत उसकी बहन अनुष्का यादव (20) ने घर में फांसी लगा ली। उस समय परिवार के लोग गोलू की मौत के बाद की कार्रवाई में व्यस्त थे। महिलाओं की सूचना पर परिजन आनन-फानन में अनुष्का को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पिता रामआसरे की तहरीर पर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक का माहौल है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम और पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

नवरात्र मेले को लेकर एएसपी ने किया निरीक्षण

सीखड़। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन राजकुमार मीणा रविवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र के पूर्व शनिवार को अदलपुरा शीतला माता मंदिर पर पहुंचकर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर प्रांगण से लेकर गंगा घाट और सीढ़ियों सहित गंगा में बैरिकेडिंग सहित कंट्रोल रूम का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति विनम्रता का भाव रखें और उनका सहयोग करें, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन करने में कोई तकलीफ़ न होने पाएं। मंदिर प्रांगण से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में कुल 22 जगह पुलिसकर्मी तैनात होंगे और तीन पालियों में इनकी ड्यूटी लगाई गई है। निरीक्षण के पश्चात अदलपुरा चौकी में ड्यूटी के लिए आए सभी पुलिस के जवानों के साथ क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव व प्रभारी निरीक्षक चुनार विजय शंकर ने एक मीटिंग कर उनको समय पर अपने ड्यूटी वाले जगह पहुंचकर आगंतुकों के साथ उचित व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। शनिवार को करीब दर्जन भर सफाईकर्मियों ने मिलकर गंगा घाट की सीढीयो सहित मेला प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाया।

पितरों का पिंडदान करने उमड़े लोग

विंध्याचल। शिवपुर स्थित रामगया घाट पर शनिवार को पितरों को पिंडदान करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। गंगा स्नान करने के बाद लोगों ने पितरों का पिंडदान किया। वृद्धों के साथ ही नौजवान भी पिंडदान करने में मशगूल दिखे। गंगा घाट पहुंचे लोगों ने पितरों के मोक्ष की कामना को लेकर विधि-विधान से तर्पण किया। पिंडदान करने पहुचे लोगो ने गंगा स्नान किया जिसके बाद जौ के आटा, खोया, काला तिल, धूप, दीपफल, नैवेद्य आदि पूजन सामग्री से पिंड बनाकर घाट पर उपस्थित पुरोहित द्वारा अपने पूर्वजों को याद कर मंत्रोचार द्वारा पिंडदान किया, जिसके बाद पिंड का विसर्जन गंगा में करके पुन: स्नान किया। पिंडदान के पश्चात अन्न, फल, मिष्ठान एवम द्रव्य का दान देकर अपने गंतव्य को रवाना हूए। उमड़ी भीड़ के चलते शिवपुर बाजार से रामगया घाट तक जाम की स्थिति रही, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। घाट पर नाईयों की चांदी रही। लोगों ने पिंडदान करने से पहले बाल व दाढ़ी बनवाए। राम गया घाट पर प्रकाश दिवेदी ने भी पुरोहिताई की। घाट पर बैरिकेडिंग पर्याप्त मात्रा में न लगाए जाने से लोगों को स्नान करने में परेशानी हुई। प्रातःकाल से ही पिंडदान करने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह से दोपहर तक गंगा घाट पर भीड़ का दबाव बना रहा। मार्ग की पटरियों पर श्राद्ध पूजन करने के सामानों की दुकानें गुलजार रहीं। मान्यता है कि पितृपक्ष में रामगया घाट पर पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। कई बीमार लोग भी परिवार वालों के सहारे गंगा घाट पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शिवपुर ओवर ब्रिज, संकठा देवी मंदिर के पास पुलिस बैरिकेडिंग कर बड़े वाहनों को अन्दर प्रवेश न कर पाएं, इसके लिए जगह जगह अस्थाई वाहन स्टैंड भी बनाएं गए हैं। अपने अपने पूर्वजों का पिंडदान करने के उपरांत सजी दुकानों से अपने-अपने जरूर की वस्तुओं की खरीदारी कर अपने अपने गृह की ओर लौट गए।



पिंडदान करते लोग। छाया:आज

नवरात्र शुरू, गड़बड़ा धाम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हलिया। शारदीय नवरात्र को लेकर क्षेत्र के प्रसिद्ध मां गड़बड़ा धाम में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ेगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व में भक्त मां के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नवरात्र के दौरान मां गड़बड़ा धाम में दर्शन पूजन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ नौ दिवसीय पूजा का शुभारंभ होता है। अष्टमी और नवमी पर भी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर सुख शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। नवरात्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आवागमन व्यवस्था को लेकर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने गड़बड़ा धाम में बैरियर और मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया, ताकि दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो नवरात्र के नौ दिनों तक क्षेत्र के दोनों प्रमुख देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहेगी।

महालय, गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, किया तर्पण

कछवां। पितृ विसर्जन महालय के अवसर पर कछवां एवं विकासखंड मझवां क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचे। शनिवार सुबह से ही गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए विधि-विधान से तर्पण किया। क्षेत्र के बरैनी घाट, पूरवा घाट एवं जगतानंद आश्रम घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे लोगों ने गंगा में स्नान कर अपने पितरों को जल अर्पित किया तथा धार्मिक परंपराओं के अनुसार पितृ तर्पण की रस्में पूरी कीं। इस दौरान गंगा घाटों पर भक्तिमय माहौल बना रहा। पितृ विसर्जन महालय के अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था देखने को मिली। लोगों ने अपने पूर्वजों को स्मरण करते हुए उनकी आत्मा की शांति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर दिनभर घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महालय के अवसर पर पितरों का तर्पण एवं श्राद्ध करने का विशेष महत्व है। इसी आस्था के चलते कछवां और मझवां क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग गंगा तट पर पहुंचकर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा निवेदित करते नजर आए।

विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया जलपान वितरण का आयोजन

मीरजापुर। पितृ विसर्जन अमावस्या के पावन अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही जिले की अग्रणी संस्था विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बरियाघाट पर सेवा, समर्पण और मानवता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। संस्था की ओर से श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के लिए निःशुल्क पेयजल, बिस्किट, जलेबी और चाय का वितरण किया गया। इस सेवा अभियान से हजारों श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने लाभ प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पितृ विसर्जन अमावस्या पर बरियाघाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क प्रसाद एवं जलपान वितरण की व्यवस्था की गई। संस्था का उद्देश्य धार्मिक एवं सामाजिक अवसरों पर जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज में सेवा की भावना को मजबूत बनाना है। संस्था के संरक्षक पंडित दिवाकर मिश्र ने कहा कि पितरों के स्मरण, श्रद्धा एवं तर्पण के इस पावन अवसर पर सेवा कार्य करना धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती प्रदान करता है। ट्रस्टी सदस्य निशांत गुप्ता ने बताया कि बरियाघाट पर पिंडदान एवं तर्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं तथा जरूरतमंद लोगों को सेवा सामग्री वितरित कर संस्था ने मानवता और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। वहीं, संस्था के उपाध्यक्ष आशुतोष हैहयवंशी ने कहा कि विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक अवसरों पर जनसेवा के कार्य किए जाते हैं।

आठ शिकायतों में एक का निस्तारण

छानबे। जिगना थाना समाधान दिवस पर किसी राजस्व अधिकारी के न आने पर लोग बिना शिकायत दर्ज कराए वापस लौट गए। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह व राजस्व निरीक्षक विजय शंकर ने शिकायत सुनी और कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुल आठ शिकायतें आई, जिसमें एक का निस्तारण किया गया। अम्बिका प्रसाद मिश्र निवासी बभनी ने भौरुपुर अजगना ने बैनामा वाली भूमि पर अतिक्रमण रोकने हेतु शिकायती पत्र दिया। कहा कि वर्ष 2004 में बैनामा कराया है आरोप लगाया कि जमीन का फाट आदि होने के बाद पुलिस अधीक्षक ज़िलाधिकारी सहित दर्जनों शिकायतें तहसील व थाना तथा राजस्व अधिकारियों को दिया, लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है। सिर्फ़ काग़ज़ पर रिपोर्ट लगाकर कर निस्तारण हो जा रहा है।

एसडीएम, सीओ ने अनशन को कराया समाप्त

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर-38 गाँव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद व समाजसेवी प्रवेश कुमार मौर्य उर्फ चौधरी की अगुवाई सहित सैंकड़ो ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार की सुबह से रेलवे अंडरपास पुल के निर्माण के लिए भूख हड़ताल किया जा रहा था, जिसे देर रात मड़िहान उपजिलाधिकारी तथा मड़िहान क्षेत्राधिकारी ने जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराने का आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया गया। इस दौरान गाँव के लोगों का कहना था कि जिस पुराने रास्ते से हम लोग आते-जाते हैं,उस रास्ते को रेलवे ने बंद कर दिया है, जिसके कारण बाज़ार की लगभग आधे किलोमीटर की दूरी को लगभग 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय कर बाज़ार जाना पड़ता है। इसलिए इस लंबी दूरी को समाप्त करने के लिए रेलवे एक अंडर पास का निर्माण करें, जिससे ग्रामीणों को लंबी दूरी का रास्ता तय न करना पड़े। इसके लिए ग्रामीणों ने विगत दो वर्ष पूर्व से ही प्रार्थना पत्र जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल, क्षेत्रिय विधायक, जिलाधिकारी व रेलवे के अधिकारियों को देकर रास्ते के लिए मांग किया गया था। इतना ही नहीं अपना विरोध प्रकट करने के लिए रेलवे लाइन पर खड़ा होकर आंशिक विरोध भी किया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि इन लोगों को रास्ता भी बंद कर दिया गया। इसी को लेकर इन लोगों ने भूख हड़ताल शुरू किया था। शुक्रवार की रात्रि में नौ बजे उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात करके जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

संक्षेप

२११ मरीजों का हुआ उपचार

मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका और रामकृष्ण सेवाश्रम हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से शनिवार को ओझला पुल के पास विंध्याचल मार्ग स्थित अस्पताल में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने किया। शिविर में कुल 211 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें 77 महिलाएं और 134 पुरुष शामिल रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिग्विजय मिश्रा, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विवेक यादव एवं डॉ. विकास कांबले तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सिंह ने मरीजों को चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं। नगर पालिका अध्यक्ष ने जनहित में आयोजित इस पहल की सराहना की। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि जरूरतमंदों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। अंत में आयोजकों ने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

एक ही बाण से भगवान श्रीराम ने किया ताड़का का वध

अहरौरा। नगर के चौक बाजार में शुक्रवार की रात रामलीला में ताड़का वध और मारीच दरबार की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के पराक्रम और धर्म की विजय का प्रसंग देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जय श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा। लीला में गुरु विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण के वन गमन का प्रसंग दिखाया गया। ताड़का के आक्रमण करने पर भगवान श्रीराम ने एक ही बाण से उसका वध कर दिया। इसके बाद मारीच दरबार की लीला का मंचन हुआ। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला समिति के अध्यक्ष कुमार आनंद ने बताया कि भगवान श्रीराम के शौर्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रसंग दर्शकों के लिए प्रेरणादायक रहा। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन में व्यास शिरीष चंद सहित अश्वनी, बृजेश, रोशन, विकास, धीरज, सक्षम, पुष्कर, अनय, अभिषेक और करन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

निजी अस्पताल में महिला, बच्चे की मौत

मीरजापुर शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में महिला मरीज सन्ना बानो की मौत के मामले में मृतका के मायके और ससुराल पक्ष ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही नहीं बरतने की बात कही है। परिजनों के मुताबिक, महिला को अस्पताल में भर्ती करने से पहले डॉक्टर ने उसकी स्थिति गंभीर होने की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजनों की सहमति से उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। महिला की मौत के बाद दोनों पक्षों ने आपसी बातचीत के जरिए समझौता कर लिया। इस दौरान परिजनों ने मामले को लेकर कथित पत्रकारों पर भी नाराजगी जताई। वहीं, शहर कोतवाली के एसओ ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतका के परिजन कार्रवाई नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि तहरीर प्राप्त होती है तो मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस के अनुसार मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जलसा का भव्य आयोजन

कछवां। आमदे रसूल कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर एक विशाल जलसे का आयोजन किया गया। मझवां स्थित ईदगाह परिसर में आयोजित जलसा-ए-इस्लाहे मुआशरा मुफ्ती अहमद रजा मुरादाबादी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल को फूलों, लाइटों और इस्लामी झंडों से खूबसूरती से सजाया गया था। जलसे में देश के मशहूर नातख्वाओं ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। जलसा में सभी ने अपनी प्रतिभा पेशकर समां बांध दिया, इसके बाद नफीस हबीबी ने भी अपने नातिया कलाम पेश किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुफ्ती अहमद रजा मुरादाबादी ने मुस्लिम समुदाय को संबोधित करते हुए पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्तों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने सिर्फ इंसान बनाया है और जो अल्लाह की बनाई हुई मखलूक से मोहब्बत करता है, वो अल्लाह के सबसे करीब होता है। उन्होंने फरमाया कि इस्लाम को मानने वालों की पहचान उसके ईमान से, उसके अखलाक से होती है। इंसान को कोशिश करनी चाहिए कि उसकी वजह से किसी को तकलीफ न हो, हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए तथा ब्याज, झूठ और चुगली से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के सभी हाफिज और उलेमा मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला, बुजुर्गों और युवाओं ने शिरकत की।

अदवा नदी घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हलिया। पितृपक्ष की अमावस्या पर शनिवार को हलिया क्षेत्र के अदवा नदी घाट पर सैकड़ों लोगों ने अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान और तर्पण किया। सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। लोगों ने क्षौर कर्म कराने के बाद नदी में स्नान किया और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पितरों का पिंडदान किया। घाट पर पंडित केशव दूबे, धर्मेंद्र दूबे, दुर्गाशंकर दूबे और रतनधर दूबे ने मंत्रोच्चार के साथ पिंडदान और तर्पण की विधि संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना की। साथ ही परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहने की प्रार्थना की। मान्यता के अनुसार, जो लोग गया घाट और शिवपुर जाकर पिंडदान नहीं कर पाते हैं, वे अदवा नदी के तट पर ही अपने पितरों के निमित्त पिंडदान करते हैं।

मधुमक्खियों के झुंड ने वृद्ध पर किया हमला

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में शनिवार की सुबह धान के खेत की तरफ गए 70 वर्षीय वृद्ध पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध घायल हो गए। उनकी चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची पत्नी भी हमले की चपेट में आ गईं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए डीजल और कंबल की मदद से किसी तरह वृद्ध को मधुमक्खियों के हमले से बचाया। परिजन उन्हें तत्काल निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। मटिहरा गांव निवासी 70 वर्षीय अमरनाथ शनिवार की सुबह करीब आठ बजे अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित धान के खेत की तरफ गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। शोर गुल सुनकर पत्नी स्वभाऊ मौके पर पहुंचीं, लेकिन पति को बचाने की कोशिश के दौरान मधुमक्खियों ने उन पर भी हमला कर दिया। देखते ही देखते मौके पर अफरा तफरी मच गई मधुमक्खियों के हमले से घिरा देख गांव निवासी बच्चा लाल डीजल और कंबल लेकर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद वृद्ध को मधुमक्खियों के हमले से बचाया और निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक डॉ. विमल कुमार ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया चिकित्सक विमल कुमार के अनुसार, उपचार के बाद वृद्ध की हालत सामान्य है। इस संबंध में डॉक्टर बिमल कुमार ने बताया कि मधुमक्खियों के काटने से घायल अमरनाथ को लाया गया था जिसका उपचार किया जा रहा है।



घायल कक चल रहा उपचार। छाया:आज

ओपन शतरंज टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाये दम

मीरजापुर। लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में प्रथम ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विंध्याचल परिक्षेत्र की डीआईजी पूनम मुख्य अतिथि रहीं। आयोजन को जिले में शतरंज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के निदेशक अमरदीप सिंह, निर्देशिका अपराजिता सिंह और साहू ब्रदर्स के मालिक संतोष कुमार साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन, एकाग्रता और निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता का आयोजन मिर्जापुर चेस अकादमी ने मिर्जापुर चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में किया। टूर्नामेंट का संचालन स्विस सिस्टम और एफआईडीई के शतरंज नियमों के अनुसार हुआ। खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक क्षमता, धैर्य और खेल भावना का प्रदर्शन किया। आयोजकों की ओर से खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए 21 ट्रॉफियां और 77 पदक रखे गए। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र देने की भी व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण शीर्ष चार खिलाड़ियों को लागू चयन नियमों के अधीन आगामी सीनियर स्टेट शतरंज चैंपियनशिप में मिर्जापुर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना रहा। आयोजन में अमन गुप्ता ने मुख्य निर्णायक, अभिनव मिश्रा ने टूर्नामेंट निदेशक और श्लोक साहू ने आयोजन सचिव की जिम्मेदारी निभाई। साहू ब्रदर्स और हार्दिक एंटरप्राइजेज सहित सहयोगकर्ताओं का योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक अमरदीप सिंह ने कहा कि शतरंज बच्चों में तार्किक सोच, निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करता है।



शील्ड देकर स्वागत करती डायरेक्टर। छाया:आज

राज्य स्तरीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन

सीखड़। क्षेत्र के अंतर्गत कुशहा गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया, जिसमें दूर दराज के पहलवानों ने अपना दमखम आजमाया। कुश्ती दंगल में करीब दो दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपने दमखम की प्रतिभा दिखाई। आखिरी कुश्ती पचास हजार रुपए की रही जो बराबरी पर छुटी। रिषव डीएलडब्ल्यू और अंकित डाढ़ी के बीच बीस हजार की कुश्ती हुई, जो बराबरी पर रही। मृत्युंजय मुगलसराय तथा शमशेर विहार के बीच 50 हजार रुपए की कुश्ती हुई जो बराबर पर छुटी। इस कुश्ती दंगल के निर्णायक के के सिंह व रविन्द्र मिश्रा रहे। वहीं, अभय सिंह बंटी, सतीश मिश्रा, पप्पू सिंह, आयोजक के रूप में रहें।

हजारों श्रद्धालुओं ने किया कथा श्रवण

कछवां। क्षेत्र के बजहा गांव स्थित स्वामी श्री रामानुजाचार्य आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि ब्रह्मचारी देवनायिकाचार्य महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उद्धव जी को दिए गए ज्ञान उपदेश का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान में सराबोर नजर आए। देवनायिकाचार्य महाराज ने उद्धव गीता के प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने उद्धव जी को संसार की नश्वरता और जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध कराया था। धन-संपत्ति, मान-सम्मान और सांसारिक सुख स्थायी नहीं हैं। इनके मोह में पड़कर मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप और आध्यात्मिक उद्देश्य को नहीं भूलना चाहिए। महाराज ने बताया कि सुख-दुःख, लाभ-हानि और मान-अपमान में समान भाव रखना ही सच्चे ज्ञान की पहचान है।

पितरों को किया पिंडदान

छानबे। पितृ विसर्जन अमावस्या पर छानबे क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर शनिवार सुबह से ही पिंडदान करने वालों का तांता लगा रहा। चेहरा, काशी सरपती, पश्चिम वाहिनी, हरगढ़, गोगांव, दुगौली, नगवासी, गौरा, डंगहर, चड़ैचा, नीबी गहरवार, नौगांव और नंदिनी सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का पिंडदान किया, इसके बाद गंगा में स्नान कर बटुकों को दान-दक्षिणा दी। घर पहुंचने पर लोगों ने रसोई में बने भोजन का भोग लगाया तथा कौओं और गौ माता को भोजन कराकर पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

गाजीपुर समाचार

दुर्गा पंडालों का पुलिस ने किया निरीक्षण

नंदगंज-गाजीपुर। शारदीय नवरात्र को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में सकुशल संपन्न कराने के लिए नंदगंज पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में नंदगंज थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने पुलिसकर्मियों के साथ नंदगंज बाजार का भ्रमण कर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल संचालकों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। नंदगंज बाजार के चोचकपुर तिराहे पर स्थापित मां दुर्गा के पंडाल के मुखिया चौधरी यादव ने थानाध्यक्ष को बताया कि चोचकपुर की तरफ आने-जाने वाले ट्रेलर और बड़े ट्रकों के कारण तिराहे पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इस पर थानाध्यक्ष ने बड़े वाहनों की आवाजाही दूसरे मार्ग से कराने का आश्वासन दिया। साथ ही पंडाल के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए शाम के समय एक दरोगा और एक सिपाही की ड्यूटी लगा दी।

विकसित भारत थीम पर भव्य रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को विकसित भारत थीम पर भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक लछिराम सिंह यादव रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने की। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. उर्वशी दत्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संयोजिका डॉ. उर्वशी दत्ता ने छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान कहा कि रंगोली केवल एक पारंपरिक कला या त्योहारों की सजावट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विविधता में एकता का सशक्त प्रतीक है। जिस प्रकार विभिन्न रंग आपस में मिलकर एक सुंदर आकृति का निर्माण करते हैं, उसी प्रकार सेवा संकल्प अभियान भी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने का एक महायज्ञ है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और स्वच्छता ही सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रंगों के जरिए प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक लछिराम सिंह यादव, डॉ. धर्मेन्द्र यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सपा प्रदेश अध्यक्ष के सामने मंच पर भिड़े पदाधिकारी

दुल्लहपुर गाजीपुर। जनपद के जखनिया विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के भीतर चल रही अंदरूनी कलह का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला 8 अक्टूबर का है, जब जखनिया के राजीव गांधी महाविद्यालय परिसर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मंच पर जो नजारा देखने को मिला, उसने पार्टी की गुटबाजी को जगजाहिर कर दिया है। कार्यक्रम के दौरान जब प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने की बारी आई, तो पदाधिकारियों ने उन्हें एक विशाल माला पहनाई। इस बड़ी माला को पहनाने और मंच पर जगह पाने की होड़ में कई पदाधिकारी आपस में ही उलझ गए। मंच पर ही पदाधिकारियों के बीच तीखी जुबानी जंग छिड़ गई, जिससे कुछ पलों के लिए पूरे कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। हालांकि, कुछ समझदार पदाधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। ?इस पूरे विवाद के केंद्र में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष कमलेश उर्फ भानु यादव का नाम सामने आया है। जब इस वायरल वीडियो की सच्चाई जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।

सूर्योदय : ०५.५४
सूर्यास्त : ०५.३५

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २२.०

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022446
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

कम उम्रमें बढ़ रहे हार्ट अटैक और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के मामले- ब्रजेश पाठक

लखनऊ (आससे)। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोगों में भी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। युवाओं में हार्ट अटैक के मामले सामने आना चिंता का विषय है। ऐसे में बीमारियों के इलाज के साथ ही उनकी रोकथाम पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए खानपान की आदतों में सुधार, नियमित व्यायाम और व्यापक जनजागरूकता अभियान जरूरी हैं। उप मुख्यमंत्री शनिवार को द वीक मेटाबॉलिक हेल्थ समिट 2026 के उत्तर प्रदेश संस्करण में ष्बिल्डिंग ए हेल्दियर यूपी फॉर टुमॉरोरू फ्रॉम विजन टू एक्शनष् विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मोटापाए असंतुलित खानपानए शारीरिक निष्क्रियता और मानसिक तनाव को बीमारियों के बढ़ते बोझ के प्रमुख कारणों में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा मन और शरीर स्वस्थ नहीं होगाए तब तक हम अपने देश और प्रदेश के विकास में प्रभावी योगदान नहीं दे सकेंगे। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। चिकित्सा

बचाव पर देना होगा ध्यान

शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज जीवनशैली में तेजी से बदलाव हो रहा है। उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारियां अब कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिल रही हैं। इसे देखते हुए लोगों को अपनी दिनचर्या और खानपान पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। डिप्टी सीएम ने मोटापे को बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बताते हुए कहा कि लोगों को इस बात के प्रति जागरूक होना चाहिए कि वे कितना भोजन कर रहे हैं और उनके शरीर को कितनी कैलोरी की जरूरत है। उन्होंने कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स के अत्यधिक सेवन से बचने तथा स्वस्थ खानपान की आदतें अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए उसे सक्रिय रखना जरूरी है। जिस तरह किसी वाहन को नियमित इस्तेमाल और रखरखाव की जरूरत होती है, उसी तरह मानव शरीर को भी सक्रियता और देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए जिम जाना या कठिन व्यायाम करना ही जरूरी नहीं है। तेज कदमों से पैदल चलनाए सीढ़ियां चढ़ना और घर के सामान्य काम करना भी शारीरिक सक्रियता बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं। हर उम्र के लोगों को अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम शामिल करना चाहिए। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पतालों में केवल बीमारियों के इलाज पर ही नहीं, बल्कि उन्हें रोकने के उपायों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए अस्पतालों में ऐसे कर्मियों की तैनाती पर विचार किया जा सकता है।

लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजित कर नया रिकॉर्ड बनाने का करें प्रयास- केशव

लखनऊ (आससे)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वीबी-जी राम जी विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रदेश में अधिकाधिक मानव दिवस सृजन के उद्देश्य से आगामी 12 अक्टूबर को प्रदेशभर में 'विशेष रोजगार सृजन दिवस' आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शनिवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग से ग्राम्य विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक कर विशेष अभियान की तैयारियों एवं मानव दिवस सृजन की प्रगति की समीक्षा की।

आरएसएस व सेवा भारती ने 10 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई राहत सामग्री

लखनऊ (आससे)। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से राजधानी के फैजुल्लागंज इलाके की कई बस्तियां बाढ़ की चपेट में आ गई हैं। जलभराव के बीच फंसे परिवारों की मदद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सेवा भारती के कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर राहत अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा नावों के सहारे दाऊद नगर, मामा कॉलोनी और यादव चौराहा सहित अन्य जलमग्न इलाकों में आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। इस अभियान में करीब 65 कार्यकर्ता दो पालियों में निरंतर सेवा दे रहे हैं, जिन्होंने अब तक लगभग 10 हजार परिवारों को भोजन के पैकेट, पानी की बोतलें, बिस्किट, चना, मच्छरबत्ती और माचिस वितरित की है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0 पी आर वाई जे-सिग-211-2026-27

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार/इंजीनियर/समन्वय/ प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

निविदा नं. : पी आर वाई जे-सिग-211-2026-27 | **अनुमानित मूल्य (₹) :** 20289001.68/-

कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के मैथा-भदान खण्ड में स्टेशनों के और रिले हट/एल एस सी गेटो पर लगे हुये स्टेटकॉन मेक के आई पी एस का छत्तीस माह की अवधि के लिए समग्र (काम्प्रेहेन्सिव) अनुरक्षण अनुबन्ध।

बिड सिक्योरिटी (₹) : 405800/- | **कार्य समापन की अवधि :** 36 माह

निविदा खुलने की तिथि : 10.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता : निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 2305/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. PRYJ/Br/L/2026-27/02 **दिनांक: 05.10.2026**

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

उप मुख्य इन्जी./ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 05.11.2026 को** 14.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

निविदा नं. 2026-02 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** 15,89,95,457.28

कार्यो का विवरण: प्रयागराज डिवीजन के कानपुर-टुंडला सेक्शन में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ बेहतर बनाने के लिए, फफूंद स्टेशन पर रैंप के साथ 6.1 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज बनाने और भरथना स्टेशन पर पुराने फुट ओवर ब्रिज को 6.10 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज से बदलने का कार्य।

बयाने की रकम (रू.): 31,79,900/- | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह

निविदा खुलने की तिथि: 05.11.2026

सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार: फेब्रिकेशन एण्ड इरेक्शन/लांचिंग आफ स्टील ब्रिजेज/एफ.ओ.बी.।

नोट: 1- उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 14:30 बजे** तक निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 05.11.2026** तक उपलब्ध है। 2- उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3- निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4- संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5- बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 6- किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 7- आन लाइन निविदा **दिनांक 05.11.2026 को 14:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 8- माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 9- निविदादाता को **जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के** अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 2300/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

No.CC-6/E-Auction/Commercial Publicity/2026 **दिनांक : 07.10.2026**

ई-नीलामी के लिए सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग एवं पे & यूज टॉयलेट के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

पार्किंग

क्र. सं.	पार्किंग स्टैंड का विवरण	अवधि	ई-आक्सन कैटलाग संख्या	ई-आक्सन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन (कैंट साइड) पर गेट संख्या 3 के सामने, मौजूदा दोपहिया वाहन पार्किंग के समीप एवं मस्जिद से सटे हुए स्थान पर पार्किंग स्टैंड।	05 वर्ष	PRKG-CNB-MX-26	21.10.2026 को 12:00 बजे

पे एंड यूज टायलेट

क्र. सं.	पे एंड यूज टायलेट का विवरण	अवधि	ई-आक्सन कैटलाग संख्या	ई-आक्सन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन (द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर) पर निर्माण, संचालन एवं हस्तांरण (BOT) आधार पर पे एंड यूज शौचालय।	15 वर्ष	PnU-PRYJ-SRJ-BO	23.10.2026 को 12:00 बजे

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (1) बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए, और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण www.cca.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। (2) बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। (3) एकमुश्त पंजीकरण शुल्क ₹ 10,000.00/- और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। (4) इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp पर जाने की सलाह दी जाती है। (5) अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी): नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य 10% सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। (6) रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्ण लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (7) रेल प्रशासन इन गाड़ियों के जारी रहने/बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरु होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यदि मद एसएलआर/वीपी की पटटे पर देने से सम्बंधित है)। (8) सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रसाशन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। 2310/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **लाल बिहारी यादव और ग्राम विशुनपुर, पोस्ट कम्हरिया, थाना-तरवाँ, तहसील - मेंहनगर, जिला-आजमगढ़**

राजनैतिक दल का नाम: **समाजवादी पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम: **उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातकों और शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **लाल बिहारी यादव** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कैंट वाराणसी मु.अ. संख्या 275/25	धारा-196(1)ख, 197(1) ख BNS विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन	लागू नहीं	लागू नहीं
2	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कॉठ मुरादाबाद मु.अ. संख्या 213/22	धारा-153 A, 153 B,IPC राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रभाव डालने वाले लांछन	लागू नहीं	लागू नहीं
3	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 54/16	धारा-143, 188 341 IPC लोक सेवक द्वारा सम्यक रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा	लागू नहीं	लागू नहीं
4	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ आजमगढ़ मु.अ. संख्या 101/15	धारा-186, 187, 189, 332 IPC , लोक सेवक को अपने कर्तव्य से भयोपरत करने के लिए स्वेच्छया उपहति कारित करना	लागू नहीं	लागू नहीं
5	कोई समन प्राप्त नहीं है।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 548/13	धारा 147, 336341, 188 332 IPC ऐसे कार्य जिसमें दूसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
6	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 120/09	धारा-148, 323,504,506,341, 153, 336, 427, 352, 332, 186, 188 IPC, 7LPA Act, 3PPAct ऐसे कार्य जिसमें दुसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
7	C.J.M कोर्ट, लखनऊ	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 1238/08	धारा-143, 188, 341, 353, 323, 504 IPC, 7LPA Act सरकारी कार्य में व्यवधान, गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ में	लागू नहीं	लागू नहीं
8	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ, आजमगढ़ मु.अ. संख्या 441/06	धारा-323, 504, 506, 325, 427 IPC रास्ता बनने में विवाद होने के कारण गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**

शेष

किसानोंकी...

क्विंटल की वृद्धि भी की गयी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसान कर्ज, बदहाली और बिचौलियों की समस्याओं से जूझते थे। अब किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसान सम्मान निधि और सिंचाई सुविधाओं को कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों की मेहनत प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। सरकार का उद्देश्य किसानों को बेहतर सुविधाएं, उनकी उपज का उचित मूल्य और आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि क्षेत्र मजबूत हो और किसानों की समृद्धि बढ़े।

सीईसी के...

अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया। पुलिस लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम के सेक्टर-56 से हिरासत में लिए जाने की सूचना है। इसके अलावा कॉजपा के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को भी दिल्ली में विमान उतरने के बाद हिरासत में लिया गया। पार्टी ने अपनी विधि प्रकोष्ठ प्रमुख रत्ला सिंह समेत तीन अन्य वकीलों को हिरासत में लिए जाने का भी दावा किया है। प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली के संवेदनशील इलाकों, विशेषकर जंतर-मंतर की ओर जाने वाले मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस उन लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रख रही है, जिन पर प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटाने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, एहतियाती कार्रवाई का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी अप्रिय घटना को रोकना है।

ममता और केजरीवाल...

हुई। इससे पहले पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी दिल्ली स्थित उनके आवास के बाहर हिरासत में लिया गया। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद साकेत गोखले के मुताबिक, ममता बनर्जी के साथ पार्टी के पांच अन्य नेताओं को भी दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ ने हिरासत में लिया है। केजरीवाल ने देश के युवाओं और आम लोगों से कथित वोट चोरी तथा मतदाता सूची में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

फिर शुरू होगी...

चौक तक 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकाला। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था। विपक्षी दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने, मतदाता सूची से हटाए गए नामों को बहाल करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी उठाई है। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के सांसद पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में बदलाव से लोगों के मतदान के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

मोदी सरकारने...

ने कहा कि कांग्रेस और एकजुट विपक्ष इस कथित तानाशाही सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश ने संघर्ष और बलिदान देकर आजादी हासिल की है और कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान तथा प्रत्येक भारतीय के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से संघर्ष जारी रखेगी।

मोदी-शाह चला...

करके सील कर दिया गया, ट्रेनों और मेट्रो सेवाओं को रोका गया, इंटरनेट बंद कर दिया गया और जगह-जगह चेक पोस्ट बना दिये गये। प्रियंका गांधी के मुताबिक, अपने संवैधानिक अधिकार के तहत विरोध प्रदर्शन कर रहे युवक-युवतियों के साथ मारपीट की गयी और उन्हें हिरासत में लिया गया। प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाये। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह इस बात का प्रमाण नहीं है कि चुनाव में धांधली निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से हुई है और सरकार अपनी वैधता पर उठ रहे सवालों तथा जवाबदेही की मांग से भयभीत है।

तालाबमें मछली...

और रामकेश (32) पुत्र तीरथ निवासी चुरेहकेसरवा के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों के साथ महेंद्र का भाई सुरविजय भी गया था। उसी ने घर पहुंचकर घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। तीनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेट्रो स्टेशन...

सेवाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगाने का निर्देश दिया था। याचिका में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और दिल्ली मेट्रो रेल निगम की अध्यक्ष डी. थारा के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गयी है। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सदस्य मेनका गुरुस्वामी ने भी इसी मामले में अलग अवमानना याचिका दायर की है।

१२४ पूर्व...

के दौर से आगे निकल चुका है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें दोबारा मतदान की जरूरत नहीं पड़ी और 1951 के बाद सर्वाधिक मतदान दर्ज किया गया। पत्र में एसआईआर को मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतन के लिए जरूरी बताते हुए कहा गया कि बिहार में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं और सात लाख दोहरी प्रविष्टियों की पहचान की गई, जबकि करीब 21.5 लाख नए मतदाताओं को जोड़ा गया। अधिकारियों के मुताबिक, एसआईआर में नोटिस, सुनवाई, अपील और राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों की भागीदारी जैसे सुरक्षा प्रावधान हैं।

यूपी विधान परिषद...

सकेगा। निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्याशियों की संख्या की बात करें तो वाराणसी खंड स्नातक सीट पर सबसे अधिक 24 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक सीट पर 17 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, लखनऊ खंड स्नातक और गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट पर 16-16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। आगरा खंड स्नातक, इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक और लखनऊ खंड शिक्षक सीट पर 13-13 प्रत्याशी मैदान में हैं। अब नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 11 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मुकाबले की तैयारी तेज हो गई है। 23 अक्टूबर को होने वाला मतदान इन प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेगा।

आगरासे वाराणसी...

आगरा से दो क्विंटल चांदी मंगवाई थी। चांदी की सिल्लियों को छह छोटे बोरों में पैक करके संजय ट्रैवल्स की बस से भेजा जा रहा था। उन्होंने बताया कि बस इटावा के एक रेस्तरां में रुकी थी, जहां चांदी के दो बोरे चोरी हो गए। इस संबंध में रकाबगंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि चोरी की साजिश संजय ट्रैवल्स के पूर्व चालक बैजनाथ ने रची थी। उसने करीब एक साल पहले नौकरी छोड़ दी थी, लेकिन उसे चांदी की खेप के बारे में जानकारी थी। पुलिस ने बताया कि जब बस इटावा के रेस्तरां पर रुकी, तब बैजनाथ के साथी पहले से ही बस में बैठे थे। उन्होंने बस का लॉकर तोड़कर चांदी निकाल ली।

सहारनपुर : सड़क...

स्थित अपने गांव कुशावली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वे देवबंद पहुंचे और चाय-नाश्ता करने के लिए रुके थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। भयानक हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 से 20 लोग घायल हो गए, घायल श्रद्धालुओं का अस्पताल में इलाज जारी है। इस भीषण हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई जिनकी पहचान अमन राणा (25), सागर (22), पंकज (25) और रमेश (55) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कंटेनर चालक और उसके सहायक को गिरफ्तार कर लिया है। बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने हेतु सीएमओ सहारनपुर को निर्देशित किया गया है। कुछ घायलों को उनके परिजनों की सुविधा के दृष्टिगत मेरठ रेफर किया गया है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 11 अक्टूबर 2026

मेष- व्यापारिक विस्तार, चित्त प्रफुल्लित, कठिनाइयों में कमी, यात्रा संतोषजनक।
वृषभ- अभिलाषा पूर्ण, आपसी सम्बन्ध मधुर, दाम्पत्य जीवन सुखद, मनोबल में वृद्धि।
मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक बाधा, तत्पश्चात् कार्यों में प्रगति, मानसिक शांति, मन प्रसन्न।
कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक निर्णय हितकर, तदुपरान्त प्रगति में अड़चनें, वाद विवाद।
सिंह- नवीन योजना साकार, लाभ का सुयोग, उत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा संतोषजनक।
कन्या- नवसम्पर्क उपयोगी, निर्णय लाभप्रद, धार्मिक यात्रा सुखद, सुख के साधन सुलभ।
तुला- आज दिन 10/04 बजे तक हानि, तदनन्तर आकस्मिक लाभ, नौकरी में पदोन्नति, खुशी।
वृश्चिक- आज दिन 10/04 बजे तक प्रगति, तत्पश्चात् कार्यों में बाधा, धनहानि, मनोबल में कमी।
धनु- व्यवसाय में विस्तार, सफलता का सुयोग, योजना फलीभूत, सुसमाचार से खुशी।
मकर- निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों में कमी, प्रतियोगिता में सफलता, मानसिक शांति।
कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक समस्याएँ प्रभावी, तदुपरान्त कार्य में उन्नति, यात्रा का सुयोग।
मीन- आज दिन 10/04 बजे तक लाभ की स्थिति, तदनन्तर विरोधी प्रभावी, आर्थिक हानि।

आज है जिनका जन्मदिन — 11 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 11 का मूलांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आकर्षक प्रतिभा के धनी होंगे। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय नहीं ले पायेंगे। आपके जीवन में एकाग्रता का अभाव रहेगा। अत्यधिक उदारता आपके लिए नुकसान दायक रहेगा। जीवन कठिनाईयों एवं संघर्षों से भरा रहेगा। सहयोगी प्रवृत्ति के होंगे। छोटी-सी असफलता से ही निराश हो जायेंगे। प्रमुख उद्देश्य लक्ष्य की प्राप्ति होगा। किसी भी कार्य को निःस्वार्थ भाव से करेंगे। प्रेम-सौन्दर्य व ललित कलाओं में अधिक रुचि लेंगे। स्पष्टवादी भी होंगे जो कि कभी-कभी आपके लिए घातक होगा। दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। मुख्य सिद्धान्त सादाजीवन अच्छा विचार होगा। जन सम्पर्क का लाभ मिलेगा। में प्रदर्शन की भावना अधिक रहेगी। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं प्रार्थना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। सोमवार के दिन सफेद वस्तुओं का दान भी करें। सदाचारी बनें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ सों सोमाय नमः
व्रत : सोमवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
मास : अक्टूबर, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : मोती
उपरत्न : मून स्टोन
जड़ी : अनार की जड़
दिशा : नैर्ऋत्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

सुडोकू ४०८०

	2							1
		9		4	3			
					6			
		4						
3								
7			1					5
		6				4	3	
			5					
	1					9		

हल ४०७९

6	2	8	5	1	4	9	7	3
5	9	4	3	7	2	6	8	1
7	1	3	8	6	9	5	4	2
8	7	1	4	3	6	2	9	5
3	6	2	9	5	8	4	1	7
4	5	9	7	2	1	3	6	8
1	8	6	2	9	3	7	5	4
9	3	7	1	4	5	8	2	6
2	4	5	6	8	7	1	3	9



लग सकता है रनों का अंबार

भारत और वेस्टइण्डीज के बल्लेबाजों के बीच होगा मुकाबला, , तीसरा टी-२० आज

इंदौर (एजेन्सियां)। भारत और वेस्टइण्डीज के बीच अभी तक बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला है तथा रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में भी यह बरकरार रहने की पूरी उम्मीद है जिससे कि गेंदबाजों पर काफी दबाव रहेगा। रांची में खेले गये दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में ५०१ रन बने। वेस्टइण्डीज ने भारत के २५० रन के लक्ष्य को लगभग एक ओवर शेष रहते हुए ही हासिल कर लिया था। इंदौर का होलकर स्टेडियम छोटी बाउंड्री और सपाट पिच के लिए जाना जाता है, इसलिए अगर यहां फिर से रनों का अंबार देखने को मिले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। निश्चित तौर पर मुकाबला दोनों टीम के बल्लेबाजों के बीच होगा लेकिन सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम ही जीत हासिल करेगी। विशेषकर क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम का पलड़ा भारी रहेगा। दोनों टीम ने अभी तक महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़े हैं जो महंगे साबित हुए हैं। पिछले मैच में मयंक यादव ने शेरफेन रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ दिया था जो एक तरह से निर्णायक साबित हुआ। रदरफोर्ड ने इसका पूरा फायदा उठाकर कप्तान शाई होप के साथ मिलकर ५४ गेंदों में १२० रन की साझेदारी की। जब मयंक ने शार्ट फाइन लेग पर रदरफोर्ड का आसान कैच छोड़ा तब यह बल्लेबाज ३८ रन



पर खेल रहा था। उन्होंने इसके बाद ३७ गेंदों में ८४ रन बनाये जिसमें सात छक्के और उतने ही चौके शामिल रहें। भारत को होप की शानदार फार्म को लेकर भी सतर्क रहना होगा। वेस्टइण्डीज के कप्तान ने इस दौरे पर दो शतक जड़े हैं और वह फिर से बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत के लिए गेंदबाजी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है और वह इस मैच में इसका हल ढूंढ़ने की कोशिश करेगा। इस मैच में ओस की भी अहम भूमिका रहने की उम्मीद है। मयंक ने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन बाकी गेंदबाज रनों पर अंकुश नहीं लगा पाए और वेस्टइण्डीज ने शुरुआती झटकों के बावजूद जोरदार वापसी करके रेकार्ड लक्ष्य हासिल कर दिया। भारत के लिए इस श्रृंखला का सकारात्मक पहलू कप्तान श्रेयस अय्यर का फार्म में लौटना है। उन्होंने पहले मैच में नाबाद १०२ रन बनाये और दूसरे मैच में १८ गेंद पर ४० रन की तूफानी पारी खेली। संजू सैमसन ने ४१ गेंदों में ८२ रन बनाकर अंतिम एकादश में अपनी जगह फिर से पक्की कर दी। इसका मतलब है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को फिर से बाहर बैठना पड़ सकता है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने भी रांची में दूसरे मैच के बाद कहा था कि मध्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है लेकिन शीषक्रम में नहीं। मुख्य कोच ने यह भी स्वीकार किया कि शिवम दुबे के अय्यर से पहले चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद भारत अपने टीम संयोजनों के साथ प्रयोग करना जारी रखेगा। हालांकि दुबे केवल सात रन बनाकर आउट हो गये थे। भारत अपने मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा जिन्होंने दो मैचों में ७९ रन देकर एक विकेट लिया है। भारत मयंक से भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगा। होप के शानदार प्रदर्शन और रदरफोर्ड के फार्म में वापस आने से वेस्टइण्डीज की टीम खुश होगी। वेस्टइण्डीज के गेंदबाजों में रोस्टन चेज ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले मैच में २४ रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइण्डीज हालांकि शमर स्प्रिंगर को बदलने पर विचार कर सकता है जिन्होंने अपने चार ओवरों में ६४ रन देकर दो विकेट लिए।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नमन धीर, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। **वेस्टइण्डीज**-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू (विकेटकीपर), कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटन सैम्पसन, रोस्टन चेज, कीमो पाल, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती।

समय-रात्रि सात बजेसे।

दिग्गजों के बीच चमक बिखेरने को तैयार युवा

रणजी ट्राफी का महासंग्राम आजसे



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय सितारोंकी मौजूदगीसे रविवार से शुरू होने वाले रणजी ट्राफी २०२६-२७ का रोमांच बढ़ने वाला है जहां इस प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंटमें कई दिग्गज खिलाड़ी अपनी चमक बिखेरेंगे तो वहीं युवा खिलाड़ियोंके पास भी अपनी प्रतिभाका लोहा मनवानेका मौका होगा। निगाहें इसपर भी रहेंगी कि क्या पिछले सत्रमें जम्मू-कश्मीरकी खिताबी जीत की तरह इस बार भी कोई टीम अप्रत्याशित प्रदर्शन कर चैम्पियन बननेका गौरव हासिल कर पाती है। जम्मू-कश्मीरने पिछले सत्रमें आठ बारकी चैम्पियन और दिग्गज खिलाड़ियोंसे सजी कर्नाटककी टीमको हराकर सबको चौंका दिया था। टीमको हालांकि पता है कि खिताबका बचाव करना आसान नहीं होगा, क्योंकि इस बार प्रतिद्वंद्वी टीमें उसके खिलाफ बेहतर तैयारीके साथ उतरेंगी। मुम्बई, कर्नाटक, बंगाल, दिल्ली, सौराष्ट्र और विदर्भ जैसी पारंपरिक रूपसे मजबूत टीमोंके अलावा मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड और महाराष्ट्र जैसी टीमें भी खिताब जीतनेके इरादेसे उतरेंगी। फाइनल २७ फरवरी २०२७ को खेला जायेगा। इस बार टूर्नामेंटमें कई भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियोंकी मौजूदगी भी खास होगी। लोकेश राहुल (कर्नाटक), वाशिंगटन सुंदर (तमिलनाडु), रविंद्र जडेजा (सौराष्ट्र), यशस्वी जायसवाल (मुम्बई) और रजत पाटीदार (मध्य प्रदेश) जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस सत्रमें पूरी प्रतियोगिता या उसके कुछ मुकाबलों में खेलते नजर आ सकते हैं। इन खिलाड़ियोंके लिए रणजी ट्राफीमें खेलने का मकसद सिर्फ अपनी टीमको जीत दिलाना नहीं होगा बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भी अपनी तैयारियोंको मजबूत करना होगा। राहुल और जायसवालके पास न्यूजीलैण्डके आगामी दौरेपर दो टेस्ट मैचोंकी श्रृंखलासे पहले लाल गेंदसे अभ्यास करनेका अच्छा मौका होगा। वाशिंगटन सुंदर भारतीय टेस्ट टीममें जगह बनानेकी कोशिशमें अपनी गेंदबाजीको धार देना चाहेंगे। वेस्टइण्डीज के खिलाफ मौजूदा टी-२० श्रृंखलासे बाहर होना भी इस दिशामें संकेत माना जा रहा है। मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंटमें अपने प्रदर्शनसे चयनकर्ताओंका ध्यान खींचनेकी कोशिश करेंगे। शमी २०२३ के बादसे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले हैं और २०२५ के बाद से किसी भी प्रारूमें भारतीय टीमका हिस्सा नहीं रहे हैं। पिछले घरेलू सत्रमें उनके शानदार प्रदर्शनने राष्ट्रीय टीममें वापसीकी उम्मीदें बनाए रखी हैं। भारत को अगले सालकी शुरुआतमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदानपर पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। ऐसेमें बंगालकी ओर से रणजी ट्राफीमें अच्छा प्रदर्शन शमीके लिए राष्ट्रीय टीममें वापसीका रास्ता खोल सकता है। भारतीय टीममें चोटोंकी बढ़ती समस्याको देखते हुए चयनकर्ता प्रतिभाशाली खिलाड़ियोंका दायरा बढ़ाना चाहेंगे ताकि जरूरत पड़नेपर उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद रहें। युवा खिलाड़ियोंके लिए भी यह सत्र अपनी प्रतिभा साबित करनेका अहम अवसर होगा। बिहारके किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशीने अपने प्रदर्शनसे राज्य को विश्व क्रिकेटके नक्शेपर नयी पहचान दिलाई है। अब साकिबुल गनी जैसे खिलाड़ी भी बिहारकी इस नयी पहचान को आगे बढ़ाने और चयनकर्ताओंका ध्यान खींचनेके लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। झारखंड भी धीरे-धीरे प्रतिभाशाली बल्लबाजोंके केंद्रके रूप में उभर रहा है। अब टीमकी पहचान सिर्फ धोनी की विरासत या इशान किशनके प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। कुमार कुशाग्र, अनुकूल राय, शिखर मोहन, विराट सिंह और शरनदीप सिंह जैसे खिलाड़ी अपनी प्रभावशाली पारियोंसे टीमको आगे बढ़ा रहे हैं। युवा गेंदबाजोंमें तमिलनाडुके गुरजपनीत सिंह, विदर्भके हर्ष दुबे, तेलंगानाके त्रिपुराना विजय और उत्तर प्रदेशके जिशान अंसारी जैसे खिलाड़ी चयनकर्ताओंका ध्यान खींचना चाहेंगे। पूरे सत्रमें युवा प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियोंके प्रदर्शनपर निगाहें रहेंगी। यही मुकाबले रणजी ट्राफीको दिलचस्प बनायेंगे और यह तय करेंगे कि इस बार ताज किस टीम के सिर सजेगा।

आईओए चुनाव पांच दिसंबर को

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) अपनी नयी कार्यकारी परिषद का चुनाव पांच दिसम्बर को करेगा जिसके लिये शनिवार को संजय कुमार श्रीवास्तव को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्रीवास्तव दिल्ली और चंडीगढ़ के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। आईओए ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम २०२५, राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियमों २०२६, आईओए के संशोधित संविधान और आईओए चुनाव के उप नियमों और नियमों के तहत पूरी की जायेगी। इसने कहा कि चुनाव अधिकारी की निगरानी में अथलीट आयोग, उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी (एसओएम) और आईओए कार्यकारी परिषद के चुनाव होंगे। एसओएम चुनाव की प्रक्रिया १८ सितम्बर को शुरू हो गयी थी जिसके लिये योग्य उम्मीदवार १८ अक्तूबर तक आवेदन और जरूरी दस्तावेज जमा कर सकते हैं। इसके बाद राष्ट्रीय खेल प्रशासन ढांचे के तहत पात्रता और स्तरीय मानदंडों के अनुरूप रोस्टर तैयार किया जायेगा। चुनाव अधिकारी ने २०२६-२०३० के लिए आईओए अथलीट आयोग के चुनावों की भी सूचना दी है जिसमें तीन नवम्बर को मतदान, मतगणना और नतीजों की घोषणा तय है। आईओए ने कहा योग्य एनएसएफ सदस्य ११ अक्तूबर २०२६ को दोपहर दो बजे तक अपने दो खिलाड़ी प्रतिनिधियों को अथलीट आयोग के लिये नामांकित कर सकते हैं। आयोग में पांच पुरूष और पांच महिला सदस्य होंगे।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम किसी काम का नहीं-रहाणे

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने आईपीएलके विवादित 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना की है। रहाणेने इस नियमको लीगसे हटानेकी वकालत करते हुए कहा कि इस नियम से भारतीय क्रिकेटमें आलराउंडर्सका विकास रुक रहा है और यह किसी कामका नहीं है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रायल्स की कप्तानी कर चुके रहाणे ने कहा मुझे लगता है कि इसे (इम्पैक्ट प्लेयर नियम) हटा दिया जाना चाहिए। मुझे याद है कि पिछले साल आईपीएल कप्तानोंकी बैठकसे पहले ज्यादातर कप्तानोंने कहा था कि उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं चाहिए। मुझे लगता है कि यह नियम या गाइडलाइंस २०२७ तक लागू हैं। इसलिए हमें नहीं पता कि वे इसे इस साल हटायेंगे या इस सालके बाद होने वाले बड़े आक्शनमें हटायेंगे। रहाणे ने कहा यह नियम भारतीय क्रिकेटमें आलराउंडर्स के विकासमें भी बाधा डाल रहा है क्योंकि फ्रेंचाइजी बल्लेबाजकी जगह गेंदबाज और गेंदबाजकी जगह बल्लेबाजको लाकर बल्ले या गेंदसे बेहतर नतीजा पाने की कोशिश करती हैं। भारतीय टीममें हार्दिक पंड्याकी कमीके कारण टीम को अक्सर उनके विकल्पकी तलाश करनी पड़ती है। हालांकि, शिवम दुबे और नीतीश रेड्डी सामने आए हैं, लेकिन वे अभी भी हार्दिक की काबिलियत के स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं। इसके अलावा भविष्यके लिए बहुत ज्यादा आलराउंडर्स तैयार होते नहीं दिख रहे हैं खासकर तेज गेंदबाजी आलराउंडर्स जो अब भारतीय क्रिकेटमें बहुत कम देखनेको मिलते हैं।

बल्ले और गेंद के बीच संतुलन जरुरी

-गौतम गंभीर

रांची (एजेन्सियां)। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आठ दिन में दूसरी बार सपाट पिचों पर सवाल उठाया है। शुक्रवार को टीम इंडिया वेस्टइण्डीज के खिलाफ २५० रन बनाने के बावजूद दूसरा टी-२० हार गयी। इस मैच में ५०० से ज्यादा रन बने। रांची में मैच के बाद गंभीर ने कहा सपाट पिचों पर गेंदबाजों के करियर दांव पर लगे हैं। सरफेस में बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होना जरूरी है। उन्होंने मयंक यादव को अपनी रफ्तार पर भरोसा रखने की सलाह भी दी। इससे पहले तीन अक्तूबर को गंभीर ने कहा था यह क्रिकेट नहीं था सिर्फ बल्लेबाजी थी। गुवाहाटी में वेस्टइण्डीज के खिलाफ दूसरे एकदिनी में भारत ने ४०६ रन का लक्ष्य हासिल किया था। रांची में भारत ने पांच विकेट पर २४९ रन बनाये थे। इसके बावजूद वेस्टइण्डीज ने कप्तान शाई होप के नाबाद शतक और शेरफेन रदरफोर्ड के ८४ रन की मदद से नौ गेंद बाकी रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत से पांच मैचों की श्रृंखला १-१ से बराबर हो गयी। गंभीर ने कहा कि सभी चौके-छक्के देखना चाहते हैं लेकिन गेंद और बल्ले के बीच बराबरी भी जरूरी है। गंभीर ने कहा कि गेंदबाज भी हमारे ही हैं उनके करियर भी दांव पर लगे हैं। वे भी मेहनत करके इस ड्रेसिंग रूम तक पहुंचे हैं। गंभीर ने कहा कि भारत विश्व चैम्पियन टीम है और लगातार सुधार करना चाहती है। सपाट पिच और ओस में गेंदबाजी करना मुश्किल था लेकिन टीम को बड़े स्कोर का बचाव करने का तरीका खोजना होगा। पहले ओवर में दो



विकेट और पावरप्ले में तीन विकेट लेने के बावजूद भारत २५० रन का लक्ष्य नहीं बचा सका। गंभीर ने वेस्टइण्डीज की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि टीम जीत की हकदार थी। लखनऊ में पिछले मैच में महंगे साबित हुए मयंक यादव ने रांची में पावरप्ले के दौरान तीन विकेट लेकर वापसी की। उनके प्रदर्शन पर गंभीर ने कहा वह तेज गेंदबाज हैं और उन्हें तेज गेंदबाजी करनी चाहिए। वह स्लोअर गेंदबाज नहीं हैं। अगर आप १५० किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं तो उसी रफ्तार से गेंद डालिए। तेज गेंदबाज होने के नाते तेज गेंदबाजी करना आपकी जिम्मेदारी है। मयंक ने यही किया और इसलिए उन्हें सफलता मिली। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने हार के बाद कहा कि ओस के कारण गेंदबाजों के लिए २४९ रन का स्कोर बचाना मुश्किल हो गया था। श्रेयस ने कहा पिच पर गलती की गुंजाइश बहुत कम थी। लेंथ में मामूली चूक होने पर भी गेंद सीधे स्टैंड में जा रही थी। उन्होंने कहा वेस्टइण्डीज के बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने शानदार बल्लबाजी की। युजवेंद्र चहल भी इस सपाट पिच से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा कि ऐसी पिचें बनाना है तो गेंदबाजों की बजाय बालिंग मशीन से गेंदबाजी करानी चाहिए। चहल ने कहा ऐसे विकेट पर गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं होता। जब गेंद पुरानी हो जाती है, ओस होती है, तो गेंद बैट पर आसानी से आती है और मैदान छोटे होते जा रहे हैं। हमने आईपएल में भी ऐसा देखा है, जब १९ ओवर में २६० रन चेज हुए थे। इस मैच में भी २५० रन आसानी से १८.३ ओवर में चेज हो गये।

विल ओरुर्के भारत श्रृंखला से बाहर

आकलैंड (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड को भारत के खिलाफ होने वाली आगामी श्रृंखला से पहले एक और झटका लगा है और उसके तेज गेंदबाज विल ओरुर्के बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव और पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गये हैं। खेल के सभी प्रारूप में खेलने वाले इस २५ वर्षीय तेज गेंदबाज ने पीठ में चोट के कारण सात महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इंगलैण्ड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के अंतिम दिन हालांकि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इसके बाद अभ्यास के दौरान उनकी पिंडली में चोट लग गयी थी। न्यूजीलैण्ड के कोच राब वाल्टर ने कहा कि ओरुर्के को भारत के खिलाफ श्रृंखलासे बाहर रखनेका फैसला खिलाड़ी और मेडिकल टीम से परामर्शके बाद लिया गया।

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- १२ से १८ अक्तूबर , २०२६

मेष -

मेष राशि के जातकों के सिर पर इस सप्ताह कामकाज का ज्यादा ही बोझ बना रह सकता है। इसे पूरा करने के आपको अतिरिक्त परिश्रम और प्रयास करने पड़ सकते हैं। घर और बाहर काम की अधिकता के चलते आपको शारीरिक एवं मानसिक थकान हो सकती है। ऐसे में इस दौरान अपनी दिनचर्या और खानपान पर विशेष ध्यान दें अन्यथा आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। हालांकि सप्ताह की शुरुआत में आपको अपने इष्टमित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। इस दौरान किसी प्रभावी व्यक्ति की मदद भी आपके लिए राहत का काम करेगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों को मिलाकर चलने की जरूरत रहेगी अन्यथा लोगों के साथ तकरार हो सकती है, जिसके चलते आपको बेवजह का तनाव झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस दौरान लेन-देन करते समय खूब सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को परीक्षा प्रतियोगिता में मनचाही सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। प्रेम संबंध को प्रगाढ़ बनाना चाहते हैं तो इस सप्ताह अपने लव पार्टनर की भावनाओं की अनदेखी करने की भूल बिल्कुल न करें। जीवनसाथी की सेहत चिंता का विषय बन सकती है।

उपाय- प्रतिदिन हनुमत उपासना में बजरंग बाण का पाठ करें।

तुला -

तुला राशि को इस सप्ताह न सिर्फ अपने कामकाज में बल्कि निजी जीवन में कोई बड़ी भूल करने से बचना होगा, अन्यथा उन्हें उसके लिए बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार की बड़ी गलती को करने से बचने के लिए अपने काम को किसी दूसरे के भरोसे छोड़ने से बचें। उसमें बिल्कुल भी लापरवाही न करें, अन्यथा आपको अपने बॉस के गुस्से का शिकार होना पड़ सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस दौरान किसी योजना में धन निवेश करते समय खूब सावधानी बरतनी चाहिए, ऐसा करने से पहले अपने शुभचिंतकों की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इस सप्ताह तुला राशि के लोगों के पास पैसा तेजी से आयेगा लेकिन उसी गति के साथ खर्च भी हो जायेगा। युवा लोगों का इस सप्ताह अधिकांश समय इष्ट-मित्रों के साथ मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। वहीं महिलाएं अपने जीवन की अच्छी चीजों व सामाजिकता का लुत्फ उठाती हुई नजर आएंगी तो वहीं बुजुर्ग व्यक्ति अपने आपको किसी न किसी कार्य में खुद को व्यस्त रखेंगे। कामकाजी महिलाओं को सप्ताह के अंत में कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है, जिससे उनका कार्यक्षेत्र और घर-परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा। प्रेम संबंध में कुछेक अड़चनें आएंगी।

उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की लाल पुष्प चढ़ाकर पूजा और उनकी चालीसा का पाठ करें।

वृष -

वृषभ राशि के जातकों इस सप्ताह अभिमान और अपमान दो शब्दों से खुद को बचाए रखना होगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने की बहुत जरूरत रहेगी। इस दौरान आपकी बात से ही बात बनेगी और बात से ही बात बिगड़ेगी। ऐसे में यदि आपको इस दौरान जोश में आकर होश खोने से खुद को बचा लेते हैं तो आपको अपने कार्य विशेष में मनचाही सफलता मिल सकती है। सप्ताह की शुरुआत में करियर-कारोबार से जुड़ी यात्राएं सुखद एवं मनचाहा फल प्रदान करने वाली होगी। हालांकि इस दौरान आपको अपने कामकाज के साथ घर-परिवार पर भी ध्यान देना होगा, अन्यथा वैवाहिक जीवन प्रभावित हो सकता है। इस दौरान जमीन-जायदाद के सौदे या फिर इससे जुड़े विवाद का समाधान करते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना न भूलें। यदि आप इस दौरान तनावमुक्त व शान्ति के साथ कार्य करते हैं तो आपको अपने काम में विशेष उपलब्धि मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत तलाशने होंगे। प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं और कोई भी निर्णय भावनाओं में बहकर लेने से बचें।

उपाय- प्रतिदिन माता लक्ष्मी की साधना और श्रीसूक्त का पाठ करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों को इस सप्ताह जीवन का कोई भी कदम बेहद सावधानी के साथ आगे बढ़ाना होगा। सोचे हुए कार्य में आपको मनचाही सफलता नहीं मिल पाएगी और आपको बेवजह की परेशानियां झेलना पड़ सकता है। सप्ताह की शुरुआत में कार्यक्षेत्र पर कामकाज का ज्यादा बोझ बना रहेगा, जिसे पूरा करने पर आपको शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। इस दौरान कार्यक्षेत्र से जुड़ी अन्य दिक्कतें आपकी मानसिक परेशानियों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। इसका नकारात्मक असर आपके बात और व्यवहार पर देखने को मिल सकता है। तमाम कोशिशों के बावजूद आप खुद को व्यावहारिक तौर पर संयमित नहीं रख पायेंगे। इस दौरान आपको किसी भी सूरत में अपने इष्ट-मित्रों और परिजनों को नाराज न करें क्योंकि वही आपकी असली ताकत हैं। व्यवसाय से जुड़े लोगों को बाजार में अपनी साख को बनाए रखने के लिए ज्यादा परिश्रम और प्रयास करने पड़ेंगे। प्रेम संबंध में किसी चीज को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं रहेगा। प्रेम संबंध को प्रगाढ़ बनाने के लिए लव पार्टनर की मजबूरियों और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास करें।

उपाय- प्रतिदिन हनुमत साधना और श्री सुंदरकांड का पाठ करें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातक यदि इस सप्ताह अपने लक्ष्य की दिशा सही तरीके से प्रयास करते हैं तो उन्हें अपेक्षित सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में अपने आपको बेहतर साबित करने के लिए आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करना होगा। नौकरीपेशा लोगों को अपने अधीनस्थ और सीनियर दोनों को मिलाकर चलना बेहतर रहेगा। इस दौरान अपने गुस्से पर काबू रखें और खुद को दूसरों को सामने बेहतर बताने की आदत से बचें। घर-परिवार में भाई या बहन के साथ किसी बात को लेकर तकरार हो सकती है। किसी भी मुद्दे को सुलझाने के लिए विवाद की बजाय संवाद का सहारा लें। सप्ताह के पूर्वार्ध की बजाय उत्तरार्ध जयादा बेहतर रहेगा। इस दौरान आप किसी नए प्रोजेक्ट पर जुड़कर काम कर सकते हैं। सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों को खरीदने पर जेब से ज्यादा पैसा खर्च हो सकता है। महिलाओं की आभूषण व साज-सज्जा की वस्तुओं में दिलचस्पी बढ़ेगी। हालांकि आपको इस दौरान पैसे खर्च करते समय अपनी जेब का पूरा ध्यान रखने की जरूरत रहेगी अन्यथा भविष्य में आपको उधार लेने की नौबत तक आ सकती है। व्यवसाय की दृष्टि से समय शुभ है। कारोबार में लाभ होगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। लव पार्टनर के साथ नजदीकी बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। पेट सबंधी पीड़ा झेलनी पड़ सकती है।

उपाय- प्रतिदिन गणपति की दूर्वा चढ़ाकर उनकी चालीसा का पाठ करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह पूर्वार्ध में निजी जीवन से जुड़ी कुछेक समस्याओं को लिए रहने वाला है, जिसके चलते आपका मन थोड़ा उदास और परेशान रह सकता है। करियर-कारोबार की दृष्टि से पूरे सप्ताह आपका गुडलक बढ़िया से काम करता दिखाई देगा। ऐसे में आपको इस सप्ताह आपको अपने घर-परिवार में सुख-शांति को बनाए रखने के लिए परिजनों की बातों और उनकी परेशानियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। समस्याओं का समाधान कूल रहते हुए आपसी सलाह-विमर्श के जरिए निकालना चाहिए। सप्ताह के मध्य में करियर-कारोबार के लिए की जाने वाली यात्राएं आपके जीवन में बड़ बदलाव लेकर आएंगी। इस दौरान आपकी मुलाकात किसी प्रभावी व्यक्ति से हो सकती है जिसकी मदद से आपको अपने करियर-कारोबार को आगे ले जाने में काफी मदद मिलेगी। यदि आप लंबे समय से अपने व्यापार को विस्तार देने की सोच रहे थे तो आपकी यह कामना इस सप्ताह पूरी होती हुई नजर आ सकती है। प्रेम संबंध की दृष्टि से यह सप्ताह पूरी तरह से अनुकूल है। आपका विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। पहले से चले आ रहे प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए आपको अपने जीवनसाथी के प्रति ईमानदार होना पड़ेगा और परिवार से जुड़ी जरूरतों और लाइफ पार्टनर की भावनाओं की उपेक्षा करने से बचना होगा।

उपाय- प्रतिदिन सूर्य को जल दें और श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कर्क -

कर्क राशि के जातकों को सप्ताह किसी भी काम को बेहद सावधानी और समझदारी के साथ करने की जरूरत रहेगी अन्यथा उन्हें लेने के देने पड़ सकते हैं। इस सप्ताह आपको उन लोगों से बेहद सावधान रहने की जरूरत रहेगी जो अक्सर आपका काम बिगाड़ने में लगे रहते हैं। साथ ही साथ आपको उन लोगों से भी उचित दूरी बनाई रखनी होगी जो आपके जरिए अपने काम को सिद्ध करने की जुगत लगाते रहते हैं। शेयर बाजार, सट्टा आदि में धन लगाने से बचें और किसी भी जोखिम भरी योजना या व्यवसाय में धन लगाने की भूल बिल्कुल न करें, अन्यथा फायदे की जगह नुकसान झेलना पड़ सकता है। सप्ताह के मध्य में संतान से जुड़ी कोई चिंता आपकी परेशानी का बड़ा कारण बन सकती है। इस दौरान आपको अचानक से लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा थकान भरी और अपेक्षा से कम फल देने वाली साबित होगी। कामकाजी महिलाओं को सप्ताह के उत्तरार्ध में घर और कायक्षेत्र के बीच सामंजस्य बनाने में मुश्किलें आ सकती हैं। प्रेम संबंध की दृष्टि से यह सप्ताह सामान्य रहने वाला है। लव पार्टनर के साथ समय बिताने के अवसर मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन किसी शिवालय में जाकर या फिर अपने घर में शिवलिंग को जल दें और शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ राहत भरा रह सकता है। बीते कुछ समय से चली आ रही परेशानियों का इस सप्ताह बहुत हद तक समाधान मिलता नजर आएगा। यदि आपको बीते कुछ समय से कार्यक्षेत्र में उपेक्षित किया जा रहा था तो संभव है कि इस सप्ताह कोई ठीक-ठाक जिम्मेदारी मिल जाए। उसे निभाने और खुद को साबित करने के लिए आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। इस सप्ताह के मध्य में किसी महिला मित्र की मदद से आपको एक खास शख्सियत के रूप में अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए इस दौरान अतिरिक्त आय के स्रोत बनेंगे लेकिन आय के मुकाबले खर्च की अधिकता बनी रहने के कारण आर्थिक तंगी बरकरार रहेगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में कामकाजी महिलाओं को अत्यधिक काम करने के कारण थोड़ा तनाव हो सकता है। इस दौरान मकर राशि के जातकों का रूख किसी व्यक्ति विशेष के प्रति नकारात्मक हो सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी या फिर घर-परिवार में किसी सगे-संबंधी के साथ टकराव हो सकता है। यदि आप खुद को इस तरह के झमेले से बचाने में कामयाब हो जाते हैं तो आपके कार्य समय पर सिद्ध होंगे। प्रेम संबंध में सावधान के साथ कदम आगे बढ़ाने की जरूरत बनी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की साधना और महामृत्युंजय मंत्र का जप करें।

सिंह -

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर-कारोबार के लिए शुभ लेकिन निजी संबंधों को लेकर थोड़ा परेशानी लिए रह सकता है। सप्ताह की शुरुआत में आपको अपने कार्यक्षेत्र में कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। प्रमोशन या इंक्रीमेंट का इंतजार खत्म हो सकता है। आपको अपेक्षा से कहीं ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस दौरान आपके भीतर एक अलग ऊर्जा देखने को मिलेगी। आप करियर और कारोबार में आगे बढ़ने के लिए बड़े से बड़े खतरने उठाने के लिए तैयार दिख सकते हैं। इस दौरान आपको अच्छी साझेदारियां ऊर्जान्वित करेगी। हालांकि आपको म्यूचल फंड, शेयर, या फिर किसी अन्य जगह पर पूंजी निवेश करते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लेनी चाहिए। यदि आप पार्टनरशिप में व्यापार कर रहे हैं तो धन के लेने-देन में पूरी सावधानी बरतें और हिसाब-किताब क्लीयर करके आगे बढ़ें। इस सप्ताह महिलाओं का अधिकांश समय पूजा-पाठ करते हुए और युवाओं का अधिकांश सम मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। सप्ताह के मध्य में परिवार से जुड़े किसी व्यक्ति से जुड़ा शुभ समाचार मिल सकता है। यदि आप प्रेम संबंध में हैं तो आपको अपने परिजन से प्रेम संबंध को विवाह में तब्दील करने के लिए इजाजत मिल सकती है। वहीं शादीशुदा लोगों की जिंदगी में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, सेहत सामान्य रहेगी।

उपाय- भगवान श्री विष्णु की पूजा में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए काम समय पर पूरे होंगे, जिसके चलते आपके भीतर एक अलग ही ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिलेगा। इस सप्ताह आप अपने बात और व्यवहार के जरिये अपना काम निकलवाने में कामयाब होंगे। सप्ताह की शुरुआत में किसी मांगलिक अथवा धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस दौरान आपको लंबे समय बाद किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात संभव है। यदि आप लंबे समय से विदेश में अपने करियर या कारोबार के लिए प्रयासरत थे तो इस सप्ताह आपके द्वारा किए गये प्रयास का सकारात्मक परिणाम मिलता हुआ नजर आएगा। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को कोई सुखद समाचार मिल सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में भूमि-भवन या फिर पैतृक संपत्ति की प्राप्ति में आ रही अड़चनें दूर होंगी। यह समय रोमांस, परिवार के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के लिए बेहद शुभ रहने वाला है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ अचानक से पिकनिक या पर्यटन स्थल की यात्रा पर निकल सकते हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में ही आपको अपने समुदाय या घर-परिवार की कोई बड़ी जिम्मेदारी या भूमिका निभाने का अवसर मिल सकता है।

उपाय- भगवान श्री कृष्ण को मोरपंख चढ़ाएं और प्रतिदिन उनके मंत्र का जप करें।

कन्या -

घर-परिवार से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानियों को यदि इग्नोर कर दिया जाए तो कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुख और सौभाग्य को लिए है। कन्या राशि के जातकों को इस करियर-कारोबार में गजब की प्रगति देखने को मिल सकती है। खास बात यह कि इस दौरान आपको अपने शुभचिंतकों का पूरा समर्थन और सहयोग हासिल होगा। इस सप्ताह अपनी वाणी और व्यवहार के जरिये तमाम लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। यदि आप किसी के सामने अपने दिल की बात को रखने कोशिश बीते कुछ समय से कर रहे थे तो इस सप्ताह ऐसा करने पर बात बन जायेगी। व्यवसाय की दृष्टि से यह सप्ताह लाभप्रद होगा। इस सप्ताह आप जिस काम या फिर कहें सौदों में जोखिम उठाएंगे और उसमें लाभान्वित होंगे। इस पूरे सप्ताह आपके पास धन की आवक बनी रहेगी, जिससे आपके संचित धन में वृद्धि होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आप भूमि-भवन का क्रय-विक्रय कर सकते हैं, जिससे आपको लाभ होगा। इस दौरान आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में बढ़ेगी और आपका अधिकांश समय पूजा-पाठ या सामाजिक कार्यों आदि में बीतेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में संतानपक्ष की तरफ से कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा, जिससे आपका समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

उपाय- भगवान श्री गणेश जी की पूजा में गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।

मीन -

मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने धन और समय दोनों को बहुत अच्छे प्रबंधन करके आगे बढ़ने की जरूरत रहेगी। आप अपने जीवन में आने वाली तमाम तरह की चुनौतियों का सामना आसानी से कर पाएंगे। यदि आप इस बात की अनदेखी करते हैं तो आपको न सिर्फ मानसिक बल्कि आर्थिक दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है। सप्ताह की शुरुआत में अचानक से घर की मरम्मत या किसी अन्य जरूरत पर आपको बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ सकती है। इस दौरान घर-परिवार के किसी सदस्य की खराब सेहत भी आपकी चिंता का बड़ा कारण बनेगी। यदि आप रोजी-रोजगार की तलाश में जुटे हुए हैं तो आपको इसके लिए अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको अपने कारोबार को बेहतर तरीके से चलाने के लिए उसके लिए अधिक समय निकालना होगा और धन संबंधी मामलों पर विशेष ध्यान देना होगा। इस सप्ताह आपको किसी योजना में जोखिम भरे निवेश से बचना चाहिए। इस सप्ताह आपको न सिर्फ आर्थिक बल्कि शारीरिक चोट लगने का खतरा बना रहेगा। ऐसे में आपको वाहन बेहद सावधानी से चलाना चाहिए। प्रेम संबंध में किसी भी प्रकार की गलतफहमी न पनपने दें और लव पार्टनर की फीलिंग्स का ख्याल रखें। कठिन समय में जीवनसाथी आपके साथ परछाईं की तरह बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री विष्णु की पूजा में नारायण कवच का पाठ करें।

घोसी में लेखपालों ने बांधी काली पट्टी

घोसी(मऊ)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर शनिवार को घोसी तहसील क्षेत्र के लेखपालों ने थाना समाधान दिवस के दौरान काली पट्टी बांधकर कार्य किया। वेतन विसंगति दूर करने, 2800 ग्रेड पे लागू करने, लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, अंतरमंडलीय स्थानांतरण शुरू करने और भत्तों में वृद्धि समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। तहसील अध्यक्ष अरविंद पांडेय एवं महामंत्री सौरभ राय के नेतृत्व में लेखपाल अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। संघ का कहना है कि लंबे समय से समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी है। लेखपालों ने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।संघ ने चेतावनी

धरना-प्रदर्शन १७ से

दी है कि यदि निर्धारित समय तक मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो 17 से 23 अक्टूबर तक तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर 24 अक्टूबर से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।



किशोरी भगाने के मामले में एफआईआर

मधुबन (मऊ)। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर दिया कि 9दिन पूर्व मेरी 13 वर्षीय लड़की को गोरखपुर जनपद के बरगदवा निवासी एक अज्ञात युवक बहला -फुसला कर कहीं भगा ले गया है । मुझे अंदेशा है कि मेरी लड़की के साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए । इस मामले में पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत थाना प्रभारी कृष्ण गुप्ता ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज लिया गया है। जांच कर आवश्यक काररवाई किया जाएगा।

नवरात्र का पहला दिन आज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। रविवार से शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होने को लेकर विभिन्न दुर्गा मंदिरों में साफ-सफाई सजावट आदि तैयारियां जोरों पर चल रही हैं । विजय असम चौक स्थित कोर्ट देवी का दुर्गा मंदिर मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर नगर पंचायत कार्यालय निकट दुर्गा मंदिर एवं मोहल्ला सैदपुर स्थित दुर्गा मंदिर में मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं पुजारी माता दुर्गा के पूजन को लेकर शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को विधि विधान से कलश स्थापित कर माता दुर्गा की पूजा उपासना करेंगे। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी मुकुंद पाठक एवं सुमंत गिरी ने बताया कि शारदीय नवरात्र के 9 दिन माता दुर्गा के विभिन्न रूपों में भक्तगण पूजा उपा. सना करेंगे जहां मां दुर्गा सभी की रक्षा करें । जिसको लेकर घरों में भी साफ-सफाई एवं कलश स्थापित के लिए महिलाएं तथा पुरुष सामानों की खरीदारी में भी लगे हैं । वहीं प्रशासन द्वारा भी प्रथम दिन से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर विभिन्न दुर्गा मंदिरों में महिला पुलिस एवं पुलिसकर्मी ड्यूटी पर पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे । पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी भक्तों को कोई समस्या न हो । इसके लिए विभिन्न दुर्गा मंदिरों पर महिला पुलिस की भी तैनाती की गई है।

समस्या समाधान के नाम पर लगा मजमा,निबटा सिर्फ एक

घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार अनीश सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी। कुल 12 मामले आए, जिनमें राजस्व के आठ और पुलिस से संबंधित चार मामले शामिल रहे। इनमें पुलिस विभाग से जुड़े एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष मामलों को संबंधित अधिक. ारियों और कर्मचारियों को सौंपते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार अनीश सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। राजस्व से जुड़े मामलों में संबंधित कर्मचारी मौके की जांच कर तथ्यों के आधार पर काररवाई करें ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। फरियादियों की समस्याओं को सुनकर नियमानुसार काररवाई करना प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उपनिरीक्षक विजय शंकर, उपनि. रीक्षक सनाउल्लाह, कानूनगो मतीन खान, लेखपाल अरविंद पांडेय, गौरव राय, नगर पंचायत के शादाब खान सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

मुलायम सिंह की पुण्यतिथि में पहुंचे अब्बास अंसारी

घोसी में भी याद किये गये धरती पुत्र

मऊ। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपा कार्यालय पर मनायी गयी। जिसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी का पहुँचना चर्चा का विषय बना रहा।

घोसी(मऊ)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को घोसी स्थित सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रामकृष्ण यादव, विधानसभा अध्यक्ष लालचंद यादव, नगर अध्यक्ष खुर्शीद खान, फजल खान सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंडल सम्मेलन ३१ को

मऊ। ईपीएस- राष्ट्रीय संघर्ष समिति के तत्वावधान में न्यूनतम पेंशन में सम्मानजनक बढ़ोतरी की मांगों को लेकर जारी देशव्यापी आंदोलन को और अधिक संगठित, मजबूत एवं गतिशील बनाने के लिए आगामी 31 अक्टूबर को मऊ जिले में एक विशाल मण्डल सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

हाईटेंशन तार से झुलसी बालिका को देखने अस्पताल पहुंचे ऊर्जा मंत्री

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचकर हाईटेंशन तार से झुलसी सहादतपुरा निवासी प्रदीप तिवारी की पुत्री दीपिका तिवारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से दीपिका के उपचार के संबंध में विस्तार से बातचीत की और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने दीपिका के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए चिकित्सकों से उनके उपचार में पूरी संवे. दनशीलता और तत्परता के साथ आवश्यक कदम उठाने को कहा। मंत्री श्री शर्मा ने दीपिका के माता



पिता से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में दीपिका के उपचार के लिए सरकारी एवं व्यक्तिगत स्तर पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने परि. जनों को आश्वस्त किया कि दीपिका के स्वास्थ्य और उपचार से संबंधित आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता बरती जाएगी तथा उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बॉझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बॉझपन रोग विशेषज्ञ
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में
उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पत्ति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्राणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
नि:सन्तान
9250206423, 8948943074
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi.
रामगनोहर लोहिया, नई दिल्ली
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
शिवम हास्पिटल
महुआबाग, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीमपुरा, राज पैलेस के बगल में, मऊ
सुविधा:
पी.आई.सी.यू
एन.आई.सी.यू
आधुनिक ओ.टी सुविधा
नीओ इनफेक्शियस डिसीजेज
इनवेसिव वेंटिलेशन
जी.बी.ए.पी.
ड्रीमर सिलिकोसी एवं
हार्ट रिस्क सिलिकोसी

SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मॉनिटर
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपैडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है

विश्वजीत क्लीनिक
चांदमारी
डा.ओ.पी.सिंह
इमिलिया
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
फातिमा अस्पताल
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
के पीछे मऊ
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय
M.B.B.S., MS
(फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव
M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव
B.A.M.S.
(स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहां आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीक्स, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U.
की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma)
9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर
अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ
पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

पुलिस ने पैसा होल्ड कराकर १५ हजार कराये वापस

मधुबन(मऊ)। रामपुर थाना की साइबर टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गलती से अन्य खाते में भेजी गई 15,000 रुपये की पूरी धनराशि शनिवार को आवेदक के खाते में वापस कराया है। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर फ्राड रोकथाम व जागरूकता अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मधुबन दिनेश दत्त मिश्रा व थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज के कुशल नेतृत्व में थाना रामपुर साइबर टीम को यह सफलता मिली। थाना स्थानीय के निवासी मेराज अहमद पुत्र दिलशाद निवासी मीरपुर मझौवा



थाना रामपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके द्वारा गलती से अन्य खाते में कुल 15,000 रुपये भेज दिए गए हैं। आवेदक ने 29 जुलाई026 को 1930 पर काल कर पूरी शिकायत दर्ज कराई, जो जांच हेतु थाना रामपुर को प्राप्त हुई। आवेदक की शिकायत पर काररवाई करते हुए आवेदक के खाते से ट्रांसफर की गई संपूर्ण धनराशि को होल्ड कराते हुए शनिवार को आवेदक के खाते में वापस कराए गए।पीड़ित ने साइबर टीम रामपुर तथा पुलिस विभाग की प्रशंसा की है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय काझा का सीडीओ ने लिया जायजा

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया द्वारा आज विकास खण्ड रानीपुर के रामबन काझा स्थित नवनिर्मित उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास के भवनों का भवन हस्तांतरण जांच समिति के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एकेडमिक ब्लाक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं, स्टाफ रूम, एनसीसी रूम, स्पोर्ट्स रूम तथा शौचालयों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही बालिका छात्रावास के भवन का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भवनों की गुणवत्ता, निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का नियमानुसार परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यालय एवं छात्रावास का हस्तांतरण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा सके तथा छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में धमके एसपी,तीन मामलों का किया समाधान

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। पुलिस अधीक्षक मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा ने शनिवार को थाना मुहम्मदाबाद गोहना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर समेत विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। अभिलेखों को समय से अद्यतन करने तथा गैंगस्टर, गुंडा एक्ट और हिस्ट्रीशीटर मामलों में त्वरित काररवाई के निर्देश दिए। एसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, शौचालय और थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षियों को फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनने और निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी जायजा लिया और स्वच्छता का उच्च स्तर बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत वर्मा सहित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत वर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने समाधान के लिए आये नौ मामलों में तीन का समाधान किया।

दंगल १७ को

सूरजपुर (मऊ)। स्वर्गीय किशोर पहलवान की स्मृति में 17 अक्टूबर शनिवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन बसिया राम किया जाएगा। दंगल में मऊ आजमगढ़ वाराणसी, गोरखपुर, गाजीपुर, मेरठ और दिल्ली समेत विभिन्न क्षेत्रों के पहलवान भाग लेंगे। आयोजक राष्ट्रीय पहलवान एवं जिला पंचायत सदस्य गोविन्द चंद यादव ने क्षेत्र की सम्मानित जनता से दंगल में पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करने और आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

पितरों की विदाई

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। शनिवार को पितृ विसर्जन के साथ पितृ पक्ष का समापन हो गया। आखिरी दिन पिण्डदान के साथ पितरों को विदा करने के बाद लोगों ने ब्राम्हणों को दान-पुण्य किया।

मंडल प्रतियोगिता में टाउन इण्टर कालेज ने फहराया परचम

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। आजमगढ़ मंडल में शुक्रवार को आयोजित एकदिवसीय मंडल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में टाउन इंटर कालेज, मुहम्मदाबाद गोहना के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विभिन्न कला विधाओं में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के 11 छात्र-छात्राओं ने पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित तहसील और जनपद का नाम रोशन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक, आजमगढ़ मंडल राजेश आर्या तथा नोडल अधिकारी शशि प्रभा ने किया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में टाउन इंटर कालेज के कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दृश्य कला द्विविमीय श्रेणी में कक्षा 10 की आकांक्षा मौर्य तथा त्रिविमीय श्रेणी में कक्षा 12 के शुभम विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताल वादक एकल प्रतियोगिता में कक्षा 10 के सत्यम मौर्य ने बाजी मारी। वहीं, नाटक समूह प्रतियोगिता में संजना मल्होत्रा, किरण रंजन यादव और साक्षी शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। समूह वादन प्रतियोगिता में चंदन मोदनवाल, कुमारी वैष्णवी, सोनप्रिया और अंजलि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि राजेश आर्या ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अब ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में आजमगढ़ मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मऊ के नोडल अधिकारी रामजी पांडेय, बलिया के नोडल अधिकारी इफ्तेखार अहमद, टाउन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा. रविंद्र नाथ यादव सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नवरात्र को लेकर पुलिस सतर्क

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार को चौकी प्रभारी नवीन कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान सूरजपुर चकेश्वर महुआबारी और परीखापुर समेत विभिन्न चट्टी चौराहों पर मांस-मछली बेचने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। पुलिस ने नवरात्र के दौरान प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने और नियमों का उल्लंघन नहीं करने की हिदायत दी। चौकी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार काररवाई की जाएगी।

गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया द्वारा विकास खण्ड रानीपुर के मिर्जापुर स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौ आश्रय स्थल में गोवंश के रख-रखाव एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने गोवंश के लिए पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई तथा उचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुरली को नयी जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी

मऊ। मुरली मनोहर पाण्डेय को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी लेवर सेल का राष्ट्रीय महासचिव और झारखण्ड, बिहार व उत्तराखण्ड का प्रभारी नियुक्ति किया गया । मुरली मनोहर पाण्डेय के मनोनयन के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नियुक्ति पर कैम्प कार्यालय मऊ पर कार्यकर्ताओं ने मुरली मनोहर पाण्डेय का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रक. ाश कन्नौजिया, मण्डल उपाध्यक्ष मोनिका राय, राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रिंस प्रजापति, राहुल पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष आदर्श पाण्डेय हैप्पी, प्रदेश महासचिव आदर्श पण्डित, विनीत चौहान, अशोक सिंह, गौरव पाण्डेय, कृष्णानन्द सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रघुबीर यादव, धनन्जय मिश्रा,जिलाध्यक्ष गाजीपुर मनोज कुमार, डा0 सत्यप्रकाश, सतीश चन्द यादव उर्फ मिन्टू, ममता राय, विजय कुमार ने बधाई दी।

कब्रिस्तान का गेट काट ले गये चोर

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अधवारा में शुक्रवार की रात कब्रिस्तान में लगा लोहे का गेट काट कर अज्ञात चोर चम्पत हो गये। जिसको लेकर एक समुदाय के दर्जनों लोगों ने थाने में तहरीर देकर काररवाई की मांग किया है । ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सार्वजनिक कब्रिस्तान के मुख्य गेट पर लोहे का गेट लगा हुआ था। जिसको काट कर अज्ञात चोर ले कर चले गए हैं। जिसकी जांच कर काररवाई की मांग किया है । जिसमें मुख्य रूप से खुर्शीद अहमद, नेयाज अहमद, अनीस, असफाक अहमद, अलियास अहमद, हबीब अहमद शामिल रहे।

या देवी सर्वभूतेषु...

शारदीय नवरात्र हिन्दू कलेंडर के अनुसार हर वर्ष अश्विन मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा से नवमी तक और अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार सितंबर से अक्तूबर के बीच में मनाया जाता है। आश्विन मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नौ दिन तक चलने वाला नवरात्र 'शारदीय नवरात्र' कहलाता है। 'नव' का शाब्दिक अर्थ नौ है। इसके अतिरिक्त इसे नव अर्थात नया भी कहा जा सकता है। शारदीय नवरात्रों में दिन छोटे होने लगते हैं। मौसम में परिवर्तन प्रारंभ हो जाता है। प्रकृति सर्दी की चादर में सिकुड़ने लगती है। ऋतु के परिवर्तन का प्रभाव जनों को प्रभावित न करे इसलिए प्राचीनकाल से ही इस दिन से नौ दिनों के उपवास का विधान है। नवरात्रों में माता के नौ रूपों की आराधना की जाती है। माता के इन नौ रूपों को हम देवी के विभिन्न रूपों की उपासना, उनके तीर्थों के माध्यम समझ सकते हैं। वर्ष में दो बार नवरात्र रखने का विधान है। चैत्र मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नौ दिन अर्थात नवमी तक और इसी प्रकार ठीक छह मास बाद आश्विन मास, शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से विजयादशमी से एक दिन पूर्व तक माता की साधना और सिद्धि प्रारंभ होती है। दोनों नवरात्रों में शारदीय नवरात्रों को ज्यादा महत्व दिया जाता है।

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।

तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति। चतुर्थकम्।।

पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठम् कात्यायनीति च।

सप्तम् कालरात्रीति। महागौरीति चाष्टमम्।।

नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा- प्रकीर्तिताः।

उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मनाः।।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै ....

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में शक्ति रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। या देवी सर्वभूतेषु मातृ-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सभी प्राणियों में माता के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषू कान्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सभी प्राणियों में तेज, दिव्यज्योति, उर्जा रूप में विद्यमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। या देवी सर्वभूतेषू जाति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जाति - जन्म, सभी वस्तुओं का मूल कारण जो देवी सभी प्राणियों का मूल कारण है, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु दया-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में दया के रूप में विद्यमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु शांति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी समस्त प्राणियों में शान्ति के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषू क्षान्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में सहनशीलता, क्षमा के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धि-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सभी प्राणियों में बुद्धि के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। आपको मेरा बार-बार प्रणाम है।

या देवी सर्वभूतेषु विद्या-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में विद्या के रूप में विराजमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ।

या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धा-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी समस्त प्राणियों में श्रद्धा, आदर, सम्मान के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ।

या देवी सर्वभूतेषु भक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में भक्ति, निष्ठा, अनुराग के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है। आपको मेरा बार-बार प्रणाम है।

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मी-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में लक्ष्मी, वैभव के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु क्षुधा-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी समस्त प्राणियों में भूख के रूप में विराजमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु तुष्टि-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में सन्तुष्टि के रूप में विराजमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु निद्रा-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सभी प्राणियों में आराम, नींद के रूप में विराजमान हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभि-धीयते। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ जो देवी सब प्राणियों में चेतना कहलाती हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

(चेतना - स्वयं के और अपने आसपास के वातावरण के तत्वों का बोध होने, उन्हें समझने तथा उनकी बातों का मूल्यांकन करने की शक्ति)

प्रथम शैलपुत्री



हिमालय का एक नाम शैलेंद्र या शैल भी है। शैल मतलब पहाड़, चट्टान। देवी दुर्गा ने पार्वती के रुप में हिमालय के घर जन्म लिया। उनकी मां का नाम था मैना। इसी कारण देवी का पहला नाम पड़ा शैलपुत्री यानी हिमालय की बेटी। मां शैलपुत्री की पूजा, धन, रोजगार और स्वास्थ्य के लिए की जाती है। शैलपुत्री सिखाती है कि जीवन में सफलता के लिए सबसे पहले इरादों में चट्टान की तरह मजबूती और अडिगता होनी चाहिए।

द्वितीय ब्रह्मचारिणी



ब्रह्मचारिणी का अर्थ है, जो ब्रह्मा के द्वारा बताए गए आचरण पर चले। जो ब्रह्म की प्राप्ति कराती हो। जो हमेशा संयम और नियम से रहे। जीवन में सफलता के लिए सिद्धांत और नियमों पर चलने की बहुत आवश्यकता होती है। इसके बिना कोई मंजिल नहीं पाई जा सकती। अनुशासन सबसे ज्यादा जरूरी है। ब्रह्मचारिणी की पूजा पराशक्तियों को पाने के लिए की जाती है। इनकी पूजा से कई सिद्धियां मिलती हैं।

तृतीय चंद्रघंटा



ये देवी का तीसरा रूप है, जिसके माथे पर घंटे के आकार का चंद्रमा है, इसलिए इनका नाम चंद्रघंटा है। ये देवी संतुष्टि की देवी मानी जाती है। जीवन में सफलता के साथ शांति का अनुभव तब तक नहीं हो सकता है, जब तक कि मन में संतुष्टि का भाव ना हो। आत्म कल्याण और शांति की तलाश जिसे हो, उसे मां चंद्रघंटा की आराधना करनी चाहिए।

चतुर्थकम् कूष्मांडा



कुष्मांडा देवी का चौथा स्वरूप है। ग्रंथों के अनुसार इन्हीं देवी की मंद मुस्कार से अंड यानी ब्रह्मांड की रचना हुई थी। इसी कारण इनका नाम कूष्मांडा पड़ा। ये देवी भय दूर करती हैं। भय यानी डर ही सफलता की राह में सबसे बड़ी मुश्किल होती है। जिसे जीवन में सभी तरह के भय से मुक्त होकर सुख से जीवन बिताना हो, उसे देवी कुष्मांडा की पूजा करनी चाहिए।

पंचम् स्कंदमाता



भगवान शिव और पार्वती के पहले पुत्र हैं कार्तिकेय, उनका ही एक नाम है स्कंद। कार्तिकेय यानी स्कंद की माता होने के कारण देवी के पांचवें रुप का नाम स्कंद माता है। उसके अलावा ये शक्ति की भी दाता हैं। सफलता के लिए शक्ति का संचय और सृजन की क्षमता दोनों का होना जरूरी है। माता का ये रूप यही सिखाता है और प्रदान भी करता है।

षष्ठम् कात्यायनी



कात्यायिनी ऋषि कात्यायन की पुत्री हैं। कात्यायन ऋषि ने देवी दुर्गा की बहुत तपस्या की थी और जब दुर्गा प्रसन्न हुई तो ऋषि ने वरदान में मांग लिया कि देवी दुर्गा उनके घर पुत्री के रुप में जन्म लें। कात्यायन की बेटी होने के कारण ही नाम पड़ा कात्यायिनी। ये स्वास्थ्य की देवी हैं। रोग और कमजोर शरीर के साथ कभी सफलता हासिल नहीं की जा सकती।

सप्तम् कालरात्रि



काल यानी समय और रात्रि मतलब रात। जो सिद्धियां रात के समय साधना से मिलती हैं उन सब सिद्धियों को देने वाली माता कालरात्रि हैं। आलौकिक शक्तियों, तंत्र सिद्धि, मंत्र सिद्धि के लिए इन देवी की उपासना की जाती है। ये रूप सिखाता है कि सफलता के लिए दिन-रात के भेद को भूला दीजिए। जो बिना रुके और थके, लगातार आगे बढ़ना चाहता है वो ही सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है।

अष्टम महागौरी



देवी का आठवा स्वरूप है महागौरी। गौरी यानी पार्वती, महागौरी यानी पार्वती का सबसे उत्कृष्ट स्वरूप। अपने पाप कर्मों के काले आवरण से मुक्ति पाने और आत्मा को फिर से पवित्र और स्वच्छ बनाने के लिए महागौरी की पूजा और तप किया जाता है। ये चरित्र की पवित्रता की प्रतीक देवी हैं, सफलता अगर कलंकित चरित्र के साथ मिलती है तो वो किसी काम की नहीं, चरित्र उज्जवल हो तो ही सफलता का सुख मिलता है।

नवम सिद्धिदात्री



ये देवी सारी सिद्धियों का मूल हैं। देवी पुराण कहता है भगवान शिव ने देवी के इसी स्वरूप से कई सिद्धियां प्राप्त की। शिव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में जो आधी देवी हैं वो ये सिद्धिदात्री माता ही हैं। हर तरह की सफलता के लिए इन देवी की आराधना की जाती है। सिद्धि के अर्थ है कुशलता, कार्य में कुशलता और सलीका हो तो सफलता आसान हो जाती है।

नवरात्र में मां जगतजननी भगवती देती हैं सुख-समृद्धि का वरदान

जगतजननी माँ दुर्गा जगदम्बा की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र का शुभारम्भ 11 अक्टूबर, रविवार को हो रहा है। पूजा-अर्चना श्रद्धा व धार्मिक आस्था एवं भक्तिभाव के साथ करने की परम्परा है। शारदीय नवरात्र में दुर्गा सप्तशती के अनुसार भगवती की पूजा से सुख व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। जीवन धनधान्य से परिपूर्ण रहता है। शरद ऋतु में दुर्गाजी की महापूजा से सभी प्रकार की बाधाओं की निवृत्ति होती है। शारदीय नवरात्र में विशेषकर शक्तिस्वरूपा माँ दुर्गा, लक्ष्मी एवं सरस्वती जी की विशेष आराधना फलदायी मानी गई है। श्रद्धा भक्ति के साथ व्रत उपवास रखकर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना करना विशेष पुण्य फलदायी रहता है। इस बार भगवती का आगमन गज (हाथी) पर हो रहा है, जबकि गमन मुर्गा पर होगा। जिसके फलस्वरूप सम्पूर्ण विश्व में शुभफलदायी बताया गया है। ज्योर्तिविद् विमल जैन जी ने बताया कि व्रतकर्ता को प्रात:काल सूर्योदय के ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर स्नान-ध्यान, पूजा-अर्चना के पश्चात् अपने दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गन्ध व कुश लेकर भगवती माँ दुर्गा की पूजा का संकल्प लेना चाहिए। माँ जगदम्बा के नियमित पूजा में कलश की स्थापना की जाती है। कलश स्थापना के पूर्व श्रीगणेशजी का विधिविधान पूर्वक पूजन करना चाहिए। व्रतकर्ता को प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर स्नान-ध्यान, पूजा-अर्चना के पश्चात् अपने दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गन्ध व कुश लेकर भगवती माँ दुर्गा की पूजा एवं व्रत का संकल्प लेना चाहिए। माँ जगदम्बा के नियमित पूजा में कलश की स्थापना की जाती है। कलश स्थापना के पूर्व श्रीगणेशजी का विधिविधान पूर्वक पूजन करना चाहिए। कलश स्थापना का सर्वश्रेष्ठ शुभमुहूर्त 11 बजकर 36 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक (अभिजीत मुहूर्त) है। इस बार 11 अक्टूबर, रविवार को चित्रा नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 33 मिनट तक तथा वैधृति योग (भद्रा) रात्रि 9 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। भद्रा में कलश स्थापना नहीं की जाती। कलश स्थापना के लिए कलश लोहे या स्टील का नहीं होना चाहिए। कलश स्वर्ण, रजत या मिट्टी का होना चाहिए। कलश जलपूरित होना चाहिए, कलश पर स्वस्तिक बना होना चाहिए, कलश के ऊपर कलावा या मौली बँधा होना चाहिए। कलश में पुष्प, नकद द्रव्य, चावल, रोली आदि छोड़ देना चाहिए। कलश को माँ जगदम्बा का स्वरूप मानकर पूजा की जाती है। शुद्ध मिट्टी में जौ के दाने भी बोए जाते हैं। माँ जगदम्बा को लाल चुनरी, अढ़उल के फूल की माला, नारियल, ऋतुफल, मेवा व मिष्ठान आदि अर्पित किए जाते हैं। प्रथम-शैलपुत्री, द्वितीय-ब्रह्मचारिणी, तृतीय-चन्द्रघण्टा, चतुर्थ-कुष्माण्डा देवी, पंचम-स्कन्दमाता, षष्ठ-कात्यायनी, सप्तम-कालरात्रि, अष्टम-महागौरी एवं नवम्-सिद्धिदात्री। जिसमें भगवती की प्रसन्नता के लिए शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना करके सम्पूर्ण नवरात्र में व्रत या उपवास रखकर श्रीदुर्गासप्तशती के पाठ व मन्त्र का जप करना कल्याणकारी रहता है। एक दिन, तीन दिन, पाँच दिन, सात दिन अथवा नौ दिन के व्रत का नियम है। नवरात्र के प्रारम्भ व अन्तिम दिन के व्रत को एकरात्र (एकदिनी) व्रत कहा जाता है। प्रतिपदा एवं नवमी तिथि के दिन एक बार भोजन किया जाए, उसे द्विरात्र (दो दिनी) व्रत कहा जाता है। सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी तिथि को एक बार भोजन करने का विधान है, जिसे त्रिरात्र (तीन दिनी) व्रत कहा जाता है। एकरात्र, द्विरात्र, त्रिरात्र, पंचरात्रि व सप्तरात्रि एवं नवरात्रि व्रत की विशेष महिमा है। पंचमी तिथि के दिन केवल एक बार, षष्ठी तिथि के दिन केवल रात्रि में, सप्तमी तिथि को जो भी (फलाहार) प्राप्त हो जाए और अष्टमी तिथि को सम्पूर्ण दिन उपवास रखना तथा नवमी तिथि को एक बार भोजन करने का विधान है। नवरात्र में व्रत रखने के पश्चात् व्रत की समाप्ति पर हवन आदि करके कुमारी कन्याओं एवं बटुक का पूजन करके उन्हें पौष्टिक व रुचिकर भोजन करवाना चाहिए। तत्पश्चात् उन्हें नव वस्त्र, ऋतुफल, मिष्ठान्न तथा नगद द्रव्य आदि देकर उनके चरणस्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इस बार नवरात्र नौ दिन का है। इस बार सप्तमी तिथि की वृद्धि है। नवरात्र 11 अक्टूबर, रविवार से प्रारम्भ होकर 20 अक्टूबर, मंगलवार तक रहेगा।